Weather Report
अधिकतम तापमान: 32.0c
न्यूनतम तापमान: 21.0c
हवा गति: 11 कि./घं.
जयपुर सूर्योदय समय
सुबह: 6.06

दैनिक
संजीवनी टुडे
sanjeevnitoday.com
समय के साथ बढ़ता अखबार

वर्ष: 10 अंक: 301 जयपुर, बुधवार, 03 अप्रेल 2024 पृष्ठ:8 मूल्य: ` 1.50

अब होगी खुशियों की बात संजीवनी टुडे के साथ
जन्मदिवस, वैवाहिक वर्षगांठ एवं नियुक्ति बधाई संदेश
मात्र 1100/- में
साईज 8x10 cm
संजीवनी टुडे

पीएम बोले- भाजपा मतलब विकास और समाधान

कांग्रेस का मतलब देश की हर बीमारी की जड़, तीसरा टर्म ऐतिहासिक फैसलों वाला होगा

■ संजीवनी टुडे

कोटपूतली (जयपुर)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज राजस्थान मे भाजपा के चुनावी अभियान की शुरुआत की। जयपुर के पास कोटपूतली में मोदी ने कहा कि यह पहला चुनाव है जब भ्रष्टाचारी मिलकर भ्रष्टाचार पर हो रही कार्रवाई रोकने के लिए रैली कर रहे हैं। कांग्रेस गठबंधन देश के लिए, अपने परिवार को बचाने के लिए चुनाव लड़ रहे हैं। मोदी ने कहा कि आज देश में भाजपा का मतलब है, विकास और समाधान, लेकिन कांग्रेस का मतलब है- देश की हर बीमारी की जड़। आप देश की कोई बड़ी समस्या देखेंगे तो उसकी जड़ में कांग्रेस पार्टी ही नजर आएगी। सात दशकों तक देश में गरीबी रही, डिफेंस टेक्नोलॉजी में दूसरे देशों की तरफ देखना पड़ा, यह सब कांग्रेस की वजह है। मोदी ने कहा- वो कहते हैं कि मेरा परिवार नहीं है, इसलिए मुझे भ्रष्टाचार की जरूरत नहीं है। उनका परिवार है तो क्या भ्रष्टाचार करने का लाइसेंस मिल जाता है क्या? मोदी ने कहा कि बहुत कुछ हुआ होगा, लेकिन दस साल में जो हुआ, वो सिर्फ ट्रेलर है। भाजपा सरकार का तीसरा कार्यकाल ऐतिहासिक निर्णयों वाला होने वाला है। कांग्रेस ने देश को डराकर रखा कि राम मंदिर का नाम लिया तो देश जल जाएगा, आग लग जाएगी। भव्य राम मंदिर बना। दीपक जले और कहीं आग भी नहीं लगी। इस सभा के जरिए वे जयपुर ग्रामीण सहित इससे सटी दो अन्य लोकसभा सीट सीकर और अलवर को भी साधने की कोशिश की। इस लोकसभा चुनाव में राजस्थान में मोदी की पहली सभा थी।

कांग्रेस की लगाई हुई आग को बुझा रहा हूं : मोदी

मोदी ने कहा कि जनता के दरबार में हार चुका इंडिया गठबंधन कैसे मंसूबे पाल चुका है, इसकी झलक दिख रही है। कांग्रेस के बड़े नेता खुद के जीतने की बात नहीं कर रहे हैं, लेकिन देश को धमकी दे रहे हैं कि अगर बीजेपी जीती तो देश में आग लग जाएगी। मोदी दस साल से बैठा है, तुम्हारी लगाई हुई आग को बुझा रहा है। कांग्रेस के लोगों ने अपने खतरनाक इरादे जताना शुरू कर दिए हैं।

भव्य मंदिर बना, लेकिन आग नहीं लगी : मोदी

मोदी ने कहा कि इन लोगों ने डरा कर रखा कि राम मंदिर का नाम भी लोगे तो देश जल जाएगा। आग लग जाएगी। भव्य राम मंदिर बना। दीपक जले, लेकिन आग नहीं लगी। दस साल में जो हुआ, वो ट्रेलर है। अभी बहुत कुछ बाकी है। भाजपा सरकार का तीसरा कार्यकाल ऐतिहासिक निर्णय वाला होने वाला है। लोग कहते हैं कि मोदीजी अब बहुत हो गया, अब आराम करो, लेकिन मोदी मौज करने के लिए पैदा नहीं हुआ। मोदी मेहनत करने के लिए पैदा हुआ है।

सवाल उठाता हूं, इसलिए मुझे गालियां देते हैं

मोदी ने कहा कि मैं उनके भ्रष्टाचार पर सवाल उठाता हूं, इसलिए मैं उनके निशाने पर हूं। वे मुझे गालियां देते हैं और कह देते हैं कि मोदी का कोई परिवार नहीं है, इसलिए भ्रष्टाचार की जरूरत नहीं है। उनका परिवार है तो क्या भ्रष्टाचार करने का लाइसेंस मिल जाता है क्या? मेरा परिवार देश की जनता है। मोदी ने कहा कि यह पहला ऐसा चुनाव है, जब परिवारवादी पार्टियां अपने परिवार को बचाने के लिए रैली पर रैली करते जा रहे हैं। ये पहला ऐसा चुनाव है, जिसमें सारे भ्रष्टाचारी मिलकर भ्रष्टाचार पर कार्रवाई रोकने के लिए रैली कर रहे हैं। मैं कहता हूं, भ्रष्टाचार हटाओ।

मैंने सब कुछ पूरा करने का दावा कभी नहीं किया : मोदी

मोदी ने कहा कि 2014 तक 20 हजार किमी रेल लाइन बिजली से जुड़ी थी, दस साल में मोदी ने 40 हजार किमी से ज्यादा रेल लाइन को बिजली से जोड़ दिया। मोदी ने कहा कि भारत की सफलता के बीच मैंने कभी यह दावा नहीं किया कि दस साल में हमने सब कुछ पूरा कर दिया। लेकिन यह भी सत्य है कि जो काम आजादी के बाद पांच-छह दशकों में नहीं हो पाए, वह काम हमने करके दिखाए हैं। देश को जिस गति की जरूरत थी, हमने उस गति से काम किया है। कांग्रेस ने केवल गरीबी हटाओ का नारा दिया, भाजपा ने 25 करोड़ लोगों को गरीबी से बाहर निकाल कर दिखा दिया है। उन्होंने ऐसा डराकर रखा कि अनुच्छेद 370 को कोई छुएगा तो भयंकर करंट लग जाएगा। उन्हें पता नहीं है कि यह मोदी है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि एक और देश को परिवार मानने वाली भाजपा है, तो दूसरी और अपने परिवार को देश से बड़ा मानने वाली कांग्रेस है। भाजपा दुनिया में भारत का गौरव बढ़ाने वाली है, तो दूसरी ओर कांग्रेस विदेश में जाकर भारत को गाली देने वाली है। ऐसी देश-विरोधी ताकतों के खिलाफ राजस्थान हमेशा ढाल बनकर खड़ा रहा है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विपक्षी दलों को बदलने के लिए मजबूर कर दिया है। कांग्रेस ने गरीबी दूर करने के नारे लगाए, लेकिन 2014 के बाद गरीबी दूर करने का काम मोदी ने किया है। इतना बड़ा परिवर्तन देश में उन्होंने किया है।

पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह आज राज्यसभा से रिटायर

उनकी जगह सोनिया गांधी पहली बार सदन पहुंचेंगी, कुल 54 सांसदों का कार्यकाल खत्म

■ संजीवनी टुडे

नई दिल्ली। पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह 33 साल बाद आज राज्यसभा से रिटायर हो रहे हैं। वे 1991 में सबसे पहली असम से राज्यसभा पहुंचे थे। आखिरी बार वे 2019 में राजस्थान से राज्यसभा सांसद बने। उनकी जगह अब कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी पहली बार राज्यसभा पहुंचेंगी। 20 फरवरी को उन्हें राज्यसभा के लिए निर्विरोध चुना गया था। मनमोहन सिंह 2019 में छठी बार लगातार निर्विरोध राज्यसभा सदस्य बने थे। राजस्थान में भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष मदन लाल सैनी के निधन के बाद खाली हुई सीट पर बचे हुए कार्यकाल के लिए मनमोहन सिंह निर्वाचित हुए थे। भाजपा ने उनके खिलाफ कोई उम्मीदवार नहीं उतारा था। राजस्थान से पहले वे पांच बार असम से राज्यसभा सांसद चुने गए थे। राज्यसभा से कुल 54 सांसदों का कार्यकाल अप्रैल में खत्म हो रहा है। इनमें से 49 सांसद 2 अप्रैल को सदन से रिटायर हुए। वहीं, मनमोहन सिंह समेत 5 सांसदों का कार्यकाल आज (3 अप्रैल) खत्म हो रहा है। इन 54 सांसदों में 9 केंद्रीय मंत्री भी शामिल हैं। मंगलवार को कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने मनमोहन सिंह को खत लिखा। इसमें उन्होंने कहा- अब आप सक्रिय राजनीति में नहीं होंगे, लेकिन आपकी

आवाज जनता के लिए लगातार उठती रहेगी। तीन दशकों से अधिक समय तक आपने सेवा की है। आपके रिटायरमेंट से एक युग का अंत हो गया है। बहुत कम लोगों ने देश और उसके लोगों के लिए आपके जितना काम किया है। आपने दिखाया है कि ऐसी आर्थिक नीतियों को आगे बढ़ाना संभव है जो बड़े उद्योगों, युवा उद्यमियों, छोटे व्यवसायों, वेतनभोगी वर्ग और गरीबों के लिए समान फायदेमंद हों। संसद को आपके ज्ञान और अनुभव की कमी खलेगी। आपके मर्यादित, नपे-तुले, मृदुभाषी लेकिन राजनेता जैसे शब्द झूठ से भरी उन तेज आवाजों के विपरीत हैं, जो वर्तमान राजनीति का संकेत देते हैं। वर्तमान सियासी स्थिति ऐसी है कि बेईमानी की तुलना चतुर नेतृत्व से की जाने लगी है। आप हमेशा मध्य वर्ग और आकांक्षी युवाओं के लिए नायक, उद्योगपतियों और उद्यमियों के लिए मार्गदर्शक तथा उन सभी गरीबों के लिए संरक्षक बने रहेंगे।

दिल्ली शराब नीति केस- आप सांसद संजय सिंह को जमानत

सुप्रीम कोर्ट में ईडी ने बेल का विरोध नहीं किया, 6 महीने से जेल में हैं

■ संजीवनी टुडे

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को आप के राज्यसभा सांसद संजय सिंह को जमानत दे दी। मनी लॉन्ड्रिंग केस में संजय सिंह को पिछले साल 4 अक्टूबर को गिरफ्तार किया गया था। संजय सिंह के वकील ने कहा कि वे केस में अपने रोल से जुड़ा कोई बयान नहीं देंगे। सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई के दौरान क्क से सवाल किया था कि क्या संजय सिंह को और ज्यादा दिन जेल में रखे जाने की जरूरत है। कोर्ट ने यह भी कहा कि हमें यह भी देखना होगा कि गवाहों के सामने उनके बयान हुए। 6 महीने तक वे जेल में रहे। क्कने अदालत से कहा कि हमें कोई ऐतराज नहीं है। इसके बाद अदालत ने संजय सिंह को जमानत देने का फैसला सुनाया। दिल्ली शराब घोटाला केस में इसी साल जनवरी में ईडी ने अपनी चार्जशीट में संजय सिंह का नाम जोड़ा था। मई 2023 में संजय सिंह ने दावा किया कि ईडी ने उनका नाम गलती से जोड़ दिया है। ईडी ने इस पर कहा- हमारी चार्जशीट में संजय सिंह का नाम चार जगह लिखा गया है। इनमें से तीन जगह नाम सही लिखा गया है। सिर्फ एक जगह टाइपिंग की गलती हो गई थी। ईडी की चार्जशीट में संजय सिंह पर 82 लाख रुपए का चंदा लेने का जिक्र है। इसको लेकर ही 4

अक्टूबर को ईडी उनके घर पहुंची थी और उनसे 10 घंटे की लंबी पूछताछ के बाद उन्हें गिरफ्तार कर लिया था।। दिल्ली शराब नीति केस में क्ककी दूसरी सप्लीमेंट्री चार्जशीट 2 मई को जारी की गई थी। जिसमें आप सांसद राघव चड्ढा का भी नाम सामने आया था। हालांकि उन्हें आरोपी नहीं बनाया। संजय सिंह की मां राधिका सिंह ने कहा- आज सुबह संजय से मिले थे, लेकिन इस बारे में (जमानत) कुछ नहीं बताया। भगवान ने हमारी सुन ली। उस दिन के बारे में मत पूछिए जब हमारा लड़का हमारे सामने गया, हम बहुत रोए हैं।

ईडी ने बेल का विरोध नहीं किया

संजय सिंह के वकील ऋषिकेश कुमार ने बताया- लंच के पहले और लंच के बाद 2 कार्यवाही हुई। लंच के पहले कोर्ट ने कहा कि जैसी बहस हुई है उस आधार पर संजय सिंह के खिलाफ कोई सबूत नहीं मिला है। आप इस पर निर्देश लेकर आएं और बताएं कि आप क्या करना चाहते हैं, क्योंकि अगर हमने ऑर्डर में लिख दिया कि इनके खिलाफ कोई केस नहीं बनता है तो ये आपके लिए नुकसानदेह हो सकता है। इस पर ईडी ने कहा कि हमें कोई दिक्कत नहीं है, इन्हें बेल दे दी जाए। जो ईमानदार रहता है उसकी भगवान कभी ना कभी सुनते हैं। राधिका सिंह ने कहा- बिना किसी सबूत के ऐसे ही हमारे लड़के को पकड़ ले गए। वो बीमार है, पेट में तकलीफ है। हमारा बेटा निर्दोष है, ईमानदार है उसे बेल तो मिलनी ही थी। वैसे तो उसे जेल जाना ही नहीं था, लेकिन जबरदस्ती पकड़ कर ले गए थे। संजय जब घर आएंगे तो उसका दिल से स्वागत करेंगे।

राजस्थान में 3 दिन बाद बदलेगा मौसम

बाड़मेर में 39 डिग्री पहुंचा तापमान; जैसलमेर, बीकानेर, चूरू में 3 डिग्री तक बढ़ा पारा

■ संजीवनी टुडे

जयपुर। राजस्थान के कई शहरों में आज तापमान में बढ़ोतरी हुई। जैसलमेर, बीकानेर, चूरू, बाड़मेर में आज अधिकतम तापमान कल की तुलना में 3 डिग्री सेल्सियस तक बढ़ गया। इससे इन शहरों में गर्मी बढ़ गई। हालांकि अब भी यहां तापमान सामान्य से नीचे या उसके आसपास है। इधर, दोपहर बाद मौसम में बदलाव हुआ और पश्चिमी राजस्थान के जिलों में आसमान में हल्के बादल छाए और हल्की हवा भी चली। मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि 3 दिन बाद राजस्थान में एक हल्के प्रभाव का वेस्टर्न डिस्टर्बेंस एक्टिव होगा, जिससे उत्तरी राजस्थान के एरिया में बादल छा सकते हैं। जैसलमेर शहर में मंगलवार को दोपहर बाद मौसम में बदलाव देखने को मिला। हल्के बादल छाने के साथ ठंडी हवा चलने से लोगों को गर्मी से राहत मिली। जैसलमेर शहर में मंगलवार को दोपहर बाद मौसम में बदलाव देखने को मिला। हल्के बादल छाने के साथ ठंडी हवा चलने से लोगों को गर्मी से राहत मिली। मौसम विशेषज्ञों के मुताबिक 5 अप्रैल से उत्तर भारत में एक पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होगा। इस सिस्टम का प्रभाव पंजाब, हरियाणा के अलावा उत्तरी राजस्थान और दिल्ली में भी देखने को मिलेगा। हालांकि राजस्थान सिस्टम कमजोर रहेगा।

सबसे ज्यादा अधिकतम तापमान बाड़मेर में रहा

मौसम केंद्र जयपुर की रिपोर्ट देखें तो जैसलमेर में आज तापमान 2 डिग्री बढ़कर 37.1, बीकानेर में 36.3 और चूरू में 35.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। बाड़मेर में तापमान सबसे ज्यादा 39 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। बाड़मेर में न्यूनतम तापमान 25.2 डिग्री सेल्सियस था। जैसलमेर, जोधपुर, नागौर के एरिया में दोपहर बाद मौसम में थोड़ा बदलाव आया और हल्की हवा चलने के साथ आसमान में बादल छाने लग गए। इन जिलों में बादल छाने के बाद गर्मी से थोड़ी राहत मिली। मौसम विशेषज्ञों के मुताबिक अरब सागर से एक ट्रफ लाइन आने से ये बादलों का समूह राजस्थान में आया।

जयपुर में गर्मी बढ़ी

राजधानी जयपुर में आज दिन का तापमान करीब एक डिग्री सेल्सियस बढ़ गया। आज यहां का तापमान 35.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। जयपुर में सुबह से हल्की हवा चल रही है। जयपुर में रात का न्यूनतम तापमान 21 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। जिससे यहां बारिश होने की संभावना बहुत कम है। उत्तरी राजस्थान के इलाकों में कहीं-कहीं बादल छा सकते हैं, जिससे दिन के तापमान में गिरावट हो सकती है।

चित्रकूट में डंपर और ऑटो की टक्कर, 7 की मौत

■ संजीवनी टुडे

ओवरटेक करने के चक्कर में हादसा; क्रेन से किया गया रेस्क्यू

चित्रकूट। चित्रकूट में मंगलवार सुबह ऑटो और डंपर में आमने-सामने की टक्कर हो गई। हादसे में ऑटो सवार 7 की मौत हो गई, जबकि 1 की हालत गंभीर है। डंपर ड्राइवर मौके से फरार हो गया है। हादसा साढ़े 5 बजे कर्वी मुख?यालय से सटे अमानपुर गांव के पास हाईवे पर हुआ। दरअसल, ऑटो किसी गाड़ी को ओवरटेक कर रहा था, तभी सामने से आ रही डंपर से टकरा गया। दोनों की रफ्तार काफी तेज थी। हादसे के बाद ऑटो पिचक गया। कुछ लोग गाड़ी में फंस गए, तो कुछ छिटक कर हाईवे पर गिर गए। सभी खून से लथपथ थे। मौके पर राहगीरों की भीड़ जमा हो गई। पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने हाईवे पर पड़े लोगों को अस्पताल भेजा। जबकि ऑटो में फंसे लोगों को क्रेन की मदद से निकाला गया। इस दौरान मौके पर ही 3 की मौत हो गई। जबकि 4 ने अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ा। लोगों ने बताया कि मंगलवार सुबह ट्रेन से कुछ श्रद्धालु कर्वी रेलवे स्टेशन पर उतरे। इसके बाद वह ऑटो से चित्रकूट जा रहे थे। ऑटो में ड्राइवर समेत 8 लोग सवार थे। मृतकों में एक युवती समेत 7 लोग हैं। मृतकों में तीन लोग अखिलेश (30) और अनिरुद्ध (22), अतर सिंह (50) कन्नौज के रहने वाले थे। वहीं दो लोग युवती निधि सोनी (19) और उसका भाई धर्मेंद्र सोनी (30) हमीरपुर की रहने वाले थे। वहीं ऑटो ड्राइवर निर्भय निवासी चित्रकूट और अहमदगंज निवासी प्रेमलाल का 17 वर्षीय बेटे सूरज की इलाज के दौरान मौत हो गई है। एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी ने बताया, घायलों में सुमित शामिल है। हादसे के बाद ट्रक को छोड़कर चालक भाग गया है। घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां हालत गंभीर होने पर प्रयागराज रेफर कर दिया गया है।

भ्रामक विज्ञापन केस- रामदेव ने सुप्रीम कोर्ट में माफी मांगी

अदालत ने कहा- यह मान्य नहीं; सरकार से सवाल- आंखें क्यों मूंदे रखीं

■ संजीवनी टुडे

नई दिल्ली। भ्रामक विज्ञापन केस में सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को बाबा रामदेव और पतंजलि आयुर्वेद के मैनेजिंग डायरेक्टर आचार्य बालकृष्ण को जवाब दाखिल करने के लिए आखिरी मौका दिया। अदालत ने कहा कि एक हफ्ते में जवाब दाखिल कीजिए। अगली सुनवाई 10 अप्रैल को होगी। अदालत ने कहा कि सुनवाई पर रामदेव और बालकृष्ण मौजूद रहें। आज सुनवाई के दौरान रामदेव के वकील बलवीर सिंह ने कोर्ट से कहा कि योगगुरु माफी मांगने के लिए यहां मौजूद हैं। भीड़ की वजह से कोर्टरूम नहीं आ पाए। अदालत ने एफिडेविट देखने के बाद फटकार लगाई और कहा कि यह प्रॉपर एफिडेविट नहीं है। जब बलवीर सिंह ने माफीनामा पढ़ा तो अदालत ने कहा कि ऐसे मामलों में आदेशों का उल्लंघन करने वाला माफी मांगता है। हमें रामदेव के वकील का माफीनामा नहीं सुनना। जस्टिस हिमा कोहली और जस्टिस अमानतुल्लाह की बेंच ने कहा, ''हम दोनों के खिलाफ झूठी बयानबाजी का केस चलाने का निर्देश रजिस्ट्रार को देते हैं। अदालत ने बलबीर सिंह से कहा- आप तैयार रहिएगा।

इंडियन मेडिकल एसोसिएशन की याचिका पर सुनवाई कर रही कोर्ट

सुप्रीम कोर्ट इंडियन मेडिकल एसोसिएशन की ओर से 17 अगस्त 2022 को दायर की गई याचिका पर सुनवाई कर रही थी। इसमें कहा गया है कि पतंजलि ने कोविड वैक्सीनेशन और एलोपैथी के खिलाफ निगेटिव प्रचार किया। वहीं खुद की आयुर्वेदिक दवाओं से कुछ बीमारियों के इलाज का झूठा दावा किया। जस्टिस हिमा कोहलीः आपके पास जो कुछ भी है, उसे फाइल कीजिए। हम आपको एक हफ्ते का आखिरी मौका देते हैं। सभी लोग अगली



सुनवाई पर मौजूद रहें। सुप्रीम कोर्ट की फटकार के बाद रामदेव और बालकृष्ण कोर्ट रूम पहुंचे और रामदेव ने बिना शर्त माफी मांगी। बेंच ने कहा, ''केवल सुप्रीम कोर्ट नहीं, देश की हर अदालत के आदेश का सम्मान होना चाहिए। आपको अदालत के निर्देशों का पालन करना था और आपने हर सीमा लांघी। अदालत ने कहा कि जब पतंजलि हर कस्बे में जाकर कह रही थी कि एलोपैथी से कोविड में कोई राहत नहीं मिलती तो केंद्र ने अपनी आंखें क्यों बंद कर रखी थीं। सही एफिडेविट फाइल ना करने पर केंद्र की ओर से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि जो हुआ, वो नहीं होना चाहिए था। मेहता ने रामदेव और पतंजलि के वकीलों को सहयोग करने की पेशकश की। कोविड के दौरान कुछ भी केंद्र की मर्जी के बिना नहीं हो रहा था। आपने इसे बताने के लिए कुछ नहीं किया। यह मुश्किल समय था और उत्तराखंड ने भी पतंजलि को वॉर्निंग लेटर भेजा था, वो भी तब जब हमने मामला उठाया। इड्ढठ्ठक्क्की तारीफ करने के लिए काफी कुछ है। लेकिन एक सीमा होती है कि वो क्या कर सकते हैं। जिस तरह से दूसरों की निंदा की गई।

मशहूर शेफ कुणाल कपूर को तलाक की इजाजत मिली

■ संजीवनी टुडे

दिल्ली हाईकोर्ट ने पत्नी की क्रूरता के आधार पर तलाक अर्जी को मंजूरी दी

नई दिल्ली। दिल्ली हाईकोर्ट ने मशहूर शेफ कुनाल कपूर को तलाक की इजाजत दे दी है। जस्टिस संरेश कुमार कैत और जस्टिस नीना बंसल कृष्णा की डिविजन बेंच ने मंगलवार (2 अप्रैल) शेफ कुनाल को पत्नी की क्रूरता के आधार पर तलाक की याचिका मंजूर की। बेंच ने कहा- कुनाल के प्रति उनकी पत्नी का आचरण ठीक नहीं रहा है। उनके पति के प्रति उनकी पत्नी के स्वभाव में गरिमा और सहानुभूति नहीं है। जब भी दो में से एक पार्टनर का ऐसा व्यवहार होता है, तो इसका फर्क दोनों के बीच के रिश्तों पर पड़ता है। ऐसे में उन्हें साथ रहने के लिए मजबूर नहीं किया जा सकता। कोर्ट ने कहा कि कुणाल की पत्नी ने पब्लिक में सबके सामने कुणाल का अपमान किया है और सार्वजनिक तौर पर ऐसा करना क्रूरता के बराबर होता है। दरअसल, कुनाल ने तलाक की याचिका पहले फैमिली कोर्ट में लगाई थी। वहां से खारिज होने के बाद हाईकोर्ट में मामले पर सुनवाई हुई। कोर्ट ने कहा कि पत्नी का आचरण हिंदू विवाह अधिनियम की धारा 13(1) के दायरे में आता है और पारिवारिक अदालत ने तलाक के लिए कपूर की याचिका को अनुमति नहीं देकर गलती की है। बेंच ने माना कि पत्नी से अलग होने के बावजूद, कुणाल अपने बेटे की शिक्षा और अन्य खर्च के लिए आर्थिक सहायता करते आए हैं। इसके अलावा उनकी पत्नी उन पर पब्लिक में चिल्लाती भी थी। कोर्ट ने माना कि कानून के मुताबिक पब्लिक में किसी भी पति या पत्नी के खिलाफ अपमानजनक और निराधार आरोप लगाना क्रूरता के बराबर होता है। कोर्ट ने माना कि कुणाल और उनके परिवार को समाज में सम्मान नहीं मिला, फिर भी उन्होंने अपने वैवाहिक जीवन को बचाने की कोशिशें कीं। कुणाल ने अपनीअपत्नी के साथ रहने और जीवन बिताने का प्रयास किया। कोर्ट ने माना कि कुणाल की पत्नी कुणाल से अपने बेटे के सामने जोर-जोर से चिल्लाकर लड़ाई करती थी। कुणाल मना करते थे कि बच्चे के सामने लड़ाई नहीं की जानी चाहिए।

उज्बेकिस्तान के मरीज के दो ऑर्गन एक साथ ट्रांसप्लांट

बेटी ने लिवर और पत्नी ने किडनी डोनेट की, 16 घंटे तक चला ऑपरेशन

■ संजीवनी टुडे

नई दिल्ली। उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद के मैक्स अस्पताल में एक उज्बेकिस्तानी मरीज अखरोरजोन खैदारोव (46) के दो ऑर्गन किडनी और लिवर एक साथ ट्रांसप्लांट किए गए। अस्पताल की तरफ से मंगलवार (2 अप्रैल) को बताया गया कि 9 डॉक्टर्स की टीम ने एक महीने पहले यह ऑपरेशन किया था। 16 घंटे तक चले इस सफल ऑपरेशन के लिए मरीज की बेटी ने लिवर का एक हिस्सा और पत्नी ने किडनी डोनेट की थी। डॉक्टर्स ने बताया कि मरीज की दोनों किडनी फ़ेल हो चुकी थी। उसकी दोनों किडनी किसी सामान्य किडनी की तुलना में 20 प्रतिशत ही काम कर रही थी। इसके अलावा मरीज को लिवर सिरोसिस की भी बीमारी थी। मरीज की जान बचाने के लिए दोनों ऑर्गन को ट्रांसप्लांट करना जरूरी था। मरीज अब पूरी तरह से स्वस्थ्य हो चुका है। डॉक्टर अनंत कुमार ने बताया कि ऑपरेशन के लिए अलग ट्रांसप्लांट ऑपरेटिंग थिएटर बनाया गया था। इस ट्रांसप्लांट ग्ड्ढ में एक-दूसरे जुड़े हुए तीन ऑपरेटिंग रूम थे। एक लीवर डोनेट करने वाली मरीज की बेटी के लिए।

बेटी ने किडनी देने का फैसला किया था, बाद में बदला

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, बेटी किडनी डोनेट करने का फैसला किया था, लेकिन उसकी मां उसे किडनी की बजाय लिवर डोनेट करने को कहा। मां ने कहा कि किडनी वह खुद डोनेट करेगी, क्योंकि लिवर ऐसा ऑर्गन है जिसे डोनेट कर दिया जाए तो वह फिर से उतना ही बड़ा हो जाता है, लेकिन किडनी एक बार डोनेट हो गई, तो डोनर को जिंदगीभर एक ही किडनी पर रहना होता है। मां चाहती थी कि उसकी बेटी लिवर डोनेट करे जो बाद में फिर से उतना ही बड़ा हो जाएगा। एक किडनी डोनेट करने वाली मरीज की पत्नी के लिए और मरीज के लिए। मैक्स अस्पताल के नेफ्रोलॉजी डिपार्टमेंट की डॉक्टर नीरू अग्रवाल ने बताया कि पेशेंट को अपने लिवर के खराब होने की जानकारी पहले से थी, लेकिन जब उसे किडनी फ़ेल होने की जानकारी मिली तब उसे गहरा झटका लगा। हमने उसे बताया कि ट्रांसप्लांट करने से उसकी जान बच सकती है।

खबरें फटाफट

आइओसीएल डिपो के डीजल टैंकरों से तेल चोरी का पर्दाफाश, मुख्य आरोपी गिरफ्तार

संजीवनी टुडे

रेनवाल मांजी। थाना क्षेत्र के मोहनपुरा पृथ्वीसिंह में स्थित आइओसीएल डिपो से तेल का आदान-प्रदान करने वाले टैंकरों से तेल चोरी की वारदात का खुलासा हुआ। थाना प्रभारी रामपाल शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि गठित पुलिस टीम ने मंगलवार को डिपो के डीजल टैंकरों से चोरी करने के मामले में 20 दिन से फरार चल रहे आरोपी अनिल उर्फ सोनू सिंधी को मुखबिर की सूचना पर गिरफ्तार किया। फिलहाल मामले को लेकर पूछताछ की जा रही है तथा अन्य आरोपियों की भी तलाश की जा रही है।

अवैध शराब की बिक्री करता आरोपी गिरफ्तार, शराब जब्त

संजीवनी टुडे

रेनवाल मांजी। प्रदेश में लोकसभा चुनाव 2024 के तहत चुनाव आयोग द्वारा लगाई गई आदर्श आचार संहिता की पालना करते हुए अवैध शराब के खिलाफ मुहिम चलाई जा रही है। इसी के तहत मंगलवार को रेनवाल मांजी थाना पुलिस की गठित टीम ने अवैध शराब बिक्री के खिलाफ कार्यवाही करते हुए आरोपी लालाराम पुत्र श्रवण लाल जाट निवासी थारोलो की ढाणी रेनवाल मांजी को गिरफ्तार किया। थानाधिकारी रामपाल शर्मा ने बताया कि थाना क्षेत्र में अवैध शराब के खिलाफ कार्रवाई निरंतर जारी है।

अर्जुनराम मेघवाल के समर्थन में महापौर सुशीला कंवर के साथ भाजपा नेताओं का मुख्य बाजार में जनसंपर्क

संजीवनी टुडे

बीकानेर। लोकसभा प्रत्याशी अर्जुनराम मेघवाल के समर्थन में महापौर सुशीला कंवर राजपुरोहित, उपमहापौर राजेंद्र पंवार, महावीर रांका के साथ भाजपा नेताओं ने सादुल सिंह सर्किल से कोटगेट तक मुख्य बाजार में जनसंपर्क किया और आगामी 19 अप्रैल को अर्जुनराम मेघवाल के पक्ष में मतदान की अपील करते हुए मोदी सरकार की योजनाओं के बारे में भी बात की इस अवसर पर भाजपा नेताओं ने लोकल फॉर वोकल को प्रमोट करते हुए मिट्टी के बर्तन भी खरीदे इस अवसर पर भाजपा नेता अजय खत्री, दीपक पारीक, विक्रम सिंह राजपुरोहित, श्याम मोदी, रामकुमार व्यास, पुनीत ढाल, मुकेश पंवार, कपिल शर्मा, जितेंद्र राजवी, प्रमोद खत्री, अनूप गहलोत, सुमन छाजेड़, भारती अरोड़ा, राजश्री कच्छावा, प्रीति चांडक, सरिता नाहटा, प्रोमिला गौतम के साथ भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

फिनोलेक्स केबल्स पर्यावरण के हितैषी बनेः फिनोग्रीन

संजीवनी टुडे

पुणे। अपने अत्याधुनिक विद्युत समाधानों के लिए मशहूर फिनोलेक्स केबल्स ने सुरक्षा एवं सस्टेनेबिलिटी पर सर्वाधिक बल देते हुए, फिनोग्रीन इको-सेफ सिंगल कोर हैलोजन फ्री फ्लेम रिटार्डेंट (एचएफएफआर) इंडस्ट्रियल केबल पेश कर दी हैं। रिसाइकल करने योग्य कच्चे माल से तैयार किए गए ये पर्यावरण के प्रति जागरूक तार, न्यूनतम धुआं उत्सर्जित करते हैं तथा इनमें हैलोजन बिलकुल मौजूद नहीं होतीं। ये विशेषताएं फिनोलेक्स केबल्स की सस्टेनेबिलिटी के प्रति अटूट प्रतिबद्धता से पूरी तरह मेल खाती हैं। विशेष रूप से तैयार किए गए थर्मोप्लास्टिक इन्सुलेशन एचएफआई-टीपी 70, के साथ निर्मित फिनोग्रीन तार, कम धुआं छोड़ने और शून्य हैलोजन उत्सर्जित करने का दावा करते हैं, जिससे उनकी पर्यावरण-हितैषी प्रोफ़ाइल और आगे बढ़ती है। खास बात यह है कि फिनोग्रीन तारों की पैकेजिंग को सोच-समझकर हरे बक्सों में डिज़ाइन किया गया है, जो पर्यावरण-संबंधी जागरूकता का प्रतीक है और उत्पाद के टिकाऊ गुणों का स्पष्ट बखान करती है। विद्युत संस्थापनों में सुरक्षा जोखिम घटाने के लिए डिज़ाइन की गईं ये केबल, दुर्घटनाओं को टालने में बेहद अहम भूमिका निभाती हैं, खासकर आग लगने की घटनाओं को, जो प्रायः टर्मिनेशन या ज्वाइंट वाली जगहों पर विद्युत स्पार्किंग की वजह से घटित हुआ करती है। फिनोग्रीन तार से बहुत ही कम धुआं निकलता है।

इन टाइम टेक कम्पनी का नया ऑफिस कैंपस शुरू, गृह राज्यमंत्री जवाहर बेढ़म ने किया कैंपस विजिट

संजीवनी टुडे

कंपनी ने प्रतिवर्ष 250 कर्मचारियों की भर्ती करने का रखा लक्ष्य

जयपुर। राजधानी जयपुर के कनकपुरा रेलवे स्टेशन के समीप स्थित ''विकासशील अग्रणी आईटी सॉफ्टवेयर कंपनी ''इन टाइम टेक'' ने 750 कर्मचारियों की क्षमता वाले नए ऑफिस कैंपस का शुभारम्भ किया है। राजस्थान के गृह राज्यमंत्री जवाहर सिंह बेढ़म ने कम्पनी के कैंपस को विजिट कर कंपनी द्वारा राज्य में उत्पन्न की जा रही रोजगार के अवसरों व संभावनाओं के बारे मे जानकारी लेते हुए कंपनी द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना की। कम्पनी के अध्यक्ष एवं सीईओ जीत कुमार ने पत्रकारों को जानकारी देते हुए बताया कि इन टाइम टेक कंपनी का लक्ष्य प्रतिवर्ष 250 कर्मचारियों की भर्ती करने का है। साथ ही यह कंपनी राजस्थान में नौकरी निर्माण को लगातार बढ़ाने की कोशिश कर रही है। उन्होंने बताया कि इन टाइम टेक अपने 8 वैश्विक कार्यालयों के साथ ही हर महाद्वीप में मौजूद है। यह कम्पनी न केवल अधिक नौकरियां प्रदान करने की उम्मीद कर रही है बल्कि समाज के लाभ के लिए विस्तृत तकनीकी और लीडरशिप कार्यक्रम करने का भी लक्ष्य रखा है। ''इन टाइम टेक'' विभिन्न कॉलेजों के साथ काम कर रही है और कंपनी के समाजिक पहल ''कल्पवृक्ष'' में विशेष रूप से सक्रिय हैं, जो इच्छुक लोगों को सॉफ्टवेर के क्षेत्र में रोजगार के अवसरों के लिए तैयारी कर रही है। कम्पनी का मुख्य उद्देश्य इन टाइम टेक में गुणवत्ता वाले रोजगार को बढ़ावा देना, सामाजिक विकास को बढ़ावा देना, और कम्युनिटी को ''क्रियेटिंग एबूडेंस'' के वचन के जरिए सार्थक योगदान देना है। गौरतलब है कि 15 वर्ष पहले जयपुर से शुरू हुई आईटी सॉफ्टवेयर कंपनी इन टाइम टेक इकनोमिक टाइम्स, फ्यूचर रेडी, नासकोम, एसएमई, इंस्पायर अवार्ड, ग्रेट प्लेस टू वर्क और ग्लोबल आइकॉन अवार्ड जैसे कई पुरस्कार प्राप्त कर चुकी है।

मतदाताओं से भाजपा के पक्ष में वोट मांगे

संजीवनी टुडे

बीकानेर। बीकानेर संसदीय क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी अर्जुनराम मेघवाल लगातार दूसरे दिन श्रीडूंगरगढ़ विधानसभा क्षेत्र के दौरे पर रहे और मतदाताओं से भाजपा के पक्ष में वोट मांगे। इस दौरान उन्होनें पुन्दलसर, रीड़ी, बाना, उपनी, कल्याणसर पुराना, कल्याणसर नया, बापेऊ, राजेडू, लिखमीदेसर उतरादा, लिखमीदेसर दिखनादा आदि गांवों में जनसंपर्क किया। जनसंपर्क के दौरान आयोजित नुक्कड़ सभाओं को संबोधित करते हुए मेघवाल ने कहा कि जन जन के मन मोदी की गारंटी और दुनिया में बढ़ते भारत की साख को लेकर जनता में अति उत्साह है। जो इस बात का गवाह है कि एक बार फिर जनता ने भाजपा को आशीर्वाद देने का मन बना लिया है। मेघवाल ने कहा कि जनता की भीड़ से पता चल रहा है कि गांव गांव परिवर्तन और मोदी सरकार के प्रति समर्पण आमजन में है। बीकानेर के विकास को नये आयाम देने के लिये भाजपा को मजबूत बनाने की अपील की। इस अवसर पर खाद्य आपूर्ति मंत्री सुमित गोदारा,विधायक ताराचंद सारस्वत,राजस्थान विश्वकर्मा कौशल विकास बोर्ड के अध्यक्ष रामगोपाल सुथार, देहात अध्यक्ष जालम सिंह भाटी, महेन्द्र चौधरी, महेन्द्र गोदारा, जगदीश, प्रवीण, शिशपाल, कोडाराम, राजपाल, कैलाश नाई, हेतराम, अर्जुन, महेन्श शास्वत, विजयपाल, केशव, भवानीशंकर, रामप्रताप, बजरंगलाल, मोतीराम, मदनलाल, आयदान, मनमोहन सिंह, भूपेन्द्र सिंह, महिपाल सिंह, रघुवीर सिंह, राजेन्द्र सिंह, भागीरथ, आदिल जोशी, प्रेम, उदाराम, शिवरतन, शिवलाल, मनोज नाथ, अमित, शंकरलाल, मूलाराम, अमरचंद स्वामी, राधेश्याम सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता व पदाधिकारी मौजूद रहे।

रेलवे स्टेशन के पुराने क्वार्टर में मिला एक व्यक्ति का शव, सनसनी फैली

संजीवनी टुडे

मोदरान। पुलिस थाना रामसीन के मोदरान चौकी के अंतर्गत मोदरान रेलवे स्टेशन पर में अज्ञात मृतक शव मिलने से क्षैत्र में सनसनी फ़ैल गई। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार मंगलवार को सुबह 9 बजे टेलिफोन पर पुलिस चौकी मोदरान, थाना रामसीन पर ईतला मिली कि मोदरान रेल्वे स्टेशन परिसर पर बने रेल्वे के कई वर्षों पुराने खण्डर क्वार्टर में एक अज्ञात व्यक्ति की गली-सडी लाश पडी है। उक्त सूचना पर भूराराम सउनि चौकी प्रभारी मोदरान मय जाब्ता के मौके पर पहुंचा। मौके पर एक अज्ञात व्यक्ति की गली-सडी लाश मोदरान रेल्वे स्टेशन पर बने रेल्वे के पुराने खण्डर क्वार्टर में 5-8 दिन पुरानी पडी लग रही है, जिससे भंयकर बदबु आ रही है। लाश की शिनाख्तगी के प्रयास किये गये, मगर लाश की शिनाख्तगी नही हो पाई है। जिसका मोदरान के चिकित्सालय में मेडिकल बोर्ड के द्वारा पोस्टमार्टम करवाकर शव का प्रशासन की मौजूदगी में अंतिम संस्कार करवाया गया। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार मृतक नाम अज्ञात, पिता का नाम अज्ञात निवासी अज्ञात पुलिस थाना रामसीन लिंग पुरुष उम्र लगभग 35/40 वर्ष हो सकती है और जिसकी मृत्यु 5-8 दिन पूर्व हुई है। जिसकी लाश रेलवे आवासीय क्वार्टर खंडरनुमा क्वार्टर में मिला। मृतक की हाईट करीबन 5 फिट 2 इंच, उम्र करीबन 38-40 साल, पहनने को नीले आसमानी कलर का जैकेट, भगवा कलर की लुंगी पहनी हुई है जिसके ऊपर बैल्ट लगा हुआ है। प्रभारी पुलिस कन्ट्रोल रुम जालोर, जिला जालोर को प्रेषित कर निवेदन है कि उक्त अज्ञात मृतक का समस्त थानाधिकारी राजस्थान मय जीआरपी को भिजवाकर अज्ञात मृतक की शिनाख्ती अपने अपने क्षेत्र में कराने हेतु निवेदन किया है।

बसपा प्रत्याशी लालसिंह ने दाखिल किया नामांकन

संजीवनी टुडे

जालोर। जिला मुख्यालय स्थित भगतसिंह स्टेडियम में बसपा प्रत्याशी लालसिंह ने नामांकन दाखिल किया है। इससे पहले हुई जनसभा में लालसिंह ने कहा कि संसदीय क्षेत्र के विकास के सपने को पूरा करने के लिए वो लोकसभा चुनाव मैदान में उतरे है।बसपा प्रत्याशी लालसिंह ने कहा कि भाजपा ने 20 साल से बतौर सांसद यहां जीत पाई, लेकिन कोई कार्य नहीं किया। अब कांग्रेस ने भी बाहरी को यहां प्रत्याशी बनाया है। बाहर से आया हुआ जोधपुर चला जाएगा, यहां काम करने के लिए यहां का जयोड़ा ही काम आएगा। इस दौरान बसपा प्रदेशाध्यक्ष भगवानसिंह बाबा ने कहा कि सभी सीटों पर बसपा चुनाव लड़ रही है। दोनों पार्टियों ने अब तक लोगों को भ्रमित किया है। इस बार बसपा चौंकाने वाली परिणाम देगी। दोनों पार्टियों के प्रत्याशियों की जमानत जब्त होगी। इस दौरान हरिश्चंद्र,ओमप्रकाश,पोपटलाल समेत ने सम्बोधित किया। बड़ी संख्या में बसपा कार्यकर्ता सभा में उमड़े।लालसिंह सम्बोधन के बाद रैली के रूप में समर्थकों के साथ स्टेडियम से कलेक्ट्रेट पहुंचे। जहां प्रस्तावकों के साथ जाकर बसपा का आवेदन दाखिल किया।

लालसिंह राठौड़ ने किया सम्बोधित

जालोर-सिरोही लोकसभा प्रत्याशी लालसिंह धानपुर ने जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने जालोर की सड़कों, पानी-बिजली की समस्याओं की और इशारा करते हुए कहा कि यह लोग बाहर से आते हैं जो स्थानीय लोगों की पीड़ा को नही समझते हैं। वे जोधपुर जाकर बैठ जाएंगे। जिसके बाद भाजपा पर कटाक्ष करते हुए कहा कि एक समुदाय से ऊपर नहीं उठने वाली पार्टी की आखें खुलनी चाहिएं। जिसके बाद सभी जुलूस के रूप में रवाना होकर जिला कलेक्ट्रेट पहुंचे। जहां बसपा प्रत्याशी ने अपना नामांकन दाखिल किया लालसिंह धानपुर कांग्रेस में जिलाउपाध्यक्ष के पद पर रहे हैं। लोकसभा चुनाव में टिकट नही मिलने व स्थानीय कार्यकर्ता को टिकट ना देकर कांग्रेस ने बाहरी प्रत्याशी को टिकने देने से नाराज लालसिंह ने कांग्रेस को छोड कर अब बहुजन समाज पार्टी से लोकसभा चुनाव मैदान में हैं।

प्रशस्ति में वरिष्ठ पत्रकार माणकचंद का होगा सम्मान

संजीवनी टुडे

जयपुर। ग्रासरूट मीडिया फाउंडेशन की ओर से रविवार 7 अप्रैल को प्रशस्ति कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। सायं 5 बजे होने वाले इस समारोह में पाक्षिक पत्रिका पाथेय कण के प्रबंध संपादक माणकचंद माहेश्वरी को सम्मानित किया जाएगा। माणकचंद पाथेयकण की स्थापना से ही जुड़े रहे है। पाथेय कण के लाखों पाठकों से उनका व्यक्तिगत जुड़ाव रहा। उनकी व्यवहार कुशलता से शीघ्र ही राजस्थान के लगभग 20 हजार गांवों तक पहुंचने लगा। एक समय तो पाथेय कण की छपने वाली

प्रतियों की संख्या लगभग 2 लाख तक पहुंच गई थी। माणकचंद की प्राथमिक शिक्षा नागौर जिले में हुई और उच्च शिक्षा महाराजा कॉलेज जयपुर से पूर्ण की। जवाहर लाल नेहरू मार्ग स्थित कलानेरी आर्ट गैलरी में होने वाले इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विश्व हिंदू परिषद के केंद्रीय मंत्री अजेय कुमार पारीक, विशिष्ट अतिथि पद्म श्री से सम्मानित मूलचंद लोढ़ा और अध्यक्षता योगी रमणनाथ सांभर करेंगे। संयोजक प्रमोद शर्मा ने बताया कि इससे पहले भी ग्रासरूट मीडिया फाउंडेशन की ओर से आयोजित प्रशस्ति कार्यक्रम में वरिष्ठ पत्रकार जितेंद्र सिंह शेखावत, महेश शर्मा और धीरेंद्र राहुल का सम्मान किया जा चुका है।

भाजपा के टोंक सवाईमाधोपुर लोकसभा प्रत्याशी सांसद सुखबीर सिंह जोनपुरिया ने तीसरी बार लोकसभा प्रत्याशी के रूप में किया नामांकन दाखिल

संजीवनी टुडे

सवाई माधोपुर। आगामी लोकसभा चुनावों को लेकर नामांकन दाखिल करने के अवसर पर राजस्थान सरकार में शिक्षामंत्री श्री मदन दिलावर,राजस्थान सरकार के जलदाय मंत्री श्री कन्हैयालाल चौधरी,भारतीय जनता पार्टी टोंक के जिलाध्यक्ष श्री अजीत सिंह मेहता,टोंक की जिला प्रमुख श्रीमती सरोज बंसल आदि उपस्थित रहे। वहीं इसके पश्चात गांधी खेल मैदान में एक विशाल आम सभा का आयोजन किया गया। इस आमसभा की राजस्थान सरकार की उप मुख्यमंत्री राजकुमारी दिया मुख्य अतिथि रही। इस आमसभा में टोंक और सवाई माधोपुर जिले के सत्ता और संगठन के सभी पदाधिकारी और जनता पार्टी के जनप्रतिनिधियों ने भाग लिया। जहां शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने इस विशाल आमसभा को संबोधित करते हुए मोदी जी की बात अबकी बार 400 पार को एक संकल्प के रूप में लेकर पूरा करने को राष्ट्र की तरक्की एवं उन्नति के लिए आवश्यक बताया इस बीच भाजपा टोंक के जिलाध्यक्ष सिंह मेहता भाजपा सवाई माधोपुर जिला अध्यक्ष सुशील दीक्षित सभी गणमान्यो द्वारा उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी का 51 किलो की माला पहनाकर भव्य स्वागत किया गया। वहीं सांसद सुखबीर सिंह जौनापुरिया ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस प्रत्याशी को मेरे नाम से नींद नहीं आती है। कांग्रेस के प्रत्याशी कहते हैं कि मेरे नाम का वारंट निकला हुआ है तो मैं पूछता हूं कि आप तो पुलिस अधिकारी रहे है। कानून जानकारी आपको ज्यादा होनी चाहिए व्यर्थ की बातें करके जनता को भर्मित करने का काम करने से कोई फायदा नहीं है। उसके लोकसभा उम्मीदवार चुनाव मैदान छोड़कर भाग रहे हैं, सांसद ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी इस बार भी लोकसभा चुनाव में हैट्रिक लगाने जा रही है, चुनाव जाती पाती का चुनाव नहीं है लेकिन मोदी सरकार के प्रयासों से आज देश विश्व की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है, आज विश्व में सबसे ज्यादा गरीब के लिए कल्याणकारी योजनाएं मोदी सरकार ने चालू करि है, आज हर घर नल हर घर जल योजना के द्वारा मोदी सरकार हर घर तक शुद्ध पीने का पानी पहुंचा रही है। जितेंद्र गोठवाल ने सभा को संबोधित करते हुए बताया कि कांग्रेस राज में सरकार द्वारा भेजा गया पैसे मे से आम जनता तक पंद्रह पैसा पहुंचता था लेकिन आज जनधन योजना के कारण पूरा 100% पैसा जनता के खाते तक सीधा पहुंच रहा है और यह संभव हुआ है। हमारे प्रधानमंत्री मोदी जी की दृढ इच्छा शक्ति से, गोठवाल ने कहा कि आज तक राम मंदिर का संघर्ष किया तथा संघर्ष को साकार किया। हमारे देश के प्रधानमंत्री माननीय मोदी जी ने तेरे नाम है कि आज अयोध्या में भगवान राम का मंदिर बन गया है, लोकसभा संयोजन नरेश बंसल ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि 2026 में देश विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था होगा और यह सब संभव होगा। आपका वोट की ताकत से इसलिए मेरा आप सबसे निवेदन है कि भारतीय जनता पार्टी को वोट देकर माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र भाई मोदी को और अधिक मजबूत बनाना है, जिला प्रमुख सरोज बंसल ने फिर से भाजपा सरकार का संकल्प दोहराने का आग्रह उपस्थित जन समुदाय से किया। इस कार्यक्रम के अंत में भारतीय जनता पार्टी टोंक के जिलाध्यक्ष श्री अजीत सिंह मेहता ने सभा मे पधारे अथाह जनसमूह का आभार प्रगट करते हुए कांग्रेस की नीति को राष्ट्र की उन्नति मे बाधा बताते हुए जनता से आगामी 26 अप्रैल को भारतीय जनता पार्टी के पक्ष मे मतदान की अपील की इस सभा को निवाई विधायक रामसहाय वर्मा राजेंद्र मीणा, मानसिंह गुर्जर,टोंक उनियारा से पूर्व विधायक राजेंद्र गुर्जर भाजपा विधायक प्रत्याशी विजय बैसला आदि ने संबोधित किया। इस अवसर पर खंडार प्रधान नरेंद्र चौधरी,सवाईमाधोपुर मीडिया सयोंजक सुरेन्द्र शर्मा, बोली प्रधान कृष्ण पोसवाल, गंगापुर प्रधान मंजू गुर्जर,बामनवास प्रधान शशिकला मीणा,माधोपुर जिला महामंत्री उदय सिंह गुर्जर, हरिओम गर्ग,चंपालाल मीणा, उपाध्यक्ष कमल सिंह मीणा, मीरा सैनी, हनुमत दीक्षित,विजय गुर्जर,दामोदर बिंदल , जिला मंत्री हरिप्रसाद गुप्ता, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष आशा शर्मा पूर्व जिला प्रमुख प्रथ्विराज मीना, मंडल अध्यक्ष नीलकमल जैन श्री चरण महावर कैलाश मीणा मनीष शर्मा सीताराम गुर्जर मनराज गुर्जर गंगा शंकर गौतम बाबूलाल सैनी एवम भाजपा भाजपा कार्यकर्ता मुकेश शर्मा पाडली ,रितेश भारद्वाज, राजू दाधीच, कपिल जैन,हरचरण सिंह, ओम प्रकाश डांगोरिया आदि सवाई माधोपुर के भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

एकदिवसीय व्याख्यानमाला का हुआ आयोजन

संजीवनी टुडे

राजगढ़। कस्बे के राजकीय महाविद्यालय राजगढ़ (अलवर) में मंगलवार को पंचायती पुस्तकालय एवं वाचनालय राजगढ़ के 100 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य पर प्राचार्य प्रो. के. एल. मीना की अध्यक्षता में ''विद्यार्थी जीवन में पुस्तकालय का महत्व'' विषय पर एक दिवसीय व्याख्यानमाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पंचायत एवं वाचनालय, राजगढ़ के अध्यक्ष एडवोकेट भूपेन्द्र शर्मा रहे, उन्होने अपने उद्बोधन में कहा कि वाचनालय के संस्थापक स्व. श्री कृष्ण जसराज ने सन 1924 में अपने घर से पुस्तकालय की शुरूआत की। आज पंचायती पुस्तकालय में अत्यन्त महत्वपूर्ण एवं दुलर्भ पुस्तकें प्राचीन इतिहास-संस्कृति, साहित्य, जीवनियाँ आदि पुस्तके उपलब्ध हैं। विद्यार्थियों को अधिक से अधिक पुस्तकालय में जाने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर खेमसिंह आर्य (उपाध्यक्ष) ने विद्यार्थियों से रूबरू होने के अवसर के लिए प्राचार्य को धन्यवाद देते हुए पुस्तकों के बिना जीवन अधूरा बताया इसलिए विद्यार्थियों को नियमित रूप से पुस्तकालय से लाभांवित होते रहना चाहिए। एन एल. वर्मा ने नैतिक एवं चारित्रिक विकास में वैदिक साहित्य एवं दार्शनिक साहित्य के महत्व पर प्रकाश डाला। विरेन्द्र आर्य ने विद्यार्थियों के साथ-साथ आम लोगों के लिए भी पुस्तकों को महत्त्वपूर्ण बताया। राजेश शर्मा ने पुस्तकों को विद्यार्थी जीवन में प्राणवायु बताया और पुस्तकालय में जाने के लिए प्रेरित किया। किशोर मुखर्जी ने विद्यार्थियों को तकनीक के दुष्प्रभावों से दूर रहने की सलाह दी। मदन लाल शर्मा ने पुस्तकालय को विद्यार्थी जीवन में अनुशासन एवं मितव्ययता जैसे सद्?गुणों के विकास का मार्ग बताया। प्राचार्य ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में कहा कि पुस्तकें व्यक्ति का सच्चा मित्र होती है, पुस्तकें जीवन में मार्गदर्शक का कार्य करती है। पुस्तकें सर्वकालिक शिक्षक है जो वैज्ञानिक एवं तार्किक दृष्टिकोण विकसित करने में सहायक होती है। व्यख्यानमाला का संचालन डॉ. ऑचल मीना ने किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के सभी संकाय सदस्य तथा छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

वरिष्ठ आईएएस अधिकारी डॉ रवि कोटा ने असम के अगले मुख्य सचिव के रूप में पदभार संभाला

संजीवनी टुडे

पंकज नाथ, असम। वरिष्ठ आईएएस अधिकारी डॉ. रवि कोटा ने रविवार, 31 मार्च को असम सचिवालय में औपचारिक रूप से आयोजित एक समारोह में असम के नए मुख्य सचिव के रूप में औपचारिक रूप से कार्यभार संभाला। इससे पहले, राज्य के अतिरिक्त मुख्य सचिव के रूप में कार्यरत डॉ रवि कोटा ने रविवार को राज्य के नव सेवानिवृत्त मुख्य सचिव पवन कुमार बोरठाकुर से कार्यभार संभाला। एक सरकारी आदेश के अनुसार, उद्योग, वाणिज्य, सार्वजनिक उद्यम और वित्त विभागों की देखरेख में अतिरिक्त मुख्य सचिव के रूप में सेवा देने के बाद, कोटा वित्त विभाग में प्रभार से मुक्त होने के बावजूद उद्योग, वाणिज्य और सार्वजनिक उद्यमों के कर्तव्यों का निर्वहन करना जारी रखेगा। रविवार को पदभार संभालने के बाद आभार व्यक्त करते हुए, डॉ कोटा ने कहा कि ''मैं अपने काम को आगे बढ़ाने के लिए सभी लोगों और सहयोगियों से समर्थन चाहता हूं। मुझे आशा है कि मैं असम सरकार द्वारा किए गए विकास कार्यों में योगदान कर पाऊंगा।'' रविवार को अपने शपथ ग्रहण समारोह में, उन्होंने राज्य भर में बुनियादी ढांचा परियोजनाओं में तेजी लाने की बात की उल्लेख किया । रविवार को समारोह में असम सरकार के वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों के साथ साथ मुख्य सचिव की मां भी मौजूद थीं।राज्य के नए मुख्य सचिव डॉ. रवि कोटा 1993 बैच के भारतीय प्रशासनिक सेवा असम-मेघालय इकाई (आईएएस) के अधिकारी हैं। रवि कोटा, जिन्होंने कृषि विज्ञान विषय में अनुसंधान में डॉक्टरेट की डिग्री प्राप्त के साथ स्वर्ण पदक जीता, 1993 में भारतीय प्रशासनिक सेवा में शामिल हुए। कोटा 20 जून, 2002 को जोरहाट में डिप्टी कमिश्नर के रूप में शामिल हुए और 9 फरवरी, 2004 तक सेवा की। इसके बाद उन्होंने असम सरकार के विभिन्न विभागों में महत्वपूर्ण पदों पर कार्य किया। डॉ रवि कोटा को 5 जून, 2020 को वाशिंगटन डीसी में भारतीय दूतावास की आर्थिक विंग का प्रमुख भी नियुक्त किया गया था। उन्होंने भारत सरकार के विभिन्न विभागों और असम राज्य प्रशासन में कार्य किया, विशेष रूप से खाद्य और कृषि, मानव संसाधन, शहरी अवसंरचना से लेकर आंतरिक सुरक्षा तक विभिन्न विभागों में काम किया । असम के प्रधान वित्त सचिव के रूप में अपने कार्यकाल के दौरान, उन्होंने योजना के बाद के संक्रमण चरण, नोटबंदी और जीएसटी के माध्यम से राज्य की वित्तीय प्रणाली को आगे बढ़ाया था ।

महर्षि गौतम कर्मचारी कल्याण परिषद का होली स्नेह मिलन आयोजित

संजीवनी टुडे

संपूर्ण जिले के गुर्जर गौड़ ब्राह्मण कर्मचारियों ने ली मतदान की शपथ

बीकानेर। महर्षि गौतम कर्मचारी कल्याण परिषद, बीकानेर का प्रथम होली स्नेह मिलन समारोह स्थानीय धरणीधर ऑडिटोरियम में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अखिल भारतवर्षीय श्री महर्षि गौतम शैक्षणिक एवं पारमार्थिक ट्रस्ट के राष्ट्रीय अध्यक्ष हरिगोपाल उपाध्याय रहे। उपाध्याय ने समाज के युवाओं को शिक्षित एवं संगठित होकर आगे बढ़ाने की बात कही।उन्होंने ट्रस्ट की योजनाओं से समाज के प्रत्येक व्यक्ति को लाभान्वित करने की जानकारी दी । उपाध्याय ने युवाओं को व्यावसायिक क्षेत्र में भी आगे बढ़कर कार्य करने का आह्वान किया व बीकानेर में होस्टल व शिक्षा केन्द्र निर्माण की बात कही। इस अवसर पर मंच द्वारा उपाध्याय के निर्विरोध राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने पर अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी महेंद्र कुमार शर्मा ने कार्यक्रम को आम समाज बंधुओ के लिए आवश्यक बताया व करियर की अपार संभावनाओं का लाभ उठाने एवं नव नियुक्त कर्मचारियों को अपनी मेहनत ने बुलंदियों को छूने का आह्वान किया। केंद्रीय जीएसटी के सहायक आयुक्त धर्मेंद्र उपाध्याय ने करियर के विभिन्न अवसरों पर चर्चा करते हुए कहा कि सामाजिक संगठनों में युवाओं की भागीदारी एक सुखद पहल है और प्रत्येक कर्मचारी का अपने परिवार व समाज के प्रति जो कर्तव्य बनता है, उसका निर्वहन करना उसका दायित्व है। उन्होंने केंद्र सरकार की नौकरियों में युवाओं को आगे आने की बात कही। इस अवसर पर सेवानिवृत अधिकारी प्रेमराज जोशी ,हेमाराम जोशी ,गोविंद जोशी सहित विभिन्न वक्ताओं ने अपने विचार व्यक्त किये तथा मंच की ओर से उनका अभिनंदन भी किया गया। कार्यक्रम का संचालन करते हुए डॉ विष्णु दत्त जोशी ने कार्यक्रम की रूपरेखा पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह कार्यक्रम समाज को नई दिशा देगा तथा बुजुर्गों के मार्गदर्शन में युवा पीढ़ी आगे बढ़ चढ़कर काम करेगी । यह कार्यक्रम समाज के प्रत्येक कर्मचारी को एक मंच पर लाने का सकारात्मक प्रयास है। कार्यक्रम में नोखा, कोलायत, श्री बालाजी, श्री डूंगरगढ़ लूणकरणसर,खाजूवाला क्षेत्र के कर्मचारियों ने भागीदारी निभाई। युवा अखिल पंचारिया ने प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए समाज के विद्यार्थियों का मार्गदर्शन करने एवं हॉस्टल संचालन शुरू करने की बात कही। शिक्षा विभाग में उपप्राचार्य जगदीश पंचारिया ने इस तरह के कार्यक्रमों को समाज के हित में बताया । कार्यक्रम में मुरली मनोहर गौतम,महादेव उपाध्याय, मोहनीश पंचारिया, रविशंकर उपाध्याय ,पत्रकार शिवराज पंचारिया सहित मातृशक्ति उपस्थित रही। इस अवसर पर युवा समाजसेवी मनीष उपाध्याय लक्ष्मण उपाध्याय में इंदर चंद जाजड़ा व टीम द्वारा आगामी 8 अप्रैल को आयोजित किए जाने वाले रक्त दान कार्यक्रम के पोस्टर का लोकार्पण भी किया गया। कार्यक्रम में स्वीप प्रकोष्ठ की तरफ से मतदाता जागरूकता कार्यक्रम की जानकारी दी गई एवं समस्त कर्मचारियों को स्वीप प्रकोष्ठ के गोपाल जोशी द्वारा मतदान की शपथ दिलवाई गई एवं आगामी 19 अप्रैल 2024 को शत प्रतिशत मतदान का आह्वान किया गया।

खबरें फटाफट

23वीं राष्ट्रीय पैरा तैराकी प्रतियोगिता में कास्यं पदक जीतने पर आवासन बोर्ड कर्मचारी संघ ने किया अभिनन्दन

संजीवनी टुडे

जयपुर। राजस्थान आवासन बोर्ड कर्मचारी संघ ने आवासन मण्डल के दिव्यांग कर्मचारी नवल किशोर शर्मा का 23वीं राष्ट्रीय पैरा तैराकी ग्वालियर में आयोजित प्रतियोगिता में राष्ट्रीय स्तर पर तृतीय स्थान प्राप्त करने पर राजस्थान आवासन बोर्ड कर्मचारी संघ के प्रदेशाध्यक्ष दशरथ कुमार महामंत्री प्रदीप शर्मा कार्यकारी अध्यक्ष भगवती प्रसाद संयुक्त महासचिव गोविन्द नाटाणी एवं रमेश चन्द शर्मा ने अभिनन्दन किया गया दिव्यांग कर्मचारी श्री नवल किशोर शर्मा ने पूर्व में राज्य स्तर पर पैरा तैराकी में स्वर्ण पदक प्राप्त किया था। इस अवसर पर तैराकी प्रशिक्षण दिनमाल सिंह राजावत का भी आभार प्रकट किया।

ग्रासरूट मीडिया फाउंडेशन के प्रशस्ति कार्यक्रम में पत्रकार माणकचंद का होगा सम्मान

संजीवनी टुडे

जयपुर। ग्रासरूट मीडिया फाउंडेशन की ओर से 7 अप्रैल को शाम 5 बजे प्रशस्ति कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम में पाक्षिक पत्रिका पाथेय कण के प्रबंध संपादक माणकचंद माहेश्वरी को सम्मानित किया जाएगा। माणकचंद पाथेय कण की स्थापना से ही जुड़े रहे है। पाथेय कण के लाखों पाठकों से उनका व्यक्तिगत जुड़ाव रहा है। उनके आत्मीय व्यवहार और संगठन कुशलता से ही राजस्थान के लगभग 20 हजार गांवों तक यह पाक्षिक पत्रिका पहुंचने लगी। एक समय तो पाथेय कण की छपने वाली प्रतियों की संख्या लगभग 2 लाख तक पहुंच गई थी। माणकचंद ने प्राथमिक शिक्षा नागौर जिले से प्राप्त कर, उच्च शिक्षा महाराजा कॉलेज जयपुर से पूर्ण की। जवाहर लाल नेहरू मार्ग स्थित कलानेरी आर्ट गैलरी में होने वाले इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विश्व हिंदू परिषद के केंद्रीय मंत्री अजेय कुमार पारीक, विशिष्ट अतिथि पद्मश्री से सम्मानित समाज सेवी मूलचंद लोढ़ा होंगे। योगी रमणनाथ इस अवसर पर अध्यक्षता करेंगे। शहर के अन्य गणमान्य व्यक्ति भी इस कार्यक्रम में उपस्थित रहेंगे। इस कार्यक्रम के संयोजक प्रमोद शर्मा ने बताया कि, इससे पहले भी ग्रासरूट मीडिया फाउंडेशन की ओर से प्रशस्ति कार्यक्रम में वरिष्ठ पत्रकार जितेंद्र सिंह शेखावत, महेश शर्मा और धीरेंद्र राहुल का सम्मान किया जा चुका है। आगामी समय में पत्रकारिता और सामाजिक क्षेत्र में विशिष्ट योगदान करने वाले व्यक्तियों को सम्मानित करने की योजना है।

बिहार समाज संगठन ने होली मिलन समारोह मनाया

संजीवनी टुडे

जयपुर। बिहार समाज संगठन की ओर से मंगलवार को होली मिलन समारोह एवम बैठक रखी गई । बैठक की अध्यक्षता समाज के प्रदेश अध्यक्ष पवन कुमार शर्मा ने की । जिसमें कार्यकारणी के विस्तार पर विचार विमर्श किया गया । इसी के साथ होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया । कार्यक्रम मे सुशील कुमार सिन्हा अरविंद ओझ ,संजीव मिश्रा , चंदन रावत , बजरंगी झा , देवेंद्र मंडल, दिवाकर राय, राम आशीष प्रजापति, राणा प्रताप चंन्द्रवंसी , सत्येन्द्र यादव, नोखे लाल महतो, रंजित पटेल, संजय मिश्रा, एवं कार्यकर्ता मुख्य रूप से उपस्थित रहे । सभी सदस्यों को समाज के प्रदेश महामंत्री चंदन मंडल ने धन्यवाद ज्ञापित दिया

आदर्श बेटे का सही उदाहरण हैं आमिर खान

संजीवनी टुडे

मुंबई। बॉलीवुड के मिस्टर परफ़ेक्शनिस्ट आमिर खान देश के सबसे बड़े सुपरस्टार्स में से एक हैं। चाहे वो एक्टर के रूप में हो या प्रोड्यूसर के रूप में, उन्होंने हमेशा अपनी फिल्में देखने वाले दर्शकों के दिलों को छुआ है। सबसे प्यारे सुपरस्टार होने के अलावा, वो एक बहुत ही ध्यान रखने वाले बेटा भी हैं और इसका सबूत शेड्यूल है कि वो अपनी माँ जीनत हुसैन को अपने बिजी कार्यक्रम के बावजूद भी चेक-अप के लिए बार-बार ले जाते हैं। आमिर खान अपने बिजी शेड्यूल के बावजूद समय निकाल कर अपनी मां जीनत हुसैन को रेगुलर चेकअप के लिए लेकर जाते हैं। कहना गलत नहीं होगा कि वह एक बेहद अच्छे बेटे हैं और एक ऐसे सुपरस्टार हैं जो अपने सभी कामों के बावजूद अपनी मां की सेहत को पहले रखते हैं। वहीं, वर्क फ्रंट पर, आमिर खान हाल के समय ने अपनी नेक्स्ट फिल्म सितारें जमीन पर की शूटिंग कर रहे हैं।

प्रधानमंत्री मोदी ने खत्म किया बिचौलियों का राज : सावंत

संजीवनी टुडे

गोवा। गोवा में जैसे-जैसे लोकसभा चुनाव की तारीख नजदीक आती जा रही है, सियासी लड़ाई दिलचस्प होती जा रही है। भाजपा गोवा में डबल इंजन सरकार की उपलब्धियों के जरिए लोकसभा की दोनों सीटें फतह करने में जुटी है। मुख्यमंत्री डॉ. प्रमोद सावंत ने चुनाव प्रचार की कमान खुद सम्हाल रखी है।

मंगलवार को साउथ गोवा लोकसभा सीट पर प्रचार के दौरान मुख्यमंत्री जहां एक तरफ कांग्रेस पर हमलावर रहे वहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दस साल के शासनकाल की उपलब्धियां गिनाई। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बिचौलियों का राज पूरी तरह खत्म कर दिया। अब जनता का हक सीधे उन तक पहुंचता है। मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने मरकाइम पंचायत हाल में पार्टी कार्यकर्ताओं और स्थानीय निवासियों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के शासन में

बिचौलिए हावी थे। वे जनता का हक मारते थे। कांग्रेस के प्रधानमंत्री राजीव गांधी खुद कहते थे कि जब हम एक रुपया दिल्ली से किसी गरीब को भेजते हैं तो 85 पैसे दलाल और बिचौलिए खा जाते हैं। यह स्थिति तब बदली जब नरेंद्र मोदी देश के प्रधानमंत्री बनें। प्रधानमंत्री ने बिचौलियों का राज पूरी तरह खत्म कर दिया। आज सरकार डीबीटी के माध्यम से लाभार्थियों के खाते में सीधे पैसे भेजती है। सावंत ने कहा कि प्रधानमंत्री ने जम्मू कश्मीर से अनुच्छेद 370 खत्म किया। आज कश्मीर विकास की नई इबारत लिख रहा है। मोदी शासन में ही अयोध्या में भव्य राम मंदिर का करोड़ों भारतीयों का सपना साकार हुआ। मुख्यमंत्री ने अपने प्रचार अभियान की शुरुआत नागेश मंदिर, महालक्ष्मी मंदिर और नवदुर्गा मंदिर मडकाई में पूजा अर्चना के साथ की। इस दौरान ऊर्जा मंत्री सुदीन धवलीकर, पूर्व मुख्यमंत्री और विधायक दिगंबर कामत और साउथ गोवा से भाजपा की लोकसभा प्रत्याशी पल्लवी डेम्पो भी मुख्यमंत्री के साथ थीं।

एमजीपी कार्यकर्ताओं से मिले मुख्यमंत्री सावंत ने मडकई में भी जनसभा को संबोधित किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि डबल इंजन की सरकार गोवा के लोगों के जीवन को आसान बनाने के लिए अथक प्रयास कर रही है। क्षेत्र में अंडरग्राउंड केबलिंग का काम जल्द ही पूरा हो जाएगा, जिससे बिजली आपूर्ति व्यवस्था में सुधार होगा। मुख्यमंत्री ने पहली बार महाराष्ट्रवादी गोमांतक पार्टी (एमजीपी) के कार्यकर्ताओं को भी संबोधित किया। पहली बार एमजीपी कार्यकर्ताओं को संबोधित करने पर खुशी व्यक्त करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि एनडीए के घटक दल सबका साथ, सबका विकास की संकल्पना के तहत समाज के सभी वर्गों को मुख्यधारा से जोड़ने के लिए मिलकर काम कर रहे हैं।

कपास की फसल के लिए बेहद महत्वपूर्ण है प्री-इमर्जेन्ट खरपतवार नाशक: गोदरेज एग्रोवेट

संजीवनी टुडे

हनुमानग़ढ। कपास की खेती की बात की जाए तो 120 लाख हेक्टेयर के साथ, हमारा देश पहले स्थान पर है। हालाँकि, जब उत्पादकता की बात आती है, तो हमारा देश उत्पादकता के मामले में 38वें स्थान पर ठहरता है। लेकिन समस्या खरपतवार के संक्रमण में है। विभिन्न अध्ययनों के अनुसार, खरपतवार के संक्रमण के कारण कपास की पैदावार में 40 प्रतिशत से 85 प्रतिशत तक की कमी आती है। गोदरेज एग्रोवेट लिमिटेड के क्रॉप प्रोटेक्शन बिजनेस के सीईओ राजावेलु एनके कहते हैं, ''शुरुआती चरणों के दौरान, कपास की वृद्धि धीमी होती है। इस दौरान पंक्तियों के बीच की दूरी भी ज्यादा होने से, यह विभिन्न प्रकार के खरपतवारों को बढ़ने का मौका देता है जो पानी, पोषक तत्वों और प्रकाश के लिए कपास की फसल के साथ प्रतिस्पर्धा करते हैं। इस समस्या के समाधान के लिए कंपनी ने पिछले साल मैक्सकॉट लॉन्च किया था। मैक्सकॉट एक प्री-इमर्जेन्ट खरपतवार नाशक है, जो पहले दिन से कपास के अधिकांश प्रमुख खरपतवारों को नियंत्रित करता है, जिससे फसल को 25-30 दिनों की खरपतवार मुक्त वृद्धि मिलती है। यह न केवल पारंपरिक तरीकों की तुलना में बेहतर खरपतवार नियंत्रण प्रदान करता है, बल्कि खरपतवार प्रबंधन की लागत को भी कम करता है। राजावेलु एनके ने आगे कहा, ''यह एक ज्ञात तथ्य है कि पंजाब में कपास किसानों को खरपतवारों और श्रमिकों की बढ़ती लागत के खिलाफ जुझना पड़ता है। इसके अलावा, नयी टैक्नोलॉजी की बारीकियों के बारे में कम जागरूकता और मैनुअल/मैकेनिकल खरपतवार प्रबंधन पर निर्भरता के कारण, सभी छोटे और बड़े किसान कम पैदावार की समस्या से भी जूझते हैं। इसलिए, मैक्सकॉट (शुरुआत सही तो चिंता नहीं) जैसा प्री-इमर्जेन्ट खरपतवार नाशक किसानों को फसल वृद्धि की महत्वपूर्ण अवधि के दौरान खरपतवार प्रतिस्पर्धा को रोकने में मदद कर सकता है।

टीआरए रिसर्च की ब्रांड ट्रस्ट रिपोर्ट में एसीसी और अंबुजा 'भारत के सबसे भरोसेमंद सीमेंट ब्रांड

संजीवनी टुडे

अहमदाबाद। भारत की अग्रणी सीमेंट विनिर्माण कंपनियां और विविधीकृत अदाणी पोर्टफोलियो की इकाइयां एसीसी और अंबुजा सीमेंट को टीआरए रिसर्च ने अपनी ब्रांड ट्रस्ट रिपोर्ट 2024 में 'भारत के सबसे भरोसेमंद सीमेंट ब्रांड' के रूप में स्थान दिया है। एसीसी नंबर 1 है और अंबुजा सीमेंट नंबर 2 पर कायम है। यह लगातार तीसरा वर्ष है जब अंबुजा सीमेंट को प्रतिष्ठित सूची में शामिल किया गया है; जबकि एसीसी पिछले दो वर्षों से शीर्ष स्थान पर कायम है। यह मान्यता दोनों ब्रांडों के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है, जो उद्योग में सबसे भरोसेमंद नामों के रूप में उनकी स्थिति को और मजबूत करती है। टीआरए रिसर्च की ब्रांड ट्रस्ट रिपोर्ट उपभोक्ता विश्वास अर्जित करने में पारदर्शिता और सामाजिक जिम्मेदारी की भूमिका पर जोर देती है। 16 शहरों में 2,553 उपभोक्ताओं के बीच आयोजित एक सिंडिकेटेड प्राथमिक शोध अध्ययन के आधार पर एसीसी और अंबुजा सीमेंट दोनों पहलुओं में आगे हैं। दोनों कंपनियों ने उद्योग में उच्च मानक स्थापित किए हैं। साथ ही, इनोवेशन, सस्टेनेबिलिटी और ग्राहक-केंद्रित समाधानों पर अपने फोकस के माध्यम से, उन्होंने लोगों की सभी अपेक्षाओं को पूरा किया है और विश्वसनीय नामों के रूप में अपनी प्रतिष्ठा को मजबूत किया है। श्री अजय कपूर, सीईओ - सीमेंट बिजनेस, अदाणी ग्रुप ने कहा, ''हम 'भारत के सबसे भरोसेमंद सीमेंट ब्रांड' के रूप में पहचाने जाने पर सम्मानित महसूस कर रहे हैं। यह प्रतिस्पर्धा के साथ गुणवत्ता, सस्टेनेबिलिटी और ग्राहकों को केंद्र में रखने पर लगातार ध्यान केंद्रित करने और हितधारकों के साथ बनाए गए विश्वास का परिणाम है। हमारी सफलता के मूल में पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी का दृढ़तापूर्वक पालन करते हुए ग्राहकों की उम्मीदों पर खरा उतरने का निरंतर प्रयास निहित है। हम उपभोक्ताओं के आभारी हैं कि उन्होंने हम पर ऐसा गहरा विश्वास जताया है। हम उन्हें यकीन दिलाना चाहते हैं कि हम उत्कृष्टता के उच्चतम मानकों को बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध हैं।''

टीआरए रिसर्च की वार्षिक रैंकिंग को उद्योग द्वारा अत्यधिक महत्व दिया जाता है, जो उपभोक्ता धारणाओं और प्राथमिकताओं के बारे में महत्वपूर्ण विजन प्रदान करता है। टीआरए की ब्रांड ट्रस्ट रिपोर्ट उसके स्वामित्व वाले 10 ब्रांड व्यवहारों पर किए गए व्यापक प्राथमिक शोध का परिणाम है, जो ब्रांड ट्रस्ट मैट्रिक्स बनाते हैं। यह रिपोर्ट अग्रणी भारतीय और वैश्विक संगठनों को उपभोक्ताओं के विचारों के बारे में महत्वपूर्ण विजन प्रदान करती है, जिससे उन्हें इस तेजी से बदलते समय में अपने ब्रांड के दायरे और प्रासंगिकता को बढ़ाने में मदद मिलती है।

कांग्रेस प्रत्याशी उचियारड़ा ने भरा नामांकन

रैली में उमड़ी जबरदस्त भीड़, गहलोत, पायलट व डोटासरा सहित कई कांग्रेस नेता आए

संजीवनी टुडे

जोधपुर। जोधपुर लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी करणसिंह उचियारड़ा ने जिला कलक्टर गौरव अग्रवाल के समक्ष अपना नामांकन पत्र पेश किया।इससे पहले उचियारड़ा की नामांकन रैली निकाली गई जिसमें भारी भीड़ उमड़ी। नामांकन के बाद राजकीय उम्मेद स्टेडियम में सभा हुई जिसे पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, पूर्व उप मुख्यमंत्री सचिन पायलट, कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंदसिंह डोटासरा सहित कांग्रेस के कई नेताओं ने संबोधित किया। करणसिंह उचियारड़ा की नामांकन रैली ओल्ड कैंपस से रवाना हुई। इस रैली में उचियारड़ा के साथ पूर्व राज्य मंत्री राजेंद्र सिंह सोलंकी, नगर निगम उत्तर की महापौर कुंती परिहार, पूर्व विधायक मनीषा पंवार, कांग्रेस के उत्तर जिलाध्यक्ष सलीम खान, दक्षिण जिलाध्यक्ष नरेश जोशी सहित कई कांग्रेस नेता शामिल हुए। रैली के राजकीय उम्मेद स्टेडियम में पहुंचने पर वह सभा में बदल गई। सभा को पूर्व सीएम अशोक गहलोत, प्रदेशाध्यक्ष गोविंदसिंह डोटासरा, पूर्व डिप्टी सीएम सचिन पायलट, कांग्रेस के राजस्थान प्रभारी सुखजिंदर रंधावा, नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली, पूर्व विधायक दिव्या मदेरणा सहित कांग्रेस के कई दिग्गज नेताओं ने संबोधित किया।

नीलकमल स्लीप के रणबीर कपूर बने ब्रांड एम्बेसडर

संजीवनी टुडे

नई दिल्ली। नीलकमल स्लीप ने बॉलीवुड एक्टर रणबीर कपूर को अपना ब्रांड एम्बेसडर घोषित कर दिया है। यह गठबंधन एक रोमांचक सफर शुरू होने का प्रतीक है, जहां ब्रांड ने मैट्रेस इंडस्ट्री में आमूलचूल बदलाव करने और ब्रांड की फिलॉसफी- ''थॉटफुली डिज़ाइंड फॉर यू'' को सामने लाने के लिए इस एक्टर से हाथ मिलाया है। 30 वर्षों से अधिक की समृद्ध विरासत के बल पर, नीलकमल ने खुद को भारत की एक अग्रणी फर्नीचर कंपनी के रूप में स्थापित कर लिया है। रणबीर कपूर के साथ हुआ यह गठबंधन नीलकमल स्लीप को ग्राहकों के लिए, खासकर नए ज़माने की ऑडियंस के बीच, नींद के सोच-समझकर तैयार किए गए समाधान की शक्ल में ऊंचा उठाने के लिए अहम भूमिका निभाएगा। भारत के एक सबसे प्रिय और बहुमुखी एक्टर के रूप में रणवीर की शख्सियत और उनकी विरासत, उत्पादों की पेशकश और

नवाचार के जरिए लोगों की नींद से जुड़ी विभिन्न जरूरतों को पूरा करने वाली ब्रांड की इस यात्रा के साथ बढ़िया मेल खाती है। नीलकमल स्लीप का उद्देश्य यह है कि गद्दे, बिस्तर, तकिए और एक्सेसरीज जैसे नींद के समाधानों की एक विस्तृत उत्पाद श्रृंखला पेश करके, हर ग्राहक के सोने की जरूरतों को पूरा किया जाए। इस घोषणा पर टिप्पणी करते हुए, नीलकमल स्लीप के हेड ईशान पारेख ने कहा, ल्हम नीलकमल स्लीप परिवार में अपने ब्रांड एम्बेसडर के तौर पर रणबीर कपूर का स्वागत करने को लेकर रोमांचित हैं। उनकी जोशीली शख्सियत हमारे ब्रांड के साथ पूरी तरह से मेल खाती है।

रामबाग गोल्फ क्लब, रूल्स एंड एटिकेट्स क्लिनिक प्रोग्राम का आयोजन



संजीवनी टुडे

जयपुर। रामबाग गोल्फ क्लब के 20 उभरते गोल्फर्स को हैंडीकैप एवं टेक्निकल कमेटी द्वारा हैंडीकैप्स आवंटित किए गए। क्लब के कैप्टन, शिरिष सचेती और मानद सचिव, हेम सिंह खंगारोत ने खिलाड़ियों को हैंडीकैप सर्टिफिकेट वितरित किए। इस अवसर पर हैंडीकैप कमेटी के संयोजक, अजय सिंह खींची और सह-संयोजक, अनुश शर्मा भी उपस्थित थे। उन्होंने गोल्फर्स को गोल्फ कोर्स पर अपनाए जाने वाले रूल्स और एटिकेट्स के बारे में भी जानकारी दी। इस अवसर पर कैप्टन, श्री सचेती ने कहा कि ''यह हर्ष का विषय है कि क्लब के 20 सदस्यों ने हैंडीकैप सर्टिफिकेट प्राप्त किए हैं। मुझे विश्वास है कि वे नियमित रूप से खेलेंगे और अपने हैंडीकैप में सुधार करेंगे और साथ ही नियमों का पालन भी करेंगे। कार्यक्रम के दौरान प्रत्येक गोल्फ खिलाड़ी को रूल बुक भी भेंट की गई। सर्टिफिकेट प्राप्त करने वाले सदस्यों में विकास जैन, सुमित जैन, सहज शर्मा, ओम शंकर धामानी, सौरभ भल्ला, गौरव भल्ला, सर्वदमन शर्मा, डॉ. प्रीतपाल सिंह कालरा, आरना एम चंद्रा, निधि लोयलका, अनिल पोद्दार, अजीत सिंह, डॉ. संदीप टंडन, ईवा सोनी, नील अग्रवाल, डॉ. जगदीश सिंह, सुभाष शर्मा, संजय सक्सैना, सिद्धार्थ शर्मा और चरण जीत सिंह शामिल थे।

एनसीसी उपमाहनिदेशक शर्मा ने वनस्थली विद्यापीठ में

संजीवनी टुडे

जयपुर। एनसीसी के राजस्थान निदेशालय के एयर कमोडोर सत्येंद्र शर्मा उप महानिदेशक एवं कमांडिंग आफिसर कर्नल बीएम. एस. परमार ने मंगलवार को वनस्थली विद्यापीठ में एनसीसी की गतिविधियों का निरीक्षण किया । इस अवसर पर विद्यापीठ की छात्राओं द्वारा उपमहानिदेशक एयर कमोडोर सत्येंद्र शर्मा का राजस्थानी परंपरा के अनुसार स्वागत कर ।जनरल सैल्यूट दिया गया ।विद्यापीठ की कुलपति प्रो .ईना आदित्य शास्त्री, निदेशक डॉ अंशुमान शास्त्री एवं विद्यापीठ के एनसीसी से जुड़े हुए अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे शर्मा ने विद्यापीठ की गतिविधियों का अवलोकन किया जिनमे सर्वप्रथम विद्यापीठ की जन्मस्थली श्री शांतिबाई शिक्षा कुटीर का अवलोकन कर स्थान के ऐतिहासिक महत्व को जाना इसके उपरांत कला मंदिर में छात्राओं द्वारा बनाई गई पेंटिंग एवं फ़ेस्को वर्क से बारे में जानकारी प्राप्त की। स्पोर्ट्स कांपलेक्स एवं स्कूल आफ एवियेशन, स्कूल आफ का डिजाइन, स्कूल का ऑटोमेशन द्वारा संचालित छात्राओं की गतिविधियों का अवलोकन किया छात्राओं द्वारा की जा रही विभिन्न खेलकूद गतिविधियों का भी अवलोकन किया एवं एनसीसी सीनियर विंग जूनियर विंग की छात्राओं से रूबरू होकर कर उनका मार्गदर्शन किया निरीक्षण के उपरांत विद्यापीठ की कुलपति से बैठक हुई जिसमें एनसीसी से जुड़े हुए विषयों पर विचार विमर्श किया गया विद्यापीठ की कुलपति द्वारा एयर कमोडोर सत्येंद्र शर्मा को प्रतिक चिन्ह देकर सम्मानित किया ।

जीवन जीने के सेहतमंद तरीके विटामिन सी की भूमिका को लेकर एबॅट का सर्वे

संजीवनी टुडे

जयपुर। इन दिनों लोगों में सेहत को लेकर जागरूकता बढ़ती जा रही है और महामारी के बाद वे अपनी लाइफस्टाइल में बदलाव करने के लिए ज्यादा इच्छुक नजर आते हैं सेहत को लेकर लोगों की बदलती जरूरतों को बेहतर समझने के लिए वैश्विक हेल्थकेयर कंपनी, एबॅट ने सर्वे के परिणाम को पूरे भारत में जारी किया। उन्होंने इप्सॉस के साथ मिलकर, जीवन जीने के सेहतमंद तौर-तरीकेः विटामिन सी की भूमिका को लेकर यह सर्वे किया था इस सर्वे में मुख्य रूप से यह बताया गया है कि 10 में से 7 उपभोक्ता की सेहत अच्छी थी, उनमें ऊर्जा का उच्च स्तर था और वे बिना किसी परेशानी के अपने रोजमर्रा के काम कर सकते हैं। डॉ. कार्तिक पीतांबरन, एसोसिएट डायरेक्टर, मेडिकल अफ़ेयर्स, एबॅट इंडिया का कहना है विटामिन सी, शरीर के इम्यून सिस्टम की रक्षा करने में मदद करता है, जिससे इम्युनिटी बढ़ती है। विटामिन सी से युक्त सप्लीमेंट श्वसन से जुड़े संक्रमणों से बचाव व उपचार के लिए जाना जाते हैं। साथ ही सेहत को इससे काफी फायदे होते हैं। हमारे इस सर्वे में संपूर्ण सेहत में विटामिन सी की भूमिका के बारे में बताया गया है। डॉ. पुनीत गुप्ता, डायरेक्टर एवं कंसल्टिंग फिजिशियन, सुवीरा हॉस्पिटल, जयपुर, ने कहा विटामिन सी के कई सारे स्वास्थ्य लाभ हैं, जैसे यह शरीर की प्रतिरक्षा और हड्डी की सेहत को मजबूती देता है, आयरन के अवशोषण को बढ़ाता है, घाव भरने में मदद करता है, स्वस्थ मसूड़े बनाए रखने में मदद करता है। विटामिन सी की कमी से पौष्टिकता में कमी होने लगती है। वे आगे कहते हैं विटामिन सी के लगातार सेवन से ना केवल इम्युनिटी के निर्माण में मदद मिलती है, बल्कि डायबिटीज जैसी गैर-संक्रमणकारी बीमारियों में भी लोगों को लाभ पहुंचाती हैं। ऐसे लोगों को इसके ज्यादा सेवन की जरूरत हो सकती है। ज्यादातर लोग अपनी बेहतर सेहत के लिए विटामिन सी के पर्याप्त स्तर को बनाए रखते हैं। विटामिन सी एक जरूरी माइक्रोन्यूट्रिएंट्स है और यह कई सारी शारीरिक क्रियाओं को बनाए रखने के लिए जरूरी होता है। साथ ही यह सेहत को कई सारे फायदे देने के लिए जाना जाता है इसके परिणामों में सामने आया है कि लोग विटामिन सी के बारे लोग क्या जानते हैं और इसे रोजमर्रा की जिंदगी में कैसे शामिल करते हैं। इप्सॉस ने नौ शहरों- मुंबई, दिल्ली, कोलकाता, चेन्नई, हैदराबाद, बेंगलुरू, कोच्चि, अहमदाबाद और पुणे में 2,000 से अधिक लोगों का सर्वे किया। कुछ प्रमुख परिणाम इस प्रकार हैं। लाभदायक पाया गयाः 52 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने कहा कि बारिश और ठंड के मौसम में विटामिन सी सप्लीमेंट लेने से कम बीमार पड़ते हैं, 61 प्रतिशत महिलाओं ने पाया कि बीमारियों से जल्दी ठीक होने में विटामिन सी फायदेमंद होता है। अनुमानित लाभः लगभग 60 प्रतिशत उत्तरदाता विटामिन सी सप्लीमेंट को बीमारियों के ठीक होने से जोड़कर देखते हैं, 65प्रतिशत उत्तरदाताओं ने माना कि विटामिन सप्लीमेंट संपूर्ण सेहत बनाए रखने में मदद करता है और 52प्रतिशत का मानना है कि यह हड्डियों व जोड़ों की सेहत बनाए रखने में मदद कर सकता है।, 73 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने माना बीमारियों से ठीक होने के लिए पर्याप्त पानी और संतुलित आहार जरूरी विटामिन सी के कम सेवन के प्रभावः 60 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने माना कि विटामिन सी की कमी से इम्युनिटी कमजोर होती है।

पूर्व राष्ट्रपति कोविंद अर्थशास्त्र, नीति-निर्माण और राजकोषीय संघवाद के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए देंगे सम्मान

संजीवनी टुडे

प्रो. जगदीश भगवती, डॉ. विजय केलकर और श्री एन के सिंह को विशेष टीआईओएल पुरुस्कारों देंगे

नई दिल्ली। आर्थिक, सार्वजनिक वित्त और कर संबंधित जटिल मुद्दों पर विचार-विमर्श के लिए प्रसिद्ध अग्रणी मंच 'टीआईओएल' 6 अप्रैल, 2024 को एक विशेष पुरुस्कार समारोह का आयोजन करेगा, जिसमें भारत के पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद अर्थशास्त्र एवं नीति-निर्माण में प्रगाढ़ एवं अद्वितीय प्रभाव के लिए विख्यात भारतीय-अमेरिकी अर्थशास्त्री और कोलंबिया विश्वविद्यालय में अर्थशास्त्र एवं विधि के प्राध्यापक प्रो जगदीश एन भगवती को प्रतिष्ठित 'टीआईओएल कौटिल्य ग्लोबल अवार्ड 2023' और प्रमुख नीति-निर्माता द्वय भारत के 13वें वित्त आयोग के अध्यक्ष डॉ विजय केलकर और 15वें वित्त आयोग के अध्यक्ष एन के सिंह को 'टीआईओएल फिस्कल हेरिटेज अवार्ड 2023' से सम्मानित करेंगे। इस एक दिवसीय समारोह का आयोजन नई दिल्ली के ताज मानसिंह होटल में किया जायेगा। इस अवसर पर 'पद्म भूषण' भारत के 16वें वित्त आयोग के अध्यक्ष और कोलंबिया विश्वविद्यालय में अर्थशास्त्र के प्राध्यापक एवं भारतीय राजनीतिक अर्थशास्त्र के जगदीश भगवती प्राध्यापक प्रो. (डॉ.) अरविन्द पनगड़िया विशेष रूप से संबोधित करेंगे। इस कार्यक्रम को संबोधित करनी वाले प्रसिद्ध व्यक्तियों में संयुक्त राज्य अमेरिका के पूर्व ट्रेजरी सेक्रेटरी श्री लैरी एच समर्स, लन्दन स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स के प्रो लॉर्ड निकोलस स्टर्न, आरबीआई के पूर्व गवर्नर डॉ सी रंगराजन, तमिल नाडु के आईटी एवं डिजिटल सर्विसेज मंत्री डॉ पी त्याग राजन, वर्ल्ड इकनोमिक फोरम के चेयरमैन प्रो क्लॉस स्च्वाब और उच्चतम न्यायलय के पूर्व न्यायाधीश एवं टीआईओएल पुरुस्कार समिति के अध्यक्ष न्यायमूर्ति शिव कीर्ति सिंह शामिल रहेंगे। इस विशेष समारोह पर टिप्पणी करते हुए टीआईओएल फाउंडेशन के चेयरमैन शैलेन्द्र कुमार ने कहा, ''हमारा यह सौभाग्य है कि हम इस विशेष समारोह का आयोजन कर रहे हैं। प्रो जगदीश भगवती, डॉ विजय केलकर और एन के सिंह अर्थशास्त्र के क्षेत्र महान व्यक्तित्व हैं, और नीति-निर्माण पर उनका प्रभाव इतना व्यापक एवं प्रगाढ़ है कि भारतीय और वैश्विक अर्थव्यवस्थाओं की विशाल सेवाओं के लिए सम्मान का एक प्रतीक चिन्ह देते हुए टीआईओएल फोडेशन में हम सभी गौरव का अनुभव कर रहे हैं। पुरुस्कार समारोह के दिन ज्ञान एवं बुद्धिमत्ता बातें सुनने की भी प्रतीक्षा रहेगी।

'नशा मुक्ति अभियान चलाकर 4 लाख लोगों को दिया नया जीवनदान, सर्वजातीय कन्यादान योजना की किया शुरुआत

संजीवनी टुडे

चाकसू। यहा अष्टमी के उपलक्ष में श्री राम महाराज ने फिर से 11 बच्चियों को 22 लाख रुपए का किया सहयोग मां भद्रकाली सर्वजातीय कन्यादान योजना लोगों के लिए वरदान साबित होती जा रही है । और संपूर्ण क्षेत्र में श्री राम महाराज को चाहने वालों की बढ़ने लगी है । और वही संख्या गरीब लोगों में आने लगी है खुशी की लहर श्री राम महाराज ने कहा कि जब तक यह मानव रूपी शरीर है जब तक जनता की सेवा करूंगा अब तक श्री राम महाराज ने नशा मुक्ति अभियान चलाकर लगभग चार लाख लोगों को एक नया जीवन जीने का रास्ता दिखाया है । और अष्टमी के शुभ अवसर पर इन बच्चियों का किया सहयोग नरेश गुर्जर पिता गिर्राज गुर्जर गांव मित्रपुरा जिला सवाई माधोपुर सपना रेगर पिता जगदीश रेगर गांव बोली जिला सवाई माधोपुर प्रशन गुर्जर पिता गिरिराज गुर्जर गांव मित्रपुरा जिला सवाई माधोपुर प्रिया वर्मा मां सुनीता देवी ग्राम बोली जिला सवाई माधोपुर कविता वर्मा पिता शिव दयाल वर्मा गांव बहड तहसील निवाई जिला टोंक मनीषा प्रजापत पिता चरनजी लाल प्रजापत गांव पीली तलाई टोंक खुशबू प्रजापत पिता हरिराम प्रजापत गांव चुल्ली बरवास जिला टोंक सपना प्रजापत पिता रामलाल प्रजापत गांव चौथ का बरवाड़ा जिला सवाई

माधोपुर मनीषा गुर्जर पिता प्रहलाद गुर्जर गांव सेदरिया निवाई जिला टोंक विनीता गुर्जर पिता मोहनलाल गुर्जर गांव लाखनपुर तहसील बोली जिला सवाई माधोपुर लाली कोठारी पिता मोहन कोठारी गांव गुगडोद तहसील बोली जिला सवाई माधोपुर इन 11 बच्चियों के लिए करीब 22 लाख का उपहार भेंट करके बड़ी धूमधाम से शादी करवाई इस मौके पर श्री राम महाराज के भगत हरियाणा पंजाब दिल्ली चंडीगढ़ जयपुर जोधपुर प्रतापगढ़ भीलवाड़ा टोंक सवाई माधोपुर के सैकड़ो लोग मौजूद रहे महेंद्र मीणा कांटोली दिलखुश लालसोट कमलेश सिंगर सिधडा विकास मीणा अनिल मीणा कांटोली मुकेश जाट जगन्नाथ बैरवा इस प्रकार सैकड़ो लोग रहे मौजूद 16 अप्रैल 2024 को फिर से 11 लड़कियों को अष्टमी के उपलक्ष पर उपहार देकर करेंगे श्रीराम महाराज मदद अब तक लगभग 90 लड़कियों को दे चुके हैं उपवर कल 500 लड़कियों की करवाएंगे शादी इसी के साथ नवरात्रि में भगवान शिव का एक ऐसा मंदिर बनाने का मुहूर्त लगाएंगे श्री राम महाराज जो अभी तक संपूर्ण भारत में कहीं पर भी नहीं है ।

सम्पादक की कलम से....

सम्पादकीय

घोषणाओं में नहीं खेत में छिपा है किसानों की समस्याओं का हल

पिछले दो तीन सालों से देश का किसान फिर चर्चाओं में आ गया है। चर्चा इस मायने में कि किसानों की मजबूरी को सीढ़ी बनाकर देश के करीब?करीब सभी राजनीतिक दल अपनी चुनावी वैतरणी पार करने की जुगत लगा रहे हैं। किसानों की बदहाली और खेती किसानी से होने वाली आय को लेकर आज सभी राजनीतिक दल चिंतित है। लगभग सभी दल और किसानों से जुड़े संगठन किसानों की ऋण माफी की बात तो करते ही हैं तो कोई कृषि उपज का लाभकारी मूल्य दिलाने, कोई अनुदान बढ़ाने या कोई किसानों को दूसरी रियायते देने पर जोर दे रहे हैं। मजे की बात यह है कि अब तो निरमा की साफ धुलाई के विज्ञापन की तर्ज पर राजनीतिक दल एक दूसरे की ऋण माफी या दूसरी घोषणाओं पर तंज कसते हुए अपनी योजनाओं को अधिक किसान हितेषी बताने की जुगत में भी लगे हैं। मजे की बात यह भी है कि ऋण माफी या दूसरी इसी तरह की घोषणाएं किसानों की तात्कालिक समस्या को तो हल कर देगी पर दीर्घकालीन कृषि विकास में कितनी कारगर होगी यह भविष्य के गर्व में छिपा है। राजनीतिक दलों की भी यह मजबूरी है। चुनावी वैतरणी किसी वैशाखी के सहारे ही पार की जा सकती है। फिर किसान देश का सबसे बड़ा वोट बैंक जो है और अब यह भी लगने लगा है कि तात्कालिक लाभकारी कार्यक्रमों के माध्यम से चुनावी नैया पार की जा सकती है।

आजादी के बाद देश में कृषि विज्ञानियों ने अपने शोध व अध्ययन के माध्यम से तेजी से कृषि उत्पादन बढ़ाने की दिशा में काम किया है। अधिक उपज देने वाली व देश के प्रदेश विशेष की भोगोलिक स्थिति के अनुसार जल्दी तैयार होने वाली किस्मों का विकास हुआ है। रोग प्रतिरोधक क्षमता व उर्वरा शक्ति बढ़ाने की दिशा में नए नए प्रयोग हुए हैं। खेती किसानी को आसान बनाने के लिए एक से एक कृषि उपकरण बाजार में आए हैं। इस सबके बावजूद हमारी खेती किसानी दिशाहीन रही है और इसका कारण रहा है बिना आगे पीछे सोचे अंधाधुंध प्रयोग। आज रासायनिक उर्वरकों के अंधाधुंध उपयोग से मिट्टी की उर्वरा शक्ति प्रभावित हुई है तो कीटनाशकों के अत्यधिक उपयोग से खाद्य सामग्री तक दूषित होने लगी है। गांवों में ट्रैक्टरों की पहुंच अधिकांश किसानों तक हो गई है। हांलाकि इस सबके पीछे सरकार की आसान ऋण योजनाएं और कृषि वैज्ञानिकों के अथक परिश्रम है। पर इतना सबकुछ होने के बाद किसानों की आत्महत्या या किसानों की बदहाली आज भी मुद्दा बना हुआ है तो यह अपने आप में गंभीर हो जाता है। किसानों की बदहाली के इन्हीं कारणों का हल ढूंढते एकला चालो रे की तर्ज पर देश के कोने कोने के प्रगतिशील किसान अपनी सीमित संसाधनों से विकास की नई इबारत लिखने में लगे हैं तो दूसरी और देश के इने गुने किसान हितेषी चिंतक इन प्रगतिशील किसानों को उपयुक्त मंच दिलाने के लिए प्रयासरत है। इन गुदड़ी के लाल किसानों को सामने लाकर दूसरे किसानों को इनसे प्रेरणा लेने के लिए उत्साहित प्रोत्साहित करने में लगे हैं।

पिछले कई दशकों से खेतों के वैज्ञानिकों की आवाज बने जाने माने कृषि लेखक डॉ महेन्द्र मधुप की अन्नदाताओं को समर्पित चौथी पुस्तक सामने आई है जिसमें अपने बलबूते पर खेती किसानी को आसान व लाभदायी बनाने में जुटे किसानों को पहचान दिलाने का सार्थक प्रयास किया गया है। डॉ. महेन्द्र मधुप ने अपनी चौथी पुस्तक अन्वेषक किसान में देश के अलग अलग कोनों में तपस्यारत किसानों की शौर्य गाथा को इस पुस्तक में पिरोया है। इससे पहले की तीन पुस्तकों में भी डॉ. मधुप में खेत खलिहान से लेकर अपने बलबूते पर खेती को आसान बनाने में जुटे किसानों की गाथा को उजागर किया है। कश्मीर का किसान जहां कहता है कि समस्या का समाधान गोली नहीं कृषि को सरल बनाने में छिपा है तो कोई सरकारी सहायता की जगह प्रोत्साहन की बात करते हैं। आज कृषि विज्ञानी रासायनिक उर्वरकों और कीटनाशियों के दुष्प्रभाव से चिंतित है और यही कारण है कि सभी लोग ओरगनिक खेती को श्रेयष्कर मानने लगे हैं। नार्थ इस्ट को तो ओरगनिक खेती का केन्द्र ही बनाया जा रहा है। इसी तरह से देश के कई हिस्सों में ओरगनिक खेती को बढ़ावा देने के लिए पायलट प्रोजेक्ट के रुप में काम होने लगा है। परंपरागत खेती को प्रोत्साहित किया जाने लगा है। पशुधन को खेती का सहायक व आय बढ़ाने का माध्यम बनाया जाने लगा है। हमारी पुरातन कृषि व्यवस्था में खेती और पशुपालन एक दूसरे के पूरक रहे हैं। आज एक बार फिर पशुपालन को बढ़ावा देने की बात की जा रही है।

आज का राशिफल

यह राशिफल जन्म राशि पर आधारित है। व्यक्ति के जन्म के समय चंद्रमा जिस राशि पर थे, वही उसकी जन्म राशि होती है। यदि राशि की जानकारी आपको नहीं है तो अपने नामाक्षर से राशिफल देखें।

मेष (चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ) : आज भाग्य से कोई नया प्रस्ताव मिल सकता है। सरकारी काम आसानी से बन जाएंगे। अधिकारी सहयोग करेंगे। किसी चैरिटी आदि में धन खर्च करेंगे। मित्रों के साथ पार्टी में जा सकते हैं।

वृषभ (ई,उ,ए,ओ,वा,वी,वू,वे,वो) : सुख-सुविधाओं पर खर्च होगा। व्यक्तिगत मामलों में गलतफहमी को जन्म देने वाली कोई बात हो सकती है। परिवार के साथ पार्टी में जा सकते हैं। कोई नया प्रस्ताव यदि आज मिलता है।

मिथुन (क,की,कू,घ,ङ, छ, के,को, ह) : कार्यों को मन लगाकर पूरा करेंगे। आपकी बढ़ते प्रभाव से कुछ लोगों को परेशानी हो सकती है। आज की गई मेहनत का पूरा फल नहीं मिलेगा। व्यक्तिगत मामलों को सावधानी से हल करें।

कर्क (ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डो) : किसी योजना का क्रियान्वयन हो जाएगा। अधूरे काम भी किसी न किसी सहयोग से आज पूरे हो जाएंगे। धैर्यपूर्वक निर्णय लेने पड़ेंगे। भाग-दौड़ बनी रहेगी, परंतु यात्रा करना आज ठीक नहीं रहेगा।

सिंह (मा, मी, मू, मे, मो, टा, टी, टू, टे) : परिवार के बड़े सदस्यों की आज्ञा मान कर चलेंगे तो फायदे में रहेंगे। लाभ के एक से अधिक अवसर सामने होंगे। चाहा गया सहयोग नहीं मिलने से काम खुद ही पूरे करने पड़ेंगे। बड़े भाई से लाभ होगा।

कन्या (टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो) : आज घर और बाहर दोनों जगह आपके काम की सराहना होगी। काम के घंटे बढ़ जाएंगे अतः पिछले छूटे कामों को पहले पूरा कर लें। अधिकारी वर्ग प्रसन्न रहेगा। विद्यार्थी वर्ग लाभ में रहेगा।

तुला (रा, री, रू, रे, रो, ता, ती, तू, ते) : आज काम बनने में थोड़ी असुविधा हो सकती है। विरोधियों से सावधान रहना होगा। प्रोपर्टी के खरीदने या बेचने से संबंधी बात हो सकती है। पुराने मित्रों से मुलाकात होने की संभावना है।

वृश्चिक (तो, ना, नी, नू, ने, नो, या, यी, यू) : व्यावसायिक कार्यों का विस्तार करने के लिए अतिरिक्त परिश्रम करना पड़ेगा। सहयोग मिल जाने से थोड़ी आसानी हो जाएगी। व्यक्तिगत संबंधों में सौहार्द्र की भावना बढ़ने से मन प्रसन्न होगा।

धनु (ये, यो, भ, भी, भू, धा, फा, ढा, भे) : आज का दिन महत्वपूर्ण काम करने के लिए नहीं है। निजी समस्याओं को अपने ऊपर हावी न होने दें। परिवार के साथ समय बिताना आवश्यक है, चाहें तो कहीं आउटिंग के लिए जा सकते हैं।

मकर (भो, जा, जी, खी, खू, खे, खो, ग, गी) : आज स्वास्थ्य का ध्यान रखना होगा, परंतु काम फिर भी आसानी से बन जाएंगे। लाभ की कोई नई योजना बनाकर उस पर अमल करेंगे। मित्र विशेष सहयोगी बनकर सामने आएंगे।

कुंभ (गू, गे, गो, सा, सी, सू, से, सो, दा) : आज घर की बुजुर्ग स्त्री की सलाह काम आएगी, महत्वपूर्ण निर्णय लेते समय उसको नजरअंदाज ना करें। यात्रा करना हित में नहीं रहेगा, बहुत जरूरी हो तो पहले मंदिर जाएं फिर यात्रा करें।

मीन (दी, दू, थ, झ, ञ, दे, दो, चा, ची) : आज योग्यता दिखाने का उचित अवसर मिलेगा। लाभ देने वाली छोटी यात्रा की संभावना है। बडी प्रतिस्पर्धा में भी विजयी होंगे। वाहन धीमी गति में चलाएं, अन्य कामों में भी जल्दबाजी ना करें।

पर्दा जो उठ गया तो भेद खुल जाएगा

भारतीय राजनीति जो कभी आदर्शों व सिद्धांतों पर आधारित राजनीति समझी जाती थी,ऐसा लगता है धीरे धीरे अपने निम्नतम स्तर पर पहुँच चुकी है। इसकी मुख्य वजह यही है कि अब राजनीति में सिद्धांतवादी,स्वाभिमानी,ईमानदार,चरित्रवान,सत्यवादी तथा राष्ट्रभक्ति का जज़्बा रखने वाले नेताओं की काफ़ी कमी हो गयी है। यही वजह है कि हमारे रहनुमाओं द्वारा सच्चाई को छुपाने के लिए अब 'झूठ का पर्दा' डालने की रीति शुरू की जा चुकी है। याद कीजिए 3 से लेकर 14 अक्टूबर 2010 के बीच राजधानी दिल्ली में आयोजित किया गया बहुचर्चित १९वां राष्ट्रमंडल खेल। उस दौर में जिन रास्तों से अंतर्राष्ट्रीय अतिथियों व खिलाड़ियों को गुज़रना था उन रास्तों के किनारों पर 6-8 और कहीं कहीं 10 फ़ुट ऊँचे रंग बिरंगे होर्डिंग्स व फ़्लेक्स आदि लगाकर सड़क के पीछे के उन दृश्यों को छुपाने का काम किया गया था जो राष्ट्रमंडल खेल के मेज़बान, दिल्ली की सुंदरता में एक धब्बा साबित हो सकते थे। सरकार ने उन बदनुमा धब्बों को मिटने के बजाए उन्हें छुपाना ज़्यादा बेहतर समझा। परन्तु जब मीडिया अपने कर्तव्यों का निर्वाहन करते हुए उन होर्डिंग्स व फ़्लेक्स के पीछे भी झांक कर उन छिपे हुए दृश्यों की हक़ीक़त भी बयान करने लगे फिर आख़िर इस फ़ुज़ूल के अभ्यास से क्या हासिल ? सिवाय इसके कि सरकार 'पर्दा दारी' के इस अनावश्यक खेल में भी जनता के पैसों को फूंकने का ही प्रयास करती है ? बल्कि जब मीडिया सरकार द्वारा 'गोबर पर चांदी का वर्क़' लगाने जैसे इस तरह के प्रयासों के पोल खोलती है तो सरकार की और भी अधिक फ़ज़ीहत होती है?

ऐसे ही दृश्य देश ने गुजरात में भी उस समय देखे थे जब 24 फ़रवरी 2020 को तत्कालीन अमेरिकी राष्ट्रपति 'नमस्ते ट्रंप ' कार्यक्रम में हिस्सा लेने अहमदाबाद पधारे थे। उस समय राष्ट्रपति ट्रंप को हवाई अड्डे से निकलकर जिन 'रोड शो' वाले निर्धारित रास्तों से गुज़ारना था उन रास्तों में कई जगह ग़रीबों की झुग्गी बस्तियां आबाद थीं। हमारे 'यशस्वी प्रधानमंत्री ' नहीं चाहते थे कि उनके 'मित्र' ट्रंप की नज़र उन ग़रीबों की बस्तियों व उनके परिवार के लोगों व उनके रहन सहन पर पड़े और उनका 'यश' 'अपयश' में बदल जाए । नेताओं को तो फ़क़त ग़रीबों के वोट की दरकार होती है। न कि उनके रहन सहन की शैली में सुधार करने की न ही उनका जीवन स्तर ऊपर उठाने की। इसीलिए उस समय लगभग 5000 की आबादी वाली उन ग़रीबों की झुग्गीनुमा बस्तियों को ट्रंप की नज़रों से छुपाने के लिए युद्ध स्तर पर दिन रात काम कराकर लगभग 600 मीटर लंबी ईंटों की पक्की दीवार तैयार कराई गयी। दीवार का भीतरी भाग तो कोरा रखा गया जबकि सड़क की ओर के भाग में प्लास्टर कर उसपर भारत अमेरिका मैत्री तथा मोदी-ट्रंप के रंग बिरंगे चित्र व स्वागत संबंधी अनेक नारे व चित्रों की आकर्षक पेंटिंग बनाई गयी। बेशक राष्ट्रपति ट्रंप की नज़रों से ग़रीबों की झुग्गियां तो उस समय ज़रूर छुप गयीं। परन्तु कई अमेरिकी पत्रकारों की नज़रों से भारत व गुजरात सरकार की लीपापोती की यह कार्रवाई नहीं छुप सकी। देशी-विदेशी पत्रकारों के कैमरों ने दीवार के पीछे झांकना शुरू कर दिया। इसका नतीजा यह हुआ कि अनेक भारतीय व विदेशी ख़ासकर अमेरिकी अख़बारों में दीवार के दोनों ओर के चित्र प्रकाशित हुए। कई ग़रीब झुग्गीवासियों के साक्षात्कार प्रकाशित व प्रसारित हुए जिसमें उन ग़रीबों ने अपने इस दर्द का इज़हार किया कि ग़रीबी और अमीरी के बीच यह दीवार खड़ी कर सरकार ने उन्हें उनके घरों के सामने से गुज़र रहे एक अति महत्वपूर्ण अतिथि का दर्शन नहीं करने दिया और उनका स्वागत करने का मौक़ा नहीं दिया। दुनिया के कई देशों के अख़बारों ने इस विषय को गंभीरता से उठाया व संपादकीय तक लिखे।

परन्तु 'सच पर झूठ का पर्दा' डालने का यही सिलसिला अब एक ऐसे ख़तरनाक दौर में आ पहुंचा है जबकि सरकार द्वारा गन्दिगी,गड्ढे या ग़रीबों की बस्तियां नहीं बल्कि जलती हुई चिताओं को छुपाने की कोशिश की जा रही है। जो सरकारें कोरोना से लड़ने में सरकारी प्रयासों का झूठा गुणगान करते नहीं थक रही थीं। जिन्होंने कोरोना को 21 दिन में मात देने के दावे किये थे,सीधे साधे भोले भाले देशवासियों से कभी ताली-थाली बजवाकर तो कभी टॉर्च व दीये जलवाकर 'आपदा में अवसरवादिता ' का खेल खेला था। और तो और अरबों रूपये इसी कोरोना से संघर्ष के नाम पर वसूल किये थे। कोरोना की वर्तमान चिंताजनक स्थिति ने उन सभी ख़ुशफ़हमियों की पोल खोल कर रख दी है। सरकार के लिए नया संसद भवन बनवाना,प्रधानमंत्री व राष्ट्रपति के लिए नए विशेष विमान ख़रीदना,सरदार पटेल की विश्व की सबसे ऊँची प्रतिमा बनवाना तो उसकी प्राथमिकता है परन्तु पिछले डेढ़ वर्ष के कोरोना काल से सरकार ने यह सबक़ नहीं लिया कि कम से कम देश के सभी शहरों,ज़िलों,व तहसीलों में कोरोना के लिए विशेष केंद्र स्थापित कर लेती?

कोरोना संबंधी ज़रुरत सभी सामग्री जुटा लेती। यही वजह है कि आज बेक़ाबू हो रहे हालात में सरकार को न केवल कोरोना प्रभावित लोगों के आंकड़े छुपाने पड़ रहे हैं बल्कि कोरोना से मरने वालों के आंकड़ों को भी छुपाने की ज़रुरत महसूस होने लगी है। उत्तर प्रदेश व मध्य प्रदेश जैसे बड़े राज्यों से कई ऐसे समाचार आ रहे हैं जिनसे पता चलता है कि कोरोना के चलते होने वाली मौतों की संख्या सरकार द्वारा जारी आंकड़ों से कहीं अधिक है। मध्य प्रदेश में तो एक ऐसे अधिकारी को भी निलंबित कर दिया गया जो मीडिया के पूछने पर कोरोना से निपटने की सरकारी क़वायद का सही सही चित्रण कर रहा था। यानी झूठी लीपापोती करने के बजाय सही स्थिति से अवगत करा रहा था। इसी तरह पिछले दिनों लखनऊ के अति व्यस्त शमशान घाट, बैकुंठ धाम की चहारदीवारी को टीन की ऊँची दीवारें खड़ी कर सिर्फ़ इसलिए ढक दिया गया ताकि अनेकों चिताओं का एक साथ जलना लोगों विशेषकर मीडिया को दिखाई न दे। उत्तर प्रदेश में भी लखनऊ सहित अनेक शहरों में सरकार द्वारा कोरोना प्रभावित मृतकों के जो आंकड़े जारी किये जा रहे हैं वह मृतकों की संख्या से मेल नहीं खाते। इसीलिए लखनऊ में शमशान के पीछे की सही स्थिति को छुपाने के लिए टीन की चादरों की ऊँची चहारदीवारी बनाई गयी है। अफ़सोस है कि हमारे 'योग्य व यशस्वी' नेता सच बताने पर नहीं बल्कि छुपाने और सच पर पर्दा पोशी करने पर यक़ीन रखते हैं। सवाल यह है कि क्या पर्दा डालने मात्र से किसी ऐब या कमी को छुपाया जा सकता है ? इन शातिर राजनेताओं को ज़रूर सोचना चाहिए कि झूठ का 'पर्दा जो उठ गया तो भेद खुल जाएगा'।

विचार बिन्दु

तनवीर जाफ़री

कोरोना संबंधी ज़रुरत सभी सामग्री जुटा लेती। यही वजह है कि आज बेक़ाबू हो रहे हालात में सरकार को न केवल कोरोना प्रभावित लोगों के आंकड़े छुपाने पड़ रहे हैं बल्कि कोरोना से मरने वालों के आंकड़ों को भी छुपाने की ज़रुरत महसूस होने लगी है। उत्तर प्रदेश व मध्य प्रदेश जैसे बड़े राज्यों से कई ऐसे समाचार आ रहे हैं जिनसे पता चलता है कि कोरोना के चलते होने वाली मौतों की संख्या सरकार द्वारा जारी आंकड़ों से कहीं अधिक है। मध्य प्रदेश में तो एक ऐसे अधिकारी को भी निलंबित कर दिया गया जो मीडिया के पूछने पर कोरोना से निपटने की सरकारी क़वायद का सही सही चित्रण कर रहा था।

काम, क्रोध और अहंकार से मुक्ति दिलाता है स्कंद षष्ठी का व्रत

मास की षष्ठी तिथि को स्कंद षष्ठी मनायी जाती है। इस दिन व्रत रखने से संतान के कष्ट दूर होते हैं और व्यक्तियों में पायी जाने वाली तामसिक प्रवृत्तियों का नाश होता है। तो आइए स्कंद षष्ठी की महिमा पर चर्चा करते हैं। यह व्रत भगवान शिव और माता पार्वती के पुत्र स्कंद को समर्पित होने के कारण स्कंद षष्ठी के नाम से जाना जाता है। जैसे गणेश जी के लिए महीने की चतुर्थी के दिन पूजाऽअर्चना की जाती है उसी प्रकार उनके बड़े भाई कार्तिकेय या स्कंद के लिए महीने की षष्ठी के लिए उपवास किया जाता है। उत्तर भारत में कार्तिकेय को गणेश का बड़ा भाई माना जाता है लेकिन दक्षिण भारत में कार्तिकेय गणेश जी के छोटे भाई माने जाते हैं। इसलिए हर महीने की षष्ठी को स्कंद षष्ठी मनायी जाती है। षष्ठी तिथि कार्तिकेय जी की होने के कारण इसे कौमारिकी भी कहा जाता है। दक्षिण भारत के साथ उत्तर भारत में भी यह पर्व हर्षोल्लास से मनाया जाता है। संतान के कष्टों को कम करने और अपने आस-पास की नकारत्मक ऊर्ज़ा की समाप्ति में यह व्रत फायदेमंद होता है। ब्रह्मवैवर्त पुराण में कहा गया है कि स्कंद षष्ठी के कारण प्रियव्रत का मृत शिशु जीवित हो गया था। ऐसा माना जाता है कि भगवान शंकर के तेज से पैदा हुए स्कंद को 6 कृतिकाओं ने अपना दूध पिला कर पाला था। साथ ही स्कंद की उत्पत्ति अमावस्या की अग्नि से हुई थी। दक्षिण भारत में स्कंद मुरूगन के नाम से प्रसिद्ध हैं। स्कंदपुराण के उपदेष्टा कार्तिकेय हैं। यह पुराण और पुराणों में सर्वश्रेष्ठ माना जाता है। कार्तिकेय को देवताओं ने सेनापति बनाया था और उन्होंने तारकासुर का वध किया था।

कार्तिकेय की पूजा दीयों, गहनों, कपड़ों और खिलौनों से की जाती है। यह शक्ति, ऊर्ज़ा और युद्ध के प्रतीक हैं। संतान के कष्टों को कम करने और उसे अनंत सुख की प्राप्ति के लिए भगवान कार्तिकेय की पूजा की जाती है। साथ ही किसी प्रकार के विवाद और कलह को समाप्त करने में स्कंद षष्ठी का व्रत विशेष फलदायी है। मंदिर में भगवान कार्तिकेय की विधिवत पूजा करें। उन्हें बादाम, काजल और नारियल से बनीं मिठाइयां चढ़ाएं।

इसके अलावा बरगद के पत्ते और नीले फूल चढ़ा कर भगवान कार्तिकेय की श्रद्धा पूर्वक पूजा करें। इस व्रत को करने वाले भक्त को अहंकार, काम और क्रोध से मुक्ति मिलती है। जो भी साधक इस दिन उपवास रखकर पूजा करता है उसे मांस, शराब, लहसुन और प्याज का सेवन नहीं करना चाहिए। ऐसा माना जाता है कि इस भोग पदार्थों के सेवन से तामसिक प्रवृत्ति जागृति हो जाती है जो उपासक के विवेक को नष्ट कर देता है। ऐसी मान्यता है कि स्कंद षष्ठी के पूजन से च्यवन ऋषि को आंखी में रोशनी मिली थी। हिन्दू पंचांग के अनुसार स्कंद षष्ठी का दिन खास होता है। इस दिन अच्छा मुहूर्त होने के कारण आप किसी भी नए काम की शुरूआत कर सकते हैं। इसके अलावा नया वाहन खरीदना हो या किसी व्यवसाय की शुरूआत करनी हो सभी कामों के लिए यह दिन लाभदायी सिद्ध होता है।

03 अप्रेल की महत्त्वपूर्ण घटनाएँ

2001 संयुक्त राज्य अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति बिल क्लिंटन भारत यात्रा पर पहुँचे, भारत और डेनमार्क के बीच चार वर्ष के बाद पुनः वार्ता।

2002 पाकिस्तान के राष्ट्रपति परवेज मुशर्रफ़ की जनमत संग्रह की योजना को मंत्रिमंडल की मंजूरी मिली।

2006 नेपाल में माओवादियों ने संघर्षविराम की घोषणा की।

2007 नई दिल्ली में 14वाँ सार्क सम्मेलन शुरू।

2008 प्रकाश करात को माकपा का पुनः महासचिव चुना गया। मेधा पाटकर को राष्ट्रीय क्रांतिवीर अवार्ड, 2008 से अलंकृत किया गया।

जन्मे व्यक्ति

1903 कमलादेवी चट्टोपाध्याय - समाजसुधारक, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी तथा भारतीय हस्तकला के क्षेत्र में नवजागरण लाने वाली गांधीवादी महिला।

1914 सैम मानेकशॉ - भारतीय सेना के भूतपूर्व अध्यक्ष, जिनके नेतृत्व में भारत ने सन 1971 में हुए भारत-पाकिस्तान युद्ध में विजय प्राप्त की थी।

1918 ओलेस गोनचार, प्रसिद्ध उक्रेनी लेखक तथा उपन्यासकार।

1929 निर्मल वर्मा- साहित्यकार

1931 मन्नू भंडारी- साहित्यकार

1954 डॉ. के. कृष्णास्वामी- राजनेता और फिजीशियन

1955 हरिहरन- गायक

नारी के अखंड सौभाग्य का पर्व है गणगौर

विचार बिन्दु

ललित गर्ग

गणगौर का पर्व दायित्वबोध की चेतना का संदेश हैं। इसमें नारी की अनगिनत जिम्मेदारियों के सूत्र गुम्फित होते हैं। यह पर्व उन चौराहों पर पहरा देता है।

राजस्थान की उत्सव संस्कृति जहां समृद्ध है वहीं उसमें जीवन के रंग, कला, शौर्य, पराक्रम एवं बलिदान की भावना देखने को मिलती है। यहां का सिरमौर पर्व है गणगौर। इस पर्व में राजस्थान की बहुरंगी संस्कृति, शौर्य और भावों का एक साथ मिलन देखने को मिलता है। एक से बढ़कर एक अद्भुत और अविस्मरणीय संस्कृति के रंग इस पर्व से जुड़े हैं, जो कला और संस्कृति की समृद्धि को सुशोभित करते हैं, जिससे राजस्थानी महिलाओं का जीवन रंग संस्कृति और उत्सव से भरा हुआ दिखाई पड़ता है। गणगौर मेले का आयोजन भी महिलाओं एवं कन्याओं की मस्ती के साथ और मस्ती के लिए किया जाता है। गणगौर का त्यौहार सदियों पुराना हैं। हर युग में कुंआरी कन्याओं एवं नवविवाहिताओं का अपितु संपूर्ण मानवीय संवेदनाओं का गहरा संबंध इस पर्व से जुड़ा रहा है। यद्यपि इसे सांस्कृतिक उत्सव के रूप में मान्यता प्राप्त है किन्तु जीवन मूल्यों की सुरक्षा एवं वैवाहिक जीवन की सुदृढ़ता में यह एक सार्थक प्रेरणा भी बना है। गणगौर शब्द का गौरव अंतहीन पवित्र दाम्पत्य जीवन की खुशहाली से जुड़ा है। कुंआरी कन्याएं अच्छा पति पाने के लिए और नवविवाहिताएं अखंड सौभाग्य की कामना के लिए यह त्यौहार हर्षोल्लास के साथ मनाती हैं, व्रत करती हैं, सज-धज कर सोलह शृंगार के साथ गणगौर की पूजा की शुरुआत करती है। पति और पत्नी के रिश्तें को यह फौलादी सी मजबूती देने वाला त्यौहार है, वहीं कुंआरी कन्याओं के लिए आदर्श वर की इच्छा पूरी करने का मनोकामना पर्व है। यह पर्व आदर्शों की ऊंची मीनार है, सांस्कृतिक परम्पराओं की अद्वितीय कड़ी है एवं रीति-रिवाजों का मान है।

गणगौर का त्यौहार होली के दूसरे दिन से ही आरंभ हो जाता है जो पूरे अठारह दिन तक लगातार चलता है। चैत्र कृष्ण प्रतिपदा से कुंआरी कन्याएं और नवविवाहिताएं प्रतिदिन गणगौर पूजती हैं, वे चैत्र शुक्ला द्वितीया (सिंजारे) के दिन किसी नदी, तालाब या सरोवर पर जाकर अपनी पूजी हुई गणगौरों को पानी पिलाती हैं और दूसरे दिन सायंकाल के समय उनका विसर्जन कर देती हैं। अठारह दिनों तक चलने वाले इस त्यौहार में होली की राख से सोलह पीण्डियां बनाकर पाटे पर स्थापित कर आस-पास ज्वारे बोए जाते हैं। ईसर अर्थात शिव रूप में गण और गौर रूप में पार्वती को स्थापित कर उनकी पूजा की जाती है। मिट्टी से बने कलात्मक रंग-रंगीले ईसर गण-गौर झुले में झुलाए जाते हैं। सायंकाल बींद-बींनणी बनकर बागों में या मोहल्लों में रंग-बिरंगे परिधान, आभूषणों में किशोरियां और नवविवाहिताएं आमोद-प्रमोद के साथ घूमर नृत्य करती हैं, आरतियां गाती हैं, गौर पूजन के गीत गाकर खुश होती हैं। जल, रोली, मौली, काजल, मेहंदी, बिंदी, फूल, पत्ते, दूध, पाठे, हाथों में लेकर वे कामना करती हैं कि हम भाई को लड्डू देंगे, भाई हमें चुनरी देगा, हम गौर को चुनरी धारण करायेंगे, गौर हमें मनमाफिक सौभाग्य देगी।

गणगौर त्यौहार विशेषतः पश्चिम भारत खासतौर से राजस्थान, गुजरात, निमाड़-मालवा में मनाया जाता है। इस पर्व को मनाने के अलग-अलग जगह के अलग-अलग तरीके हैं। कन्याएं कलश को सिर पर रखकर घर से निकलती हैं तथा किसी मनोहर स्थान पर उन कलशों को रखकर इर्द-गिर्द घूमर लेती हैं। जोधपुर में लोटियों का मेला लगता है। वस्त्र और आभूषणों से सजी-धजी, कलापूर्ण लोटियों की मीनार को सिर पर रखे, हजारों की संख्या में गाती हुई नारियों के स्वर से जोधपुर का पूरा बाजार गूंज उठता है।

नाथद्वारा में सात दिन तक लगातार सवारी निकलती है। सवारी में भाग लेने वाले व्यक्तियों की पोशाक भी उस रंग की होती है जिस रंग की गणगौर की पोशाक होती है। सात दिन तक अलग-अलग रंग की पोशाक पहनी जाती हैं। आम जनता के वस्त्र गणगौर के अवसर पर निःशुल्क रंगे जाते हैं। उदयपुर में गणगौर की नाव प्रसिद्ध है। जयपुर में त्रिपोलिया गेट से आज भी राजशाही तरीके से गणगौर की सवारी अतीत की परम्परा को जीवंत करती है। इस प्रकार पूरे राजस्थान में गणगौर उत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया जाता है। नाचना और गाना तो इस त्यौहार का मुख्य अंग है ही। घरों के आंगन में, सालेड़ा आदि नाच की धूम मची रहती है। परदेश गए हुए इस त्यौहार पर घर लौट आते हैं। जो नहीं आते हैं उनकी बड़ी आतुरता से प्रतीक्षा की जाती है। आशा रहती है कि गणगौर की रात को जरूर आयेंगे। झुंझलाहट, आह्लाद और आशा भरी प्रतीक्षा की मीठी पीड़ा को व्यक्त करने का साधन नारी के पास केवल उनके गीत हैं। ये गीत उनकी मानसिक दशा के बोलते चित्र हैं।

वायरल फीवर से राहत पाने के घरेलू उपचार

मौसम के बदलने के समय वायरल फीवर होता है। जब भी मौसम बदलता है तब तापमान के उतार-चढ़ाव के कारण शरीर का इम्यून सिस्टम थोड़ा कमजोर हो जाता है। इस फीवर से बचने और निजात पाने के लिए दवाईयों के अलावा कई घरेलू उपाय हैं, जिससे जल्द राहत मिल जाती है।

सूखे अदरक का मिश्रण

अदरक के अनगिनत स्वास्थ्य संबंधी गुण होते हैं। इसका एन्टी- इन्फ्लैमटोरी और एन्टी-ऑक्सिडेंट गुण बुखार के लक्षणों से राहत दिलाने में सहायता करते हैं। सूखा अदरक, एक छोटा चम्मच हल्दी और एक छोटा चम्मच काली मिर्च का पावडर और थोड़ा-सा चीनी एक कप पानी में डालकर तब तक उबालें जब तक कि सुखकर आधा न हो जाये। दिन में चार बार इस काढ़े को पीने से बुखार से राहत मिलता है।

तुलसी- तुलसी का एन्टी बायोटीक और एन्टी बैक्टिरीअल गुण वायरल फीवर के लक्षणों से राहत दिलाने में बहुत मदद करते हैं। बीस ताजा तुलसी के पत्तों को एक लीटर पानी में एक चम्मच लौंग पावडर डालकर तब तक उबालें जब तक कि वह सुख कर आधा न हो जाये। उसके बाद उसको छानकर हल्का ठंडा करके दो घंटा के अंतराल में पीयें।

मेथी का जल- मेथी में बहुत सारे औषधिय गुण होते हैं जो वायरल फीवर के कष्टों से राहत दिलाने में सहायता करते हैं। एक कप पानी में एक बड़ा चम्मच मेथी के दाने रात भर भिगोकर रखें। अगले दिन सुबह इसको छानकर निश्चित अंतराल में इसका सेवन करें। सुबह मेथी के दाने, नींबू का रस और शहद के मिश्रण का सेवन करने से भी कुछ हद तक बुखार से राहत मिलता है।

धनिया चाय- धनिया में फाइटोनूट्रीअन्ट और विटामिन होता है जो प्रतिरक्षी तंत्र को उन्नत करने में बहुत सहायता करता है। धनिया प्राकृतिक तरीके से वायरल फीवर से लड़ने में मदद करता है। एक गिलास पानी में एक बड़ा चम्मच धनिया के दाने डालें और उसको थोड़ा उबाल लें। उसके बाद कप में छानकर स्वाद के अनुसार थोड़ा-सा दूध और चीनी डालकर पीने से बुखार से राहत मिलता है।

सोआ का काढ़ा- यह शरीर के प्रतिरक्षी तंत्र को तो उन्नत करता ही है साथ ही बुखार को कम करने में भी सहायता करता है। फल्वेनॉयड और मोनोटर्पीन के गुण होने के कारण यह फीवर से राहत दिलाने में मदद कर पाता है। एक कप पानी में एक बड़ा चम्मच सोआ के दाने, एक छोटा चम्मच काली मिर्च और एक छोटा चम्मच कलौंजी डालकर दस मिनट तक उबालें। उबालने के बाद एक कप में छान लें और उसमें एक चुटकी दालचीनी का पावडर डालकर अच्छी तरह से मिला लें। काढ़ा को पीने से बुखार से राहत मिलेगी।

राइस स्टार्च- उपचार का यह तरीका बहुत पुराना है। यह शरीर से विषाक्त पदार्थ को निकालने में बहुत मदद करता है। जिससे प्रतिरक्षी तंत्र को वायरस से लड़ने में शक्ति मिलती है। राइस स्टार्च पौष्टिकता से भरपूर होता है इसलिए इसके सेवन से रोगी को शक्ति मिलती है।

फिटनेस या वेट लॉस

सेहत और लुक्स दोनों को लेकर दुनिया में जागरूकता दिन ब दिन बढ़ रही है। ऐसे में वजन बढ़ने की समस्या को लेकर चिंतित होना लाजिमी है। वजन के चलते आप एक दिन भी अपनी मॉर्निंग वॉक या जिम क्लास को मिस नहीं करना चाहते। लेकिन क्या सिर्फ वजन घटाना काफी है? बढ़ते हुए वजन को कम करने में जुटा हर इंसान रोज एक बात जरूर सोचता है कि कैसे एक्सट्रा वजन कम किया जाए। हो सकता है आपने वजन कम कर लिया हो और स्लिम बॉडी भी हासिल कर ली हो, लेकिन क्या आप चुस्त-तंदुरुस्त भी हैं? वजन घटाने के साथ-साथ फिटनेस होना भी बेहद जरूरी है। सिर्फ स्लिम होने का मतलब फिट होना नहीं होता। फिटनेस का मतलब है पूरी तरह से अच्छी सेहत और ये सिर्फ अच्छे खानपान और वर्जिश से ही हासिल की जा सकती है। ये जानना बेहद जरूरी है कि फिटनेस का मतलब वजन घटाना होता है, लेकिन सिर्फ वजन घटाने का मतलब फिट होना नहीं होता। अब अस्वस्थ तरीके से भी वजन घटा सकते हैं। फिटनेस के लिये अच्छा खाना, अच्छा आराम, अच्छी एक्सरसाइज सबकुछ बेहद जरूरी है। वजन घटाने के चक्कर में अक्सर आपका पाचन तंत्र बिगड़ जाता है। डाइट में हुए परिवर्तन से बिगड़े पाचन तंत्र को एक्सरसाइज के जरिये ठीक किया जा सकता है। इसके लिये ठीक से सांस लेना, चलना और दूसरी शारीरिक गतिविधियों की मदद भी ली जा सकती है। फिटनेस आपकी स्किन को भी हेल्दी बनाती है। जबकि सिर्फ वजन घटाने से आपका श्वसन तंत्र प्रभावित हो सकता है। फिट रहने से आपका हृदय में स्मूद ब्लड और ऑक्सीजन सर्कुलेशन, स्वस्थ फेफड़े, कॉर्डियोवेस्कुलर सिस्टम भी सुधरता है। शारीरिक फिटनेस का मतलब सिर्फ शरीर की मजबूती नहीं बल्कि मानसिक मजबूती से भी है। सभी शारीरिक गतिविधियां आपको मानसिक तौर पर भी मजबूत बनाती है। वजन घटाने की जल्दी आपको मानसिक दबाव का शिकार बना सकती है। एक्सरसाइज करने से आपके मसल्स में सुधार होगा और आपकी पूरी पर्सनैलिटी निखरेगी। तो खुश रहने के लिये अब सिर्फ वजन मत घटाइये बल्कि फिटनेस पर ध्यान दीजिये।

बच्चों के खाने को इंट्रेस्टिंग बनाना है जरूरी

हेल्दी फूड का नाम सुनकर बच्चे अकसर मुंह बनाकर पीछे हट जाते हैं। उन्हें खाना खिलाना मां के लिए एक बड़ी चुनौती की तरह होता है। हेल्दी खाना वह खाते नहीं और जंक फूड उनकी सेहत के लिए ठीक नहीं। ऐसे में पेरेंट्स को चाहिए खाने को एक इंट्रेस्टिंग स्टाइल में बच्चों के सामने पेश करें। कुछ खास बातों को जान लें और बच्चों को खिलाएं उनके हेल्थ के लिए जरूरी खाना।

कार्टून कैरेक्टर्स का उदाहरण दें

अगर बच्चे कार्टून पसंद करते हैं तो उनके फेवरेट कैरेक्टर के बारे में खाते वक्त जान के बताएं कि वह कार्टून कैरेक्टर भी यही खाना खाता है। बच्चे अगर खाने से दूर भागते हैं तो वक्त-वक्त पर उन्हें खाने और कार्टून कैरेक्टर के जुड़ाव के बारेमें बताते रहें।

संजीवनी टुडे

रंगों का रखें ख्याल

बच्चों को रंग बहुत पसंद होते हैं, खासतौर से ब्राइट शेड्स। इसलिए कोशिश करें कि उन्हें रंगों सेभरा खाना दें। यानी खानेमें वह फल-सब्जी दें जिनका रंग ब्राइट हो। जैसे ऑरेंज, टमाटर, कैपसिकम, गाजर आदि। इस तरह के रंगों की सब्जी और फल उनकी प्लेट पर सजाएं। अगर खाने की प्लेट रंगीन दिखेगी, वह जरूर चखेंगे। ऐसे ही टिफिन भी हमेशा अलग- अलग रंगों की सब्जी से सजा होना जरूरी है।

Other tricks: डिफरेंट शेप में परोसें, नाम बदल दें, फूड सिलेक्शन में रखें साथ, कार्टून कैरेक्टर्स का उदाहरण दें।

डिफरेंट शेप में परोसें

बच्चों के खाने को हमेशा डिफरेंट शेप में परोसना चाहिए। क्योंकि वे शक्ल देखकर खाना खाते हैं। इसलिए अपने पास वेजिटबल और फ्रूट कटर जरूर रखें। इस कटर से आप खाने को डिफरेंट शेप आसानी से दे सकती हैं। जैसे रोटी को त्रिकोण बना दिया और ब्रेड स्लाइस को स्टार। ऐसे ही ग्रेवी वाली सब्जियों को प्लेट में डालते वक्त उनसे कोई शेप बना लें, जैसे सूर्य, चांद आदि। इस तरह की प्रेजेंटेशन देकखर बच्चे आसानी से खाना खा सकते हैं।

नाम बदल दें

बच्चों के सामने सब्जियों के नाम अलग लें। जैसेमटर को ग्रीन मार्बल्स कहें, ब्रॉकली को बेबी ट्री। ऐसा करने से बच्चों के दिमाग में उन सब्जियों की अच्छी छवि बनेगी। जिससे उन सब्जियों को खिलाना आसान हो जाएगा। उनसे बात करते वक्त आप खुद से कुछ अलग नाम फल-सब्जी को दे सकती हैं।

फूड सिलेक्शन में रखें साथ

कभी खाना पकाते वक्त तो कभी फल-सब्जी खरीदते वक्त उन्हें साथ रखें। बच्चों को इन सभी चीजों में बड़ी दिलचस्पी होती है, तो उनकी इस दिलचस्पी को आप इस्तेमाल करें। बच्चे अपने सामने कुछ होते देखते हैं तो उसका हिस्सा जरूर बनना चाहते हैं। उनके सामने खाना खेल के तरीके से बनाएंगी तो वह खाना जरूर चखेंगे।

सूर्यास्त के आसपास भोजन करने के हैं फायदे

सेहत के दृष्टिकोण से रात का भोजन जल्दी कर लेने के कई फायदे हैं। हालांकि, आजकल की व्यस्त जिंदगी में लोग रात का भोजन देर से करते हैं, जिसका सेहत पर दुष्प्रभाव पड़ता है। आहार विशेषज्ञों के अनुसार, रात का खाना जल्दी खाना चाहिए या सोने के दो घंटे पूर्व खाएं। हमेशा हल्का व सात्विक भोजन लेना चाहिए। कोशिश यह करनी चाहिए कि सूर्यास्त के आसपास हमें रात का भोजन ग्रहण कर लेना चाहिए। बताया जाता है कि सूर्यास्त के साथ शरीर की फैट जलाने की शक्ति गायब हो जाती है। इसलिए अक्सर बड़े बुजुर्ग भी कहते हैं कि सुबह का नाश्ता जमकर, दोपहर का भोजन उससे कम व रात का भोजन बिलकुल कम लें। आयुर्वेद के अनुसार, प्रकृति और सूर्य की रोशनी से हमारे भोजन चक्र का गहरा संबंध है। यदि रात का भोजन जल्दी ग्रहण कर लिया जाए तो कई बीमारियों से बचा जा सकता है।

मोटापे से बचाव

डिनर (रात का भोजन) अक्सर दिनभर का अंतिम भोजन होता है। दिन ढलते ही शरीर की प्रक्रिया और मेटाबोलिज्म धीमा हो जाता है। यदि आप देर से खाते हैं, तो वह भोजन ऊर्जा में पूरी तरह तब्दील नहीं होता है। देर से किया भोजन फैट को बढ़ाता है, जिससे वजन बढ़ने लगता है।

गैस्ट्रोइन्टेस्टाइनल समस्या में कमी

जो व्यक्ति देर से भोजन करते हैं, उनमें पाचनतंत्र की समस्या जैसे एसिडिटी, छाती में जलन आदि उत्पन्न होते हैं। जब आप देर से सोने जाते हैं तो पेट का अम्ल बढ़ता है और यह समस्या को बढ़ाता है। जल्दी भोजन कर लेने से पाचन तंत्र दुरुस्त रहता है।

बेहतर नींद

देर से भोजन के चलते खराब पाचन की क्रिया होती है, जिसका सीधा असर नींद पर पड़ता है।

शरीर के तंत्र में नवऊर्जा

रात का भोजन समय पर कर लेने से ब्रेन और दूसरे अंगों को फिर से स्फूर्तिदायक होने में मदद मिलती है। शरीर का सूर्योदय और सूर्यास्त से सीधा संबंध होता है। जब आप अपने शरीर को इसके अनुकूल काम करने देते हैं

नसों की कमजोरी से दिल के रोगों का खतरा

नसों की कमजोरी (इरेक्टाइल डिस्फंक्शन) दुनिया के 10 करोड़ से ज्यादा पुरुषों में पाई जाती है। इनमें से 50 प्रतिशत की उम्र 40 से 70 साल के बीच है। इस रोग से सबसे ज्यादा पीड़ित विकासशील देशों में से होने का अनुमान है। इस रोग के कारण हैं- बढ़ता तनाव, अस्वस्थ जीवनशैली और दिल के रोग। यहां के एडवांस फर्टीलिटी एंड गायनिकोलॉजिकल सेंटर की डायरेक्टर व आईवीएफ एंड इनफर्टिलिटी स्पेशलिस्ट डॉ. काबेरी बनर्जी ने बताया कि इरेक्टाइल डिस्फंक्शन और दिल के रोगों में अंतर-संबंध पाया गया है। दोनों एक साथ हो सकते हैं और दोनों के ही अपने-अपने खतरे हैं। दोनों के ही पैथोलॉजिकल आधार एक जैसे हैं, क्योंकि दोनों मामलों में तंतुओं की कार्यप्रणाली पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। उन्होंने कहा कि यह जानना बेहद अहम है कि जब नसों की कमजोरी 60 साल से कम उम्र के पुरुषों में होती है तो यह भविष्य में होने वाले दिल के रोगों के बढ़े हुए खतरे का संकेत भी होती है, जबकि इससे ज्यादा उम्र के लोगों के लिए यह समस्या किसी बड़े खतरे के संकेत वाली नहीं होती। डॉ. काबेरी का कहना है कि दिल के रोग जैसे कि रक्त धमनियों का सख्त होना, हाइपरटेंशन और हाई कॉलेस्टरॉल जैसे 70 प्रतिशत शारीरिक कारण नसों की कमजोरी की वजह हो सकते हैं। इन समस्याओं की वजह से दिल, दिमाग और लिंग की ओर रक्त के बहाव में बाधा पैदा हो जाती है। 60 साल की उम्र से ज्यादा के पुरुषों में नसों की कमजोरी की 50 से 60 प्रतिशत वजह केवल रक्त धमनियों का सख्त होना होता है। उन्होंने कहा कि कई शोधों में यह बात सामने आई है कि नसों की कमजोरी रक्त धमनियों की बीमारी का संकेत होती है, जिससे दिल के प्रतिकूल प्रभाव पड़ने के मामले और मृत्यु होने की संभावना बढ़ जाती है। हम नसों की कमजोरी वाले मरीज की कलर डोपलर अल्ट्रासाउंड के साथ लिंग की ओर रक्त बहाव की जांच करते हैं, जिन्हें दिल के रोगों का खतरा होता है। डॉ. काबेरी ने कहा कि इस बारे में भी जानकारी होनी चाहिए कि ऐसी हालत में यौन संबंध बनाने के दौरान या तुरंत बाद दिल का दौरा पड़ने की हल्की सी आशंका हो सकती है। दिल के रोग से पीड़ित मरीज के यौन संबंध बनाने के दौरान मायोकार्डियल एस्केमिया के खतरे की जांच के लिए एक्सरसाइज टेस्ट की सलाह दी जाती है। लोगों को नसों की कमजोरी और उससे होने वाले दिल के रोग से बचने के लिए जीवनशैली में आवश्यक बदलाव करने की भी सलाह दी जाती है। मैसाचुसेट्स मेल एजिंग स्टडी के अनुसार, दिल के रोग से पीड़ितों में नसों की कमजोरी की आशंका 39 प्रतिशत तक होती और तंबाकू का सेवन करने वालों में इसकी आशंका डेढ़ से दोगुना तक हो जाती है। इसलिए बांझपन के विशेषज्ञों के लिए यह बात जाननी अहम है कि दिल के रोग और पुरुषों में नसों की कमजोरी ऐसी आम बीमारी है जो एक साथ होती है और नसों की कमजोरी पुरुषों में दिल के रोगों का संकेत हो सकती है। बकौल डॉ. काबेरी, अन्य बीमारियां जिनका संबंध नसों की कमजोरी से होता है, उनमें डॉयबिटीज, किडनी की बीमारी, न्यूरोलॉजिकल बीमारी और प्रोस्टेट कैंसर शामिल हैं। डायबिटीज जीवनशैली से जुड़ी ऐसी बीमारी है, जिससे नसें और रक्त धमनियां क्षतिग्रस्त हो सकती हैं और पुरुष के यौन अंग में तनाव आने में रुकावट बन सकती है।



मंकी मैन की रिलीज डेट पर लटकी तलवार

मुंबई। देव पटेल की मच अवेटेट फिल्म 'मंकी मैन' रिलीज को पूरी तरह से तैयार है। अमेरिका और अन्य प्रमुख देशों में यह फिल्म 5 अप्रैल को रिलीज होगी, जबकि भारत में इसे 19 अप्रैल को रिलीज होना था। लेकिन अब भारतीय ऑडियंस को फिल्म देखने के लिए और लंबा इंतजार करना पड़ेगा। यूनिवर्सल पिक्चर्स इंडिया के लेटेस्ट सोशल मीडिया पोस्ट में 'मंकी मैन' की रिलीज डेट को बदल दिया गया है और लिखा है कि फिल्म जल्द ही रिलीज होगी, लिखा हुआ है। इसके बाद से अटकलें लगाई जा रही हैं कि फिल्म का 19 अप्रैल को भारत में रिलीज नहीं हो पाएगी।

लाइफ Style

कृति

विद्या संग काम करने की चाह

अभिनेत्री कृति सेनन लगभग दो महीने के अंतराल में बैक-टू-बैक रिलीज के साथ आगे बढ़ रही हैं। क्रू में करीना कपूर और तब्बू के साथ काम करने के बाद, कृति ने अब बहुमुखी विद्या बालन के साथ काम करने की इच्छा व्यक्त की है। मीडिया से बातचीत के दौरान कृति ने कहा, मुझे विद्या बालन के साथ काम करना अच्छा लगेगा। मुझे लगता है कि वह ऐसी शख्स हैं, जिनकी मैं वास्तव में प्रशंसा करती हूं, उनके व्यक्तित्व और अभिनेता के लिए। इसलिए उम्मीद है कि कोई तो स्क्रिप्ट लिखेगा।

मुंबई। कृति ने काजोल संग स्क्रीन शेयर पर कहा, दिलवाले में हमारे बहुत कम दृश्य थे। इसलिए मैंने सोचा कि यह एक उचित फिल्म थी, जिसमें मैंने उनके साथ काम किया। दो पत्ती में हमारे बहुत इंटेंस सीन हैं। मुझे उनके साथ काम करके बहुत मजा आया और मुझे लगता है कि वह हमारे अब तक के सबसे बेहतरीन अभिनेत्रियों में से एक है। मुझे उनके साथ काम करना और भी ज्यादा पसंद है क्योंकि वह हमेशा सीन के लिए कुछ न कुछ लेकर आती हैं। वह मुझसे यह भी कहती थी मुझे लगता है कि तुम्हें यहीं ऐसा करना चाहिए और शायद अगर आप इस तरह व्यवहार करते हैं, तो यह बेहतर हो सकता है। वहीं कृति ने रविवार को अपने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें अभिनेत्री 'क्रू' पर दर्शकों का रिएक्शन जानने थिएटर पहुंचती है और उनसे खूब सारी बातें भी करती नजर आ रही हैं। इतना ही नहीं इस दौरान कृति को दर्शकों के बीच एक पायलेट भी मिलते हैं, जिससे अभिनेत्री मस्ती-मजाक में मांफी भी मांगती नजर आ रही हैं। इस वीडियो के कैप्शन में लिखा- वे हंसे, मैं मुस्कुराया! यह प्यार मेरे पूरे क्रू के लिए है!! देवियों!! उड़ान भरी हुई है और यह प्यार और हंसी से भरी है।

हॉलीवुड मसाला

अब ओटीटी पर धूम मचाएगी मैडम वेब

मुंबई। मार्वल की फिल्म मैडम वेब ने सिनेमाघरों के बाद ओटीटी स्पेस में भी कदम रख दिया है। प्राइम वीडियो ने जानकारी दी कि फिल्म प्लेटफॉर्म पर आ गई है, लेकिन ग्राहकों के लिए अभी फ्री नहीं है। मैडम वेब को प्राइम स्टोर में जोड़ा गया है, जिसका मतलब है कि ग्राहकों को इसे देखने के लिए पैसे खर्च करने होंगे। फिल्म में फिफ्टी शेड्स ऑफ ग्रे फेम डकोटा जॉनसन मुख्य भूमिका में हैं। यह फिल्म प्राइम वीडियो स्टोर पर 13 भाषाओं में उपलब्ध है, जबकि इसे 14 भाषाओं में सबटाइटल के साथ देखा जा सकता है।



मैदान का वीडियो जारी अजय का अनोखा अंदाज

मुंबई। अजय देवगन की अगली मूवी 'मैदान' का फैंस को बेसब्री से इंतजार है, जो कुछ ही दिनों में रिलीज होने के लिए तैयार है। मैदान एक स्पोर्ट्स ड्रामा फिल्म है, जिसमें अभिनेता सैयद अब्दुल रहीम की भूमिका निभाते नजर आएंगे। अब हाल ही में अजय ने फिल्म की रिलीज से पहले अपनी भूमिका की एक झलक दिखाते हुए एक वीडियो शेयर किया है। अभिनेता अजय देवगन ने अपने सोशल मीडिया हैंडल इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया है। इस वीडियो में उनकी एंट्री दिखाई गई है। साथ ही वह अपने खिलाड़ियों से बात करते भी नजर आ रहे हैं। अभिनेता कहते हुए सुनाई देते हैं कि सोच एक, समझ एक, दिल एक, दिमाग एक, इसलिए आज मैदान में उतरना 11, लेकिन दिखना सिर्फ एक। मैदान 10 अप्रैल को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है।

ब्रेकअप के बाद सुसाइड करना चाहती थीं रवीना?

मुंबई। बॉलीवुड एक्ट्रेस रवीना टंडन अक्सर बहुत ही बेबाकी से अपने राय रखने के लिए जानी जाती हैं। वो अक्सर अपने पर्सनल लाइफ से जुड़े मुद्दों पर खुलकर बात करती नजर आती हैं। हाल ही में एक इंटरव्यू में अक्षय कुमार से ब्रेकअप के बाद सुसाइड की खबरों को लेकर जवाब देती नजर आई हैं। रवीना से जब इंटरव्यू में सुसाइड करने के रूमर्स से जुड़ा सवाल पूछा गया तो उन्होंने कहा कि एक मैगजीन ने स्टोरी कर दी थी, जिसमें कहा गया था कि सगाई टूटने के बाद उन्होंने सुसाइड करने की कोशिश की थी। रवीना ने इस स्टोरी को क्लियर करते हुए बताया कि ऐसा कुछ नहीं था, वो अस्पताल में थीं, क्योंकि वो बीमार थीं। असलियत में वो मेनिनजाइटिस से पीड़ित थीं। एक्ट्रेस ने आगे कहा कि इस बात को साबित करने के लिए उनके पास अस्पताल के सभी रिपोर्ट्स हैं। वो इतनी कमजोर नहीं कि जीवन की एक सिचुएशन से परेशान होकर आत्महत्या करने की सोचें।

विजय ने किया फ्यूचर प्लांस का खुलासा

मुंबई। पॉपुलर साउथ एक्टर विजय देवरकोंडा और रश्मिका मंदाना अक्सर अपने डेटिंग रूमर्स को लेकर चर्चा में रहते हैं। ऐसे में अक्सर उनसे सवाल किया जाता है कि आखिर दोनों कब शादी कर रहे हैं। आखिरकार एक्टर ने अपने फ्यूचर प्लांस का खुलासा किया है। विजय देवरकोंडा इन दिनों मृणाल ठाकुर के साथ अपनी अपकमिंग फिल्म फैमिली स्टार के प्रमोशन को लेकर व्यस्त हैं। फिल्म प्रमोशन के इवेंट में जब एक्टर से उनके शादी करने के प्लान्स के बारे में पूछा तो एक्टर ने कहा कि वो जल्द शादी कर के पिता बनना चाहते हैं। विजय ने सिर्फ अपनी ख्वाहिश के बारे में ही नहीं बताया, उन्होंने ये भी कहा कि वो लव मैरिज ही करेंगे। ये कहकर देवरकोंडा ने अपने और रश्मिका के रिलेशनशिप रूमर्स पर मोहर लगाई है। एक्टर ने इतना तक कह दिया कि वो अपनी गर्लफ्रेंड से तभी शादी करेंगे, जब उनके माता-पिता इस रिश्ते के लिए तैयार हो जाएंगे।

आलिया ने वंचित बच्चों के लिए जुटाया फंड

मुंबई । एक्ट्रेस आलिया भट्ट ने लंदन में चल रहे चैरिटी इवेंट होप गाला को होस्ट किया। उन्होंने इस इवेंट में भारत में वंचित बच्चों के लिए काम करने वाले सलाम बॉम्बे फाउंडेशन की मदद करने के लिए फंड जुटाया। आलिया ने कहा, मुझे इन बच्चों की कहानियों को नया आकार देने में मदद करने में एक छोटी सी भूमिका निभाकर खुशी हुई है। आज हमारे प्रयासों की शुरुआत है और लोगों के समर्थन से मुझे विश्वास है कि हम आने वाली पीढ़ियों को सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण प्रगति करेंगे। आलिया ने कहा, सलाम बॉम्बे फाउंडेशन और मंदारिन ओरिएंटल होटल ग्रुप के सहयोग से चैरिटी इवेंट को होस्ट करना मेरे लिए खास एक्सपीरियंस रहा है। मैं लंबे समय से भारत की मलिन बस्तियों में युवाओं के उत्थान, आशा और अवसर प्रदान करने के लिए पद्मिनी सेखसरिया के अटूट समर्पण की प्रशंसा करती रही हूं।

पांच भाषाओं में प्रदर्शित होगी रामचरण की गेम चेंजर

मुंबई। आरआरआर के बाद रामचरण की अगली फिल्म गेम चेंजर है, जिसे निर्देशक शंकर ने निर्देशित किया है। रामचरण की 'गेम चेंजर' बहुप्रतीक्षित फिल्मों में से एक है। फिल्म की शूटिंग पिछले तीन साल से हो रही है और प्रशंसक तंग आ चुके हैं, क्योंकि उन्हें अभी तक रिलीज डेट का पता नहीं चल पाया है। फिल्म के प्रोड्यूसर दिल राजू का कहना है कि फिल्म की रिलीज डेट लगभग लॉक हो चुकी है। हाल ही में एक प्रेस मीट में बात करते हुए दिल राजू ने पुष्टि की कि गेम चेंजर पांच भाषाओं में रिलीज होगी। फिल्म का निर्देशन एस. शंकर कर रहे हैं।

प्रियंका और परिणीति के रिश्ते में आई खटास?

मुंबई। प्रियंका चोपड़ा अपनी बेटी मालती और पति निक जोनस के साथ इंडिया आई थीं। भले अब एक्ट्रेस वापस अपने ससुराल चली गई हैं, लेकिन उनके इस दौरे के बाद से परिणीति चोपड़ा संग उनके रिश्ते में खटास की खबरों को हवा मिल गई है। ना तो प्रियंका अपनी बहन परिणीति की शादी में शामिल हुई थीं, ना ही वो अब शादी के बाद उनसे मिलीं। जब एक्ट्रेस ने इस बार अपना ज्यादा से ज्यादा वक्त अपने परिवार के साथ बिताया। मगर फिर भी दोनों बहनों ने भारत में होने बावजूद एक-दूसरे से मिलने की कोशिश नहीं की। ऐसे में नेटिजन्स के मन में यह सवाल खड़े हो रहे हैं।



आदुजीविथम-द गोट लाइफ का कलेक्शन 50 करोड़ के पार

मुंबई। साउथ स्टार पृथ्वीराज सुकुमारन की फिल्म 'आदुजीविथम-द गोट लाइफ' बॉक्स ऑफिस पर जमकर कहर बरपा रही है। देश ही नहीं बल्कि विदेशों में भी मलयालम भाषा में बनी इस फिल्म का डंका बज रहा है। तीन दिनों में 'आदुजीविथम-द गोट लाइफ' ने देशभर में 20 करोड़ के आंकड़े को पार कर लिया है। पृथ्वीराज सुकुमारन ने 'आदुजीविथम-द गोट लाइफ' की वर्ल्डवाइड कलेक्शन की जानकारी दी है, जिसके मुताबिक, फिल्म ने तीन दिनों में दुनियाभर में 50 करोड़ से ज्यादा की कमाई कर ली है। रिपोर्ट के मुताबिक आदुजीविथम-द गोट लाइफ ने तीन दिन में हिंदी सहित सभी भाषाओं में 7.75 करोड़ की कमाई की है।

बच्चे की मौत का रहा गम, अमिताभ ने जिसे माना गॉडफादर

ऐसा था जलवा, हीरो से ज्यादा फीस लेते थे महमूद

मुंबई। कॉमेडियन का नाम आता है तो जेहन में महमूद का नाम सबसे पहले आता है। उनकी एक्टिंग का कोई जवाब नहीं था, हर कोई उनकी बेमिसाल अदाकारी का दीवाना था। एक कॉमेडियन का किरदार निभाने वाले एक्टर के नाम से ही फिल्में हिट हो जाया करती थीं। यही वो वजह थी, जिसकी वजह से वो हीरो से भी ज्यादा फीस वसूलते थे। कहा जाता है कि सदी के महानायक अमिताभ बच्चन उन्हें अपना गॉडफादर मानते थे, क्योंकि उन्होंने अभिनेता की उनके करियर में काफी मदद की थी।

पोलियो ग्रस्त बेटे का था गम

कम ही लोगों को पता होगा कि महमूद के 8 बच्चों में से एक को पोलियो था। फिल्म कुंवारा बाप में अभिनेता ने एक गरीब रिक्शेवाले का किरदार अदा किया था, जिसके बेटे को पोलियो होता है। इसमें उनके बेटे का किरदार उनके असली बेटे ने निभाया था। अपने बेटे के इलाज के लिए एक पिता सब कुछ करता है लेकिन अंत में हार ही हाथ लगती है और वो अपना बेटा खो देता है। ये फिल्म देखने वालों की आंखों में आंसू आ गए थे, और मूवी ब्लॉकबस्टर हिट साबित हुई, जिसने कमाई के सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए।

कॉमेडियन, जो देता था सुपरस्टार्स को टक्कर

महमूद मूवी में है या नहीं। उनके नाम से ही मूवी हिट हो जाती थी। फिल्मों के पोस्टर में अभिनेता के होने से उसकी वैल्यू और भी ज्यादा बढ़ जाती थी। अभिनेता हीरो से ज्यादा फीस वसूलते थे। रिपोर्ट्स के अनुसार, फिल्म 'किस्मत' के बाद महमूद ने एक्टिंग छोड़ दी थी। अपने परिवार की आर्थिक तंगी को देखते हुए एक्टर ने कई छोटे-मोटे काम करने शुरू कर दिए। दो वक्त की रोटी खाने के लिए उन्होंने निर्देशक राजकुमार संतोषी के पिता पीएल संतोषी की गाड़ी चलाई और एक ड्राइवर बन गए। यही नहीं घर चलाने के लिए उन्होंने अंडे भी बेचे और टैक्सी भी चलाई।

40 साल के करियर में की 300 से अधिक फिल्में

महमूद का पूरा नाम महमूद अली था, जिनका जन्म सितंबर 1932 में हुआ था। एक्टर ने मीना कुमारी की छोटी बहन से शादी की थी, हालांकि उन्होंने दो शादी की थी, दूसरी बीवी का नाम ट्रेसी अली था। अभिनेता के टोटल 8 बच्चे थे। अपने 40 साल के फिल्मी करियर में उन्होंने 300 से भी ज्यादा फिल्मों में काम किया। अपने फिल्मी करियर की शुरुआत उन्होंने साल 1943 में आई फिल्म बॉम्बे टॉकीज से की थी, जिसमें वो बच्चे ही थे। भारत के राष्ट्रीय हास्य अभिनेता के रूप में इस महान अभिनेता को जाना जाता था।

खबर संक्षेप

ऑडी इंडिया की खुदरा बिक्री 33 प्रतिशत बढ़ी

नई दिल्ली। लक्जरी कार निर्माता ऑडी इंडिया की वित्त वर्ष 2023-24 की खुदरा बिक्री सालाना आधार पर 33 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 7,027 इकाई रही। जर्मनी वाहन विनिर्माता की वित्त वर्ष 2022-23 में बिक्री 5,275 इकाई रही थी। ऑडी इंडिया के प्रमुख बलबीर सिंह ढिल्लों ने एक बयान में कहा, 'हमने विविध खंड के दम पर वित्त वर्ष 2023-24 में 33 प्रतिशत की मजबूत वृद्धि दर्ज की।

पीपलको ने शेयर निवेश ऐप 'लेमन' किया पेश

नई दिल्ली। उद्यमी आशीष सिंघल, गोविंद सोनी और विमल सागर तिवारी की कंपनी पीपलको ने एक शेयर निवेश ऐप 'लेमन' पेश की है। इसका मकसद नए निवेशकों के लिए निर्णय लेने की प्रक्रिया को सरल करना है। सोमवार को जारी एक बयान में कहा गया है कि 'लेमन' शेयर ब्रोकिंग में पीपलको के विस्तार का प्रतीक है। इसका स्वयं का प्रबंधन और संचालन दल के साथ एक अलग व्यापार प्रभाग होगा।

बजाज ऑटो की थोक बिक्री मार्च में 25 प्रतिशत बढ़ी

नई दिल्ली। बजाज ऑटो लिमिटेड की थोक बिक्री में मार्च में सालाना आधार पर 25 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज की गई जिसमें 3,65,904 इकाइयों का निर्यात भी शामिल है। बयान के अनुसार, पुणे स्थित वाहन विनिर्माता ने मार्च 2023 में 2,91,567 दोपहिया और वाणिज्यिक वाहन बेचे थे। मार्च 2024 में कुल घरेलू बिक्री 18 प्रतिशत बढ़कर 2,20,393 इकाई हो गई, जबकि पिछले साल इसी महीने में 1,86,522 इकाइयां बेची गई थीं।

स्पाइसजेट को जल्द एक क्यू400 विमान मिलेगा

नई दिल्ली। घरेलू एयरलाइन स्पाइसजेट ने मंगलवार को कहा कि पट्टे पर विमान मुहैया कराने वाली कंपनी नॉर्डिक एविएशन कैपिटल (एनएसी) के साथ हुए समझौते के तहत उसे जल्द ही एक क्यू400 विमान मिलेगा। एयरलाइन ने एनएसी से पट्टे पर लिए गए क्यू400 विमानों के लिए सभी पिछली देनदारियों का भुगतान कर दिया है। निपटान समझौते के तहत उसके पास पहले से ही पांच क्यू400 विमान मौजूद हैं।

एचएमएसआई की बिक्री में 81 प्रतिशत का इजाफा

नई दिल्ली। होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया की घरेलू बाजार में थोक बिक्री मार्च में सालाना आधार पर 81 प्रतिशत की बढ़ोतरी के साथ 3,58,151 इकाई रही। कंपनी की मार्च, 2023 में थोक बिक्री 1,97,542 इकाई रही थी। एचएमएसआई की ओर से जारी बयान के अनुसार, मार्च, 2023 के 14,460 इकाइयों की तुलना में पिछले महीने निर्यात 95 प्रतिशत बढ़कर 28,304 इकाई हो गया।

भीषण गर्मी में बिजली की अधिकतम मांग 260 गीगावाट पहुंचने के आसार

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

इन गर्मियों में बिजली की अधिकतम मांग 260 गीगावाट पर पहुंच जाने के अनुमान के बीच कोयले से पैदा होने वाली बिजली पर भारत की अत्यधिक निर्भरता बने रहने के आसार हैं। बिजली मंत्रालय के एक अधिकारी ने मंगलवार को कहा कि देश के कुछ हिस्सों में इस साल भीषण गर्मी पड़ने की संभावना है। इस दौरान बिजली की मांग भी काफी बढ़ जाएगी और मंत्रालय इसे ध्यान में रखते हुए अपनी तैयारी कर रहा है। अधिकारी ने कहा कि नवीकरणीय क्षमताओं में वृद्धि जारी होने के बीच चरम मांग को पूरा करने के लिए बिजली संयंत्रों में कोयले का भंडार जमा किया जा रहा है। इसके अलावा सौर ऊर्जा भी मांग को पूरा करने में काफी मदद करेगी।

- इस साल की भीषण गर्मी में बिजली कोयले पर रहेगी निर्भर
- बिजली संयंत्रों में कोयले का भंडार जमा किया जा रहा

जलविद्युत उत्पादन इस साल कम होगा

अधिकारी ने नाम न छापने की शर्त पर कहा कि देशभर के जलाशयों में पानी का स्तर कम होने के कारण इस बार जलविद्युत उत्पादन पिछले साल की तुलना में कम होगा। इस स्थिति में कोयला-आधारित बिजली संयंत्र और सौर ऊर्जा देश में बिजली की उच्च मांग का एक बड़ा हिस्सा पूरा करेंगे।

गैस आधारित बिजली संयंत्र को किया गया सतर्क

मंत्रालय ने सभी बिजली उत्पादक कंपनियों, खासकर कोयले से चलने वाले ताप-विद्युत संयंत्रों को अपनी रखरखाव योजनाओं को टालने का निर्देश दिया है। इसके अलावा गैस-आधारित बिजली संयंत्रों को बिजली पैदा करने के लिए उपलब्ध रहने को कहा गया है।

अधिकारी समीक्षा बैठक कर रहे

अधिकारी ने बताया कि केंद्रीय बिजली मंत्री आरके सिंह और मंत्रालय के शीर्ष अधिकारी पिछले दो सप्ताह से रेलवे और कोयला मंत्रालयों, राज्यों के अधिकारियों और बिजली कंपनियों के साथ देश में अत्यधिक गर्मी की अनुमानित स्थिति पर समीक्षा बैठकें कर रहे हैं।

पिछले साल रिकॉर्ड 243 गीगावाट रही

मौसम विभाग का कहना है कि देश के विभिन्न हिस्सों में सामान्यतः चार से आठ दिन की तुलना में 10-20 दिन तक लू चल सकती है। ऐसी स्थिति में बिजली मंत्रालय का अनुमान है कि देश में अधिकतम मांग 260 गीगावाट तक पहुंच सकती है, जो पिछले साल सितंबर के रिकॉर्ड 243 गीगावाट से अधिक है।

उत्पादन और ऑर्डर अक्टूबर 2020 के बाद सबसे ऊंचे स्तर पर पहुंचे

मैन्यूफैक्चरिंग सेक्टर में जबरदस्त तेजी, 16 साल के उच्चतम स्तर पर पहुंचा पीएमआई

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत का मार्च मैन्युफैक्चरिंग पीएमआई 16 साल के हाई पर पहुंच गया है। उत्पादन और ऑर्डर अक्टूबर 2020 के बाद सबसे ऊंचे स्तर पर पहुंच गए हैं। एक निजी सर्वेक्षण से पता चला है कि मार्च में मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर ने वित्त वर्ष 2024 में शानदार प्रदर्शन किया है। इसके पीछे की वजह यह है कि कंपनियों ने मजबूत प्रोडक्शन और नए ऑर्डर के जवाब में नियुक्तियां बढ़ा दीं। एचएसबीसी इंडिया मैन्युफैक्चरिंग पीएमआई फरवरी में 56.9 से बढ़कर मार्च में 16 साल के उच्चतम 59.1 पर पहुंच गया। जबकि, यह फरवरी 2008 के बाद से सबसे अधिक है।

निवेश में तेज वृद्धि

पिछले महीने में भारत का मैन्युफैक्चरिंग आउटपुट लगातार 33वें महीने बढ़ा है। यह उपभोक्ता, मध्यवर्ती और निवेश सामान क्षेत्रों में वृद्धि तेज होने के कारण हुआ है। फर्म ने मंगलवार को एक कहा, 'अक्टूबर 2020 के बाद से आउटपुट और नए ऑर्डर में सबसे मजबूत वृद्धि के कारण था। यह सर्वेक्षण के इतिहास में इनपुट इन्वेंट्री में दूसरे सबसे तेज उछाल के समानांतर था।'

खास बातें

- पीएमआई फरवरी में 56.9 से बढ़कर मार्च में 59.1 पर पहुंचा
- पीएमआई फरवरी 2008 के बाद से सबसे अधिक है
- कंपनियों ने नए ऑर्डर के कारण नियुक्तियां भी बढ़ा दी

मुद्रास्फीति मार्च में बढ़ी

एचएसबीसी के अर्थशास्त्री लैम ने कहा, 'भारत का मार्च मैन्युफैक्चरिंग पीएमआई 2008 के बाद से अपने उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। मैन्युफैक्चरिंग कंपनियों ने मजबूत उत्पादन और नए ऑर्डर के जवाब में नियुक्तियों का विस्तार किया। हाई डिमांड और क्षमता में थोड़ी सख्ती के कारण, इनपुट लागत मुद्रास्फीति मार्च में बढ़ी।' इन्वेंट्री पर्चेज सर्वे के इतिहास में मई 2023 के बाद 'दूसरी सबसे बड़ी सीमा' तक पहुंच गई। जबकि, रोजगार सृजन की गति हल्की थी, इसके बावजूद यह सितंबर 2023 के बाद से सबसे अच्छी स्थिति है।

कंपनियां कुछ चीजों को लेकर आशावादी

सर्वे से पता चला है कि भारतीय कंपनियां कुछ चीजों को लेकर आशावादी थीं, लेकिन समग्र भावना चार महीने के निचले स्तर पर आ गई। क्योंकि महंगाई की चिंता उनके आत्मविश्वास पर भारी पड़ रही थी। लागत का दबाव पांच महीनों में सबसे अधिक हो गया। कंपनियों ने कपास, लोहा, मशीनरी उपकरण, प्लास्टिक और स्टील के लिए अधिक कीमत चुकाई।

सरकार ने निर्धारित कर लक्ष्य संग्रह हासिल किया

सरकार ने मजबूत आर्थिक गतिविधियों और बेहतर अनुपालन की मदद से वित्त वर्ष 2023-24 में 34.37 लाख करोड़ रुपये से अधिक कर संग्रह के लक्ष्य को काफी हद तक हासिल कर लिया है। एक अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने कहा, 'वित्त वर्ष 2023-24 के लिए कर राजस्व का कुल लक्ष्य हासिल कर लिया गया है।'

संशोधित बजट में अनुमान बढ़ाया गया

सरकार ने अप्रैल 2023- मार्च 2024 के लिए संशोधित बजट अनुमान में प्रत्यक्ष कर संग्रह का लक्ष्य बढ़ाकर 19.45 लाख करोड़ रुपये कर दिया था जबकि अप्रत्यक्ष कर (जीएसटी, सीमा शुल्क और उत्पाद शुल्क) के लिए अनुमान को घटाकर 14.84 लाख करोड़ रुपये कर दिया गया था। इस दौरान 17 मार्च तक शुद्ध प्रत्यक्ष कर संग्रह (कॉरपोरेट कर और व्यक्तिगत आयकर मिलाकर) 18.90 लाख करोड़ रुपये से अधिक हो गया था।

जनवरी-मार्च में रियल एस्टेट में संस्थागत निवेश 40 फीसदी घटा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

कार्यालय, आवासीय और भंडारण परिसंपत्तियों में धन का प्रवाह कम होने के कारण जनवरी-मार्च में रियल एस्टेट में संस्थागत निवेश सालाना आधार पर 40 प्रतिशत घटकर 99.51 करोड़ अमेरिकी डॉलर रहा। कोलियर्स इंडिया की रिपोर्ट के अनुसार, एक साल पहले की अवधि में संस्थागत निवेश 165.83 करोड़ अमेरिकी डॉलर था। रियल एस्टेट सलाहकार ने इस तथ्य को रेखांकित किया कि विदेशी कोषों ने 55 प्रतिशत, जबकि घरेलू निवेशकों ने 45 प्रतिशत का योगदान दिया। आंकड़ों के अनुसार, इस साल जनवरी-मार्च में कार्यालय में संस्थागत निवेश 38 प्रतिशत गिरकर 56.3 करोड़ अमेरिकी डॉलर रहा जो पिछले साल 90.76 करोड़ अमेरिकी डॉलर था। आवासीय क्षेत्र में निवेश में 72 प्रतिशत की गिरावट देखी गई। यह 36.11 करोड़ अमेरिकी डॉलर से घटकर 10.26 करोड़ अमेरिकी डॉलर हो गया। औद्योगिक व भंडारण संपत्तियों में धन का प्रवाह 21.63 करोड़ अमेरिकी डॉलर से 18 प्रतिशत घटकर 17.77 करोड़ अमेरिकी डॉलर हो गया। कोलियर्स इंडिया में कैपिटल मार्केट्स एंड इन्वेस्टमेंट सर्विसेज के प्रबंध निदेशक पीयूष गुप्ता ने कहा कि भारतीय रियल एस्टेट में घरेलू निवेशक तेजी से अपनी पकड़ बना रहे हैं।

- कोलियर्स की रिपोर्ट के अनुसार निवेश घटकर 99.5 करोड़ डॉलर

विदेशी प्रवाह 82 प्रतिशत से अधिक

घरेलू संस्थागत निवेश में, कार्यालय और आवासीय परिसंपत्तियों का हिस्सा करीब 66 प्रतिशत है, जो भारत के वृद्धि रुझानों के साथ तालमेल बैठाने के रणनीतिक दृष्टिकोण को दर्शाता है... कोलियर्स इंडिया के वरिष्ठ निदेशक एवं अनुसंधान प्रमुख ने कहा कि 2024 की पहली तिमाही (जनवरी-मार्च) में भारत के रियल एस्टेट क्षेत्र में विदेशी प्रवाह में एशिया प्रशांत क्षेत्र का योगदान 82 प्रतिशत से अधिक रहा।

मार्च में कंपनियों की भर्तियों में चार प्रतिशत की गिरावट

एजेंसी ▶▶| मुंबई

भारतीय कंपनियों द्वारा मार्च के महीने में की गई भर्तियां पिछले साल की समान अवधि की तुलना में चार प्रतिशत घट गईं। मंगलवार को जारी एक रिपोर्ट में यह आकलन पेश किया गया है। हालांकि, फरवरी की तुलना में मार्च के महीने में भर्ती गतिविधियां तीन प्रतिशत बढ़ गईं। फाउंडइट इनसाइट्स ट्रैकर (फिट) की रिपोर्ट कहती है कि यह आंकड़ा कंपनी जगत की आशावादी कारोबारी धारणा को दर्शाता है। मार्च, 2023 से मार्च, 2024 तक के भर्ती आंकड़ों के विश्लेषण से तैयार रिपोर्ट से पता चलता है कि ग्राहकों को अस्थायी रूप से सेवाएं देने वाले पेशेवरों या फ्रीलांस काम में एक साल पहले की तुलना में 184 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई। रिपोर्ट कहती है कि यह लचीली, परियोजना-आधारित कार्य व्यवस्थाओं के लिए पेशेवरों की बढ़ती प्राथमिकता को दर्शाता है। इस तरह के पेशेवरों में स्वतंत्र वकील, शिक्षक, लेखाकार, प्रबंधन सलाहकार और अन्य व्यवसायों से जुड़े लोग शामिल होते हैं। इसके अलावा कार्यबल में अहम हिस्सेदारी रखने वाले अस्थायी कामगारों का अनुपात इसी अवधि में 21 प्रतिशत बढ़ा है। यह व्यावसायिक जरूरतों को पूरा करने के लिए फ्रीलांसर और स्वतंत्र ठेकेदारों पर कंपनियों की बढ़ती निर्भरता को दिखाता है।

- फाउंडइट इनसाइट्स ट्रैकर ने जारी की रिपोर्ट

गिग अर्थव्यवस्था में आईटी सबसे आगे

रिपोर्ट के मुताबिक, काम के आधार पर भुगतान पाने वाले अस्थायी कामगारों पर आधारित 'गिग अर्थव्यवस्था' में सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) क्षेत्र सबसे आगे है। गिग अर्थव्यवस्था में आईटी सॉफ्टवेयर की हिस्सेदारी लगभग दोगुनी हो गई है, जो मार्च, 2023 में 22 प्रतिशत से बढ़कर मार्च, 2024 में 46 प्रतिशत हो गई है।

दिल्ली, मुंबई गिग नौकरियों के लिए मार्ग बना रहे

फाउंडइट (पूर्व में मॉन्स्टर) के मुख्य कार्यपालक अधिकारी शेखर गरिसा ने कहा, 'अपने ट्रैकर के जरिये हमने देखा है कि दिल्ली, बेंगलुरु और मुंबई के महानगर अब गिग नौकरियों के लिए मार्ग प्रशस्त कर रहे हैं।'

बायजू 500 कर्मियों की करेगा छंटनी

नई दिल्ली। वित्तीय संकट से घिरे शिक्षा-प्रौद्योगिकी मंच बायजू को फिर से पटरी पर लाने की कोशिशों के बीच करीब 500 कर्मचारियों की छंटनी की जा रही है। सूत्रों ने कहा कि यह छंटनी कारोबार पुनर्गठन की कोशिशों का हिस्सा है। इसकी शुरुआत 15-20 दिन पहले हुई थी और इस प्रक्रिया में करीब 500 कर्मचारी प्रभावित हो सकते हैं। नौकरी में कटौती का नवीनतम दौर बिक्री कार्यों, शिक्षकों और कुछ ट्यूशन केंद्रों को प्रभावित करेगा।

जोमैटो को सेवा कर मांग को लेकर नोटिस

नई दिल्ली। ऑनलाइन खाने का ऑर्डर देने और उसे मंगाने की सुविधा देने वाले मंच जोमैटो को 184 करोड़ रुपये से अधिक की सेवा कर मांग और जुर्माने को लेकर नोटिस मिला है। कंपनी इस आदेश के खिलाफ उचित प्राधिकरण के समक्ष अपील दायर करेगी। जोमैटो ने सोमवार देर रात शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि यह आदेश अक्टूबर, 2014 से जून, 2017 के बीच सेवा कर का भुगतान नहीं करने को लेकर दिया गया है।

सेंसेक्स 111 और निफ्टी 8.70 अंक टूटा

शेयर बाजार में तीन दिन से जारी तेजी पर लगा ब्रेक

निजी बैंक व वाहन शेयरों में रही मुनाफा वसूली

एजेंसी ▶▶| मुंबई

स्थानीय शेयर बाजारों में मंगलवार को तीन कारोबारी सत्रों से जारी तेजी पर विराम लगा और बीएसई सेंसेक्स 111 अंक के नुकसान में रहा। अमेरिकी बाजारों में कमजोर रुख तथा विदेशी संस्थागत निवेशकों की पूंजी निकासी के बीच चुनिंदा निजी बैंकों और वाहन शेयरों में मुनाफावसूली से बाजार में गिरावट आई। तीस शेयरों पर आधारित सेंसेक्स 110.64 अंक गिरावट के साथ 73,903.91 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय सेंसेक्स 270.78 अंक तक नीचे चला गया था। निफ्टी भी 8.70 अंक की मामूली गिरावट के साथ 22,453.30 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सोमवार को कारोबार के दौरान अपने अबतक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गये थे। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, 'घरेलू शेयर बाजारों के कल कारोबार के दौरान रिकॉर्ड स्तर पर पहुंचने के साथ बाजार में आज गिरावट आई। अमेरिकी डॉलर में मजबूती, अमेरिकी बांड प्रतिफल में वृद्धि और कच्चे तेल के दाम में अच्छी तेजी जैसे कारणों से निवेशकों की धारणा प्रभावित हुई।' सेंसेक्स के शेयरों में कोटक महिंद्रा बैंक सबसे ज्यादा 1.84 प्रतिशत नीचे आया।

- विदेशी संस्थागत निवेशको ने निकाली पूंजी

अदाणी के शेयर दूसरे दिन भी चढ़े

अदाणी समूह के 10 सूचीबद्ध शेयरों में से नौ मंगलवार को सकारात्मक रुख के साथ बंद हुए। लगातार दूसरे दिन समूह की कंपनियों के शेयरों में बढ़त जारी रही। बीएसई पर अदाणी पावर के शेयर पांच प्रतिशत, अदाणी विल्मर 4.15 प्रतिशत, एसीसी 4.09 प्रतिशत, एनडीटीवी 2.81 प्रतिशत और अंबुजा सीमेंट्स 2.09 प्रतिशत चढ़े।

आदित्य बिड़ला फैशन 12 प्रतिशत चढ़ा

आदित्य बिड़ला फैशन एंड रिटेल लिमिटेड (एबीएफआरएल) का शेयर मंगलवार को करीब 12 प्रतिशत तेजी के साथ बंद हुआ। कंपनी ने सोमवार को अपने मदुरा फैशन एंड लाइफस्टाइल कारोबार को कंपनी से अलग से शेयर में तेजी आई। दिन में कारोबार के दौरान बीएसई पर कंपनी का शेयर 16.86 प्रतिशत की बढ़त के साथ अंत में यह 11.55 प्रतिशत के उछाल के साथ 236.15 रुपये पर बंद हुआ।

विदेशी निवेशकों में भारत को लेकर उम्मीद

भरोसे के कारण पूंजी बाजार में मूल्यांकन अधिकः सेबी प्रमुख

एजेंसी ▶▶| मुंबई

भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड की प्रमुख माधबी पुरी बुच ने मंगलवार को कहा कि भारत के पूंजी बाजार में उच्च मूल्यांकन का कारण विदेशी निवेशकों की देश को लेकर उम्मीद और भरोसा है। उन्होंने कहा कि मूल्य-आय अनुपात 22.2 है जो दुनिया के कई सूचकांकों के औसत से अधिक है। बुच ने उद्योग मंडल भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) के कंपनी संचालन पर आयोजित कार्यक्रम में कहा, 'निश्चित रूप से कुछ लोग कहते हैं कि हमारा बाजार महंगा है लेकिन फिर भी निवेश क्यों आ रहा है? क्योंकि यह उस आशावाद और विश्वास का प्रतिबिंब है जो दुनिया आज भारत में रखती है...।' सेबी प्रमुख ने कुछ सप्ताह पहले छोटे और मझोली कंपनियों के शेयर खंड में उच्च मूल्यांकन पर चिंता जतायी थी। उन्होंने कहा था कि यह एक 'बुलबुले' में तब्दील हो सकता है। बुच ने कहा कि वह मिली जिम्मेदारियों के तहत नियमित रूप से विदेशी निवेशकों से मिलती रहती हैं।

- भारत का मूल्य-आय अनुपात 22.2 दुनिया में अधिक

विदेशों में भारत के प्रति रूचि बढ़ी

कई साल की मजबूत वृद्धि के बाद देश की अर्थव्यवस्था में जो गति आई है, उसके कारण उनमें भारत के प्रति रुचि बढ़ी है। उन्होंने कहा कि उन्हें अर्थव्यवस्था की ताकत का संकेत देने वाले आंकड़ों से प्रोत्साहन मिलता है। ये जीएसटी संग्रह, अग्रिम कर भुगतान, बिजली और ऊर्जा खपत में वृद्धि जैसे आंकड़े हैं।

बाजार पूंजीकरण अब जीडीडी के स्तर पर

बुच ने कहा कि बाजार में रुचि के कारण शेयर खंड में कुल बाजार पूंजीकरण वित्त वर्ष 2023-24 के अंत में 378 लाख करोड़ रुपये से अधिक हो गया है। जबकि एक दशक पहले यह 74 लाख करोड़ रुपये था। उन्होंने कहा कि बाजार पूंजीकरण अब कुल मिलाकर सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के स्तर पर है।

बांड से आठ लाख करोड़ से अधिक जुटाए गए

सेबी प्रमुख ने कहा कि भारतीय संस्थाओं ने वित्त वर्ष 2023-24 में इक्विटी और बांड जारी कर बाजार से कुल 10.5 लाख करोड़ रुपये जुटाये। इसमें बांड के माध्यम से आठ लाख करोड़ रुपये से अधिक जुटाये गये। बुच ने बांड जारी करने के बारे में कहा कि यह अब एक साल में दिये गये कुल बैंक ऋण के 62 प्रतिशत से अधिक तक पहुंच गया है।

वोडाफोन आइडिया राशि जुटाने शेयरधारकों से लेगा मंजूरी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

समस्या में घिरी दूरसंचार कंपनी वोडाफोन आइडिया ने मंगलवार को कहा कि उसने प्रतिभूतियां जारी कर 20,000 करोड़ रुपये तक जुटाने के लिए शेयरधारकों की मंजूरी लेने को लेकर असाधारण आम बैठक आयोजित की। कंपनी ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि मतदान के नतीजे अलग से सूचित किये जाएंगे। वोडाफोन आइडिया (वीआईएल) ने सूचना में कहा, '' कंपनी की एक असाधारण आम बैठक आज यानी मंगलवार, दो अप्रैल, 2024 को दोपहर 3.00 बजे वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग/ अन्य दृश्य श्रव्य माध्यम से आयोजित किये गये...।'' असाधारण आम बैठक (ईजीएम) में सूचीबद्ध एजेंडा '20,000 करोड़ रुपये की कुल राशि तक प्रतिभूतियां जारी करने' से संबंधित था।

सरकार की 33 फीसदी हिस्सेदारी है

कंपनी में सरकार की भी 33 प्रतिशत से अधिक हिस्सेदारी है। वोडाफोन आइडिया पर 2.1 लाख करोड़ रुपये का कर्ज है। कंपनी तिमाही घाटे से उबर नहीं रही है और हर महीने उसके ग्राहक कम हो रहे हैं।

भाजपा सरकार की बताई उपलब्धियां और कांग्रेस को कोसा

मोदी 10 साल से इनकी लगाई हुई आग को बुझा रहा लोकसभा चुनाव भ्रष्टाचार को जड़ से उखाड़ फेंकेगा

कोटपूतली में विजय शंखनाद रैली में पीएम ने कांग्रेस पर किया हमला | रुद्रपुर में बोले- धूप में तपने की आपकी तपस्या को बेकार नहीं जाने दूंगा

एजेंसी ▶▶ कोटपूतली

पीएम नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को राजस्थान के कोटपूतली में विजय शंखनाद रैली को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि यह उत्साह 4 जून का संकेत दे रहा है। राजस्थान के लोग हमेशा देश की मजबूती के लिए खड़े रहे हैं और जयपुर का जलवा तो कुछ दिन पहले पूरी दुनिया देख चुकी है।

पीएम ने कहा कि 2024 के इस चुनाव में देश की सियासत फिर 2 खेमों में बंटी नजर आ रही है। एक तरफ राष्ट्र प्रथम का संकल्प लेकर चलने वाली भाजपा है, तो दूसरी तरफ देश को लूटने के मौके तलाशने वाली कांग्रेस पार्टी है। पीएम मोदी ने कहा कि आज एक ओर देश को परिवार मानने वाली भाजपा है, तो दूसरी ओर अपने परिवार को देश से बड़ा मानने वाली कांग्रेस है। कांग्रेस पर जमकर हमला बोलते हुए पीएम मोदी ने कहा कि आज एक ओर दुनिया में भारत का गौरव बढ़ाने वाली भाजपा है, तो दूसरी ओर विदेश में जाकर भारत को गाली देने वाली कांग्रेस है। ऐसी देशविरोधी, परिवारवादी ताकतों के खिलाफ राजस्थान हमेशा खड़ा रहा है।पीएम मोदी ने कहा कि ये पहला ऐसा चुनाव है, जिसमें कांग्रेस के बड़े नेता खुद के चुनाव जीतने की बात पर मौन हैं। लेकिन, वो देश को धमकी दे रहे हैं कि अगर भाजपा जीती तो देश में आग लग जाएगी। मोदी 10 साल से इनकी लगाई हुई आग को बुझा रहा है।

4 जून- 400 पार

पीएम मोदी नेदावा किया कि 2024 का ये चुनाव कोई सामान्य चुनाव नहीं है। ये चुनाव, विकसित राजस्थान और विकसित भारत के संकल्प का चुनाव है। पूरा राजस्थान कह रहा है 4 जून - 400 पार! उन्होंने कहा कि यह लोकसभा चुनाव भारत को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने के लिए है। भ्रष्टाचार को जड़ से उखाड़ फेंकने के लिए है। आत्मनिर्भर भारत के सपने को पूरा करने के लिए है। किसानों की समृद्धि के संकल्प का चुनाव है और घर-घर नल से जल पहुंचाने का चुनाव है।

कांग्रेस सरकारों ने केवल देश को लूटा

दाल बाटी चूरमा, वोटर हमारा सूरमा

पीएम ने कांग्रेस और इंडी गठबंधन पर जमकर हमला बोला। पीएम मोदी ने चुनावी रैली में कहा कि आज देश की सियासत दो धुरों पर टिकी है। एक तरफ देश को परिवार मानने वाली भाजपा है और दूसरी तरफ अपना परिवार बड़ा मानने वाली कांग्रेस है। पीएम मोदी ने कहा कि एक तरफ देश के विकास के संकल्प को लेकर आगे बढ़ने वाली भाजपा है तो दूसरी तरफ देश को लूटने वाली कांग्रेस है। स्थानीय देवी देवताओं को नमन करने करते हुए कहा कि मोदी मौज करने के लिए नहीं मेहनत करने के लिए पैदा हुआ है। राजस्थान के लोग हमेशा देश की मजबूती के लिए खड़े रहते हैं। उन्होंने कहा 'दाल बाटी चूरमा, वोटर हमारा सूरमा'।

भाजपा देश को आत्मनिर्भर बना रही

पीएम ने कहा कि ये चुनाव भारत को तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने के लिए है। ये चुनाव भ्रष्टाचार को उखाड़ फेंकने के लिए है। ये भारत को आत्मनिर्भर बनाने के लिए है। कांग्रेस और इंडी गठबंधन मात्र अपने स्वार्थ के लिए लड़ रहे हैं। वे परिवारवादी पार्टियां परिवारों को बचाने के लिए लड़ रही हैं। हम कहते हैं भ्रष्टाचार हटाओ, वो कहते हैं भ्रष्टाचार बचाओ। कांग्रेस पर प्रहार करते हुए कहा कि वह देश की हर समस्या की जड़ है। उन्होंने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि मोदी तुम्हारी लगाई आग को बुझा रहा है।

गृहमंत्री शाह का कांग्रेस और इंडि गठबंधन पर तंज | पीएम मोदी कभी छुट्टी नहीं लेते राहुल गर्मियों में जाते रहे विदेश

भाजपा के वरिष्ठ नेता अमित शाह ने कहा कि मोदी नीत राजग और विपक्षी दलों के 'इंडिया' गठबंधन में कोई मुकाबला नहीं है। उन्होंने 'इंडिया' गठबंधन को 'परिवारवादियों' और भ्रष्टाचारियों' का गठबंधन करार दिया और भरोसा जताया कि भाजपा '400 पार' के लक्ष्य को प्राप्त कर लेगी। शाह ने भरोसा जताया कि भाजपा कर्नाटक की सभी 28 लोकसभा सीट पर जीत दर्ज करेगी। विपक्षी गठबंधन भ्रष्टाचार और घोटालों का जमावड़ा है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि कभी छुट्टी नहीं लेने वाले पीएम मोदी का कांग्रेस नेता राहुल गांधी से कोई मुकाबला नहीं, जो गर्मी शुरू होते ही विदेश का दौरा करते हैं। शाह ने कहा कि आगामी लोकसभा चुनावों में एक तरफ मोदी के नेतृत्व में भाजपा और राजग है तथा हम मोदी के नेतृत्व में चुनाव मैदान में हैं जबकि दूसरी तरफ 'परिवारवादियों' और 'भ्रष्टाचारियों' का 'इंडिया' गठबंधन है।

लगभग सभी राज्यों में हो रही मोदी-मोदी की जयकार

शाह ने बेंगलुरु में पार्टी कार्यकर्ताओं और नेताओं को संबोधित करते हुए कहा कि उन्होंने देश भर के लगभग 60 प्रतिशत राज्यों का दौरा किया है और दावा किया कि हर जगह लोग 'मोदी, मोदी' के नारे लगा रहे हैं। पीएम ने इस बार भाजपा के समक्ष '400 पार' का लक्ष्य रखा है। 2014 के लोकसभा चुनाव में कर्नाटक की जनता ने 43 प्रतिशत मत और 17 सीट हमें दी थी। 2019 के चुनाव में यहां की जनता ने 51 प्रतिशत मत के साथ हमें 25 सीट दी। इस बार मेरी लोगों और पार्टी कार्यकर्ताओं से आग्रह है कि वे 60 प्रतिशत मत और सभी 28 सीट पर भाजपा गठबंधन की जीत सुनिश्चित करें।

रुद्रपुर में देसी अंदाज में हाल-चाल जाना

भीड़ से तय नहीं हो रहा यह प्रचार रैली है या विजय रैली

उत्तराखंड के रुद्रपुर में पीएम ने चुनावी जनसभा की। पीएम ने देशी अंदाज में हाल चाल लिया। पीएम ने कहा कि भीड़ को देखकर यह तय नहीं हो पा रहा कि यह प्रचार सभा या विजय रैली।मैदान में बैठे लोगों को धूप लगने पर पीएम मोदी ने कहा कि भीड़ के लिए पंडाल छोटा पड़ गया है।हमारी व्यवस्था में कुछ कमी रही इसके लिए मैं क्षमा मांगता हूं। आपको विश्वास दिलाता हूं कि धूप में तपने की आपकी तपस्या को बेकार नहीं जाने दूंगा। मैं इसे विकास कर करके लौटा दूंगा। हम उत्तराखंड को विकसित राज्य बनाकर रहेंगे। इसके लिए केंद्र की भाजपा सरकार कोई कोर कसर नहीं छोड़ रही है। प10वर्षों में जितना विकास उत्तराखंड का हुआ है उतना आजादी के बाद के 60-65 साल में भी नहीं हुआ। 12 लाख घरों को पानी कनेक्शन दिया। 3 लाख को स्वामित्व योजना का लाभ मिला। 35 लाख लोगों को बैंक खाते खोले गए। छोटे किसानों के खाते में किसान निधि दी।

कांग्रेस की एक और सूची सामने आई

17 उम्मीदवारों में शर्मिला और राजू भी शामिल

कांग्रेस ने लोकसभा चुनाव के लिए अपने उम्मीदवारों की एक और सूची जारी की है। वाईएस शर्मिला रेड्डी आंध्र प्रदेश के कडप्पा से, एमएम पल्लम राजू काकीनाडा से चुनाव लड़ेंगे। मो.जावेद को किशनगंज और तारिक अनवर को कटिहार से चुनावी मैदान में उतारा गया है।

ओडिशा विधानसभा चुनाव

भाजपा ने 112 उम्मीदवारों के नाम घोषित किए

ओडिशा विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा ने उम्मीदवारों की सूची जारी कर दी है। सूची में 112 उम्मीदवारों का ऐलान किया है। राज्य में विधानसभा चुनाव लोकसभा चुनाव के साथ ही होंगे। ओडिशा विधानसभा में 147 सीटें हैं। भाजपा-बीजू जनता दल के बीच गठबंधन की चर्चा थी।

पशुपति ने की नड्डा से मुलाकात

एनडीए के समर्थन की बात दोहराई

राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी के मुखिया पशुपति कुमार पारस ने भाजपा के अध्यक्ष जेपी नड्डा से मुलाकात की। मुलाकात के बाद पारस ने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में एनडीए की तीसरी बार सरकार बनने जा रही है। हमारी रालोजपा के ऊपर पुनः विश्वास व्यक्त करने के लिए हृदयतल से आभारी हूं।

खबर संक्षेप

मोइत्रा के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग का केस दर्ज

नई दिल्ली। पूर्व सांसद और टीएमसी नेता महुआ मोइत्रा की मुश्किलें बढ़ने वाली है। प्रवर्तन निदेशालय ने मनी लॉन्ड्रिंग का केस दर्ज किया है। केंद्रीय जांच एजेंसी ने हाल ही में विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम उल्लंघन मामले में पूछताछ के लिए महुआ को नया समन जारी किया था, जिसे उन्होंने नजरअंदाज कर दिया था। सीबीआई पहले से ही जांच कर रही है।

नवी मुंबई की केमिकल फैक्ट्री में भीषण आग

मुंबई। नवी मुंबई के एमआईडीसी में एक इंडस्ट्रियल केमिकल कंपनी में भीषण आग लग गई। मौके पर दमकल की गाड़ियां मौजूद हैं और आग बुझाने का काम जारी है। किसी के घायल या हताहत होने की सूचना नहीं है। वीडियो में देखा जा सकता है कि पूरी इमारत में आग लग चुकी है। फायरब्रिगेड के अधिकारी आग बुझाने के काम में जुटे हैं। फिलहाल जनहानि की खबर नहीं है।

तिहाड़ में असहज होकर कटी सीएम केजरीवाल की पहली रात

सीमेंट स्लैब पर एक चादर, कंबल व तकिया मिला कभी सोते हुए कभी कुर्सी पर बैठकर समय गुजारा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली के सीएम और आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल की एक अप्रैल की रात तिहाड़ जेल में गुजरी है। तिहाड़ की जेल नंबर-2 में केजरीवाल को रखा गया है। केजरीवाल शाम के साढ़े चार बजे तिहाड़ जेल में पहुंचे थे।अब इसी तिहाड़ जेल में सीएम केजरीवाल को आने वाले 14 दिन रहने होंगे। केजरीवाल की जेल में पहली रात थोड़ी असहज थी।

केजरीवाल ने जेल में पहली रात घर का खाना खाया था। सूत्रों ने तिहाड़ जेल के अधिकारियों के हवाले से ये खबर दी है। कोर्ट के आदेश के मुताबिक सीएम केजरीवाल जब तक तिहाड़ में रहेंगे, उन्हें दोपहर का लंच और रात का खाना ही मिलेगा। वह जेल नंबर 2 के अंदर अकेले रहे और सीमेंट स्लैब पर एक चादर, कंबल और तकिया लेकर सोए। उनकी सुरक्षा के लिए चार सुरक्षाकर्मी तैनात किए गए हैं और वे 24/7 सीसीटीवी निगरानी में हैं। वे कभी सोते तो कभी कुर्सी पर बैठकर समय गुजारते रहे।

» सुरक्षा के लिए चार सुरक्षाकर्मी तैनात किए गए

» उन्होंने पहली रात अपने घर का खाना खाया

शुगर लेवल डाउन और बेचैनी

केजरीवाल 15 अप्रैल तक कि न्यायिक हिरासत में हैं। तिहाड़ जेल में 14गुणा 8 फीट की सेल में अरविंद केजरीवाल की रात काफी बेचैनी के साथ कटी। इस दौरान वह कुछ ही घंटे सो पाए। जेल प्रशासन के अनुसार केजरीवाल सोमवार शाम चार बजे तिहाड़ जेल पहुंचे। सबसे पहले उनका मेडिकल परीक्षण किया गया और फिर उनको सेल में भेज दिया गया। सेल में वह अकेले रह रहे हैं।

डॉक्टरों की सलाह पर दवाई भी खाई

रात में उनका शुगर लेवल 50 के नीचे चला गया था। डॉक्टरों की सलाह पर उनको दवाई दी जा रही है। सोमवार दोपहर को केजरीवाल को चाय दी गई और रात में उन्होंने घर का बना हुआ खाना खाया। इसके जेल का खाना ही खाना होगा। केजरीवाल ने सुबह अपने सेल में ध्यान लगाया और चाय और दो बिस्किट खाए।

सुनीता केजरीवाल एक्शन में

सीएम आवास पर आप विधायकों से की मुलाकात

केजरीवाल के आवास पर आप के विधायकों ने केजरीवाल की पत्नी सुनीता से मुलाकात की। विधायकों ने सुनीता से कहा कि दिल्ली की दो करोड़ जनता केजरीवाल के साथ है। किसी भी कीमत पर सीएम केजरीवाल इस्तीफा न दें। जेल से ही दिल्ली की सरकार चलाएं। सौरभ भारद्वाज और कैलाश गहलोत ने भी सुनीता से मुलाकात की।सुनीता और दिल्ली के सीएम पद को लेकर चल रही अटकलों पर आप नेता और मंत्री सौरभ भारद्वाज ने कहा कि भाजपा सोचती है कि हमें सीएम की सीट उन्हें दे देनी चाहिए। हम उन्हें नहीं देंगे। वे चिंतित हो सकते हैं, लेकिन चीजें इसी तरह से होंगी।

दिल्ली की सियासत में खलबली

आतिशी ने 3 बड़े नेताओं की गिरफ्तारी की आशंका जताई

दिल्ली की सरकार भी वही से चल रही है। इसी बीच आपने आशंका जताई है कि दिल्ली में राष्ट्रपति शासन लगाने की कोशिश की जा सकती है। आतिशी मार्लेना ने मंगलवार सुबह एक प्रेस कांफ्रेंस कर इस बात की आशंका जाहिर की। उन्होंने यह भी कहा कि शराब घोटाले में अब उनके और आम आदमी पार्टी के तीन अन्य बड़े नेताओं को गिरफ्तार करने की कोशिश की जा सकती है। यह केवल आम आदमी पार्टी को चुनाव में जीत हासिल करने से रोकने के लिए किया जा रहा है। इसके पहले सोमवार को जैस्मिन शाह ने भी एक प्रेस कांफ्रेंस कर इसी तरह की आशंका जाहिर की थी।

भाजपा का पलटवार

भ्रष्टाचार किया तो परिणाम भुगतने होंगे

भाजपा नेता मनजिंदर सिंह सिरसा ने कहा है कि आप नेताओं को अपने भ्रष्टाचार के बारे में मालूम है। उन्हें पता है कि उन्होंने भ्रष्टाचार किया है और इस मामले में उनकी गिरफ्तारी भी देर-सबेर होना तय है। इसीलिए वे गिरफ्तारी की आशंका जाहिर कर विक्टिम कार्ड खेलने की कोशिश कर रहे हैं। सिरसा ने कहा आप नेताओं को अपनी गिरफ्तारी के लिए किसी दूसरे को दोषी नहीं ठहराना चाहिए। उन्होंने भ्रष्टाचार किया है, इसलिए उसका परिणाम उन्हें भुगतना पड़ेगा।संविधान और प्रशासन की जानकारी रखने वाला हर व्यक्ति जानता है कि जेल से सरकार चलाना व्यावहारिक संभव नहीं है। एक दिन उन्हें अपने पद से इस्तीफा देना ही पड़ेगा। यही कारण है कि इस तरह की बात कर वे केवल अपना बचाव करना चाहते हैं जो संभव नहीं होगा।

आम चुनाव में चुनाव आयोग ने दिखाई सख्ती

विशेष पर्यवेक्षक करेंगे प्रशासन-सुरक्षा और खर्च की निगरानी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

चुनाव आयोग (ईसी) ने मंगलवार को कई राज्यों के लिए विशेष पर्यवेक्षकों की नियुक्ति की। ये पर्यवेक्षक प्रशासन, सुरक्षा और खर्चे की निगरानी के लिए मकसद से तैनात किए जाएंगे।

आयोग ने कहा कि शानदार ट्रैक रिकॉर्ड वाले इन पूर्व लोक सेवकों को चुनाव प्रक्रिया के दौरान सतर्कता के साथ देखरेख का काम सौंपा गया है। ये पर्यवेक्षक खासकर पैसा, ताकत और फर्जी सूचना से पैदा होने वाली चुनौतियों की निगरानी करेंगे। पश्चिम बंगाल, उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र और बिहार में आबादी सात करोड़ से ज्यादा है। आयोग चुनावी राज्यों में सामान्य व्यय पर्यवेक्षकों के अलावा विशेष पर्यवेक्षकों को तैनात कर रहा है। विशेष पर्यवेक्षक राज्य मुख्यालय में खुद को तैनात करेंगे और जरूरत पड़ने पर उन क्षेत्रों का दौरा करेंगे, जो अधिक संवेदनशील हैं और जहां जरूरी समन्वय की जरूरत है।

पूर्व लोक सेवकों को चुनाव प्रक्रिया के दौरान सतर्कता के साथ देखरेख का काम सौंपा

» समय-समय पर जानकारी भी लेंगे

आयोग ने कहा कि ये विशेष पर्यवेक्षक जहां भी जरूरी हो, संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों, विधानसभा क्षेत्रों या जिलों में तैनात पर्यवेक्षकों से समय-समय पर जानकारी मांग सकते हैं। उन्हें इनपुट हासिल करने और निगरानी गतिविधियों में शामिल विभिन्न एजेंसियों के क्षेत्रीय प्रमुखों और नोडल अधिकारियों के साथ समन्वय करने करने के लिए भी कहा गया है।इनका सीमावर्ती क्षेत्रों पर फोकस होगा और प्रलोभनों के प्रवाह को रोकने की दिशा में काम करेंगे। जनता की शिकायतों के समाधान पर काम करेंगे।

सामान्य विशेष पर्यवेक्षक भी नियुक्त किए

आईएएस के सेवानिवृत्त अधिकारी मंजीत सिंह को बिहार में सामान्य विशेष पर्यवेक्षक तैनात किया है। विवेक दुबे को पुलिस का विशेष पर्यवेक्षक बनाया है। महाराष्ट्र में धर्मेंद्र एस. गंगवार को सामान्य विशेष पर्यवेक्षक बनाया गया है। एनके मिश्रा को पुलिस का विशेष पर्यवेक्षक बनाया गया है। उत्तर प्रदेश में अजय वी नायक को सामान्य विशेष पर्यवेक्षक और पूर्व आईपीएस अधिकारी मनमोहन सिंह को पुलिस का विशेष पर्यवेक्षक बनाया गया है। आंध्र प्रदेश में सामान्य विशेष पर्यवेक्षक राम मोहन मिश्रा को बनाया गया है और पुलिस का विशेष पर्यवेक्षक पूर्व आईपीएस दीपक मिश्रा को बनाया गया है। ओडिशा में योगेंद्र त्रिपाठी को सामान्य विशेष पर्यवेक्षक और सेवानिवृत्त आईपीएस रजनीकांत मिश्रा को पुलिस का विशेष पर्यवेक्षक नियुक्त किया गया है।

आईआईएम संबलपुर का नया कदम

अब नौकरीपेशा लोग कर सकेंगे व्यावसायिक पढ़ाई

नई स्किल को बढ़ावा मिलेगा और संगठनात्मक विकास होगा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

नौकरीपेशा युवाओं के स्किल को बढ़ाने भारत के टॉप संस्थानों में शुमार आईआईएम संबलपुर ने अपने दिल्ली कैंपस में एमबीए फॉर वर्किंग प्रोफेशनल्स (2024-2026) प्रोग्राम में एडमिशन के लिए आवेदन लेना शुरू कर दिया है।

आवेदन की आखिरी तारीख 15 अप्रैल है। 2साल के इस प्रोग्राम को उद्यमशीलता के साथ नई स्किल को बढ़ावा देने और संगठनात्मक विकास को आगे बढ़ाने के लिहाज से डिजाइन किया गया है। कक्षाएं हर वीकेंड पर हाइब्रिड तरीके से आयोजित की जाएगी।

लोगों के हिसाब से तैयार किया सिलेबस

इस प्रोग्राम में एडमिशन लेने वाले युवाओं को बिजनेस मैनेजमेंट के अलग-अलग क्षेत्रों की जानकारी दी जाएगी। इसमें वित्त, मार्केटिंग, रणनीति, मानव संसाधन प्रबंधन और संचालन के बारे में बताया जाता है। एग्जीक्यूटिव एमबीए कोर्स के सिलेबस को भी कामकाजी पेशेवर यानी नौकरी करने वाले लोगों के हिसाब से तैयार किया गया है।

» इस तरह किया जाएगा चयन

इस प्रोग्राम के लिए आवेदन करने वाले आवेदकों के पास स्नातक में कम से कम 50 प्रतिशत अंक होना जरूरी है। इसके अलावा आवेदक के पास कम से कम 3 साल नौकरी करने का अनुभव होना जरूरी है। इस कोर्स के लिए आवेदन करने के बाद आपका इंटरव्यू लिया जाएगा और इसके आधार पर ही चयन किया जाएगा।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक राजेश मीणा द्वारा अम्बर ऑफसेट प्रा. लि., डी एल टॉवर, 3-ए, विद्याआश्रम संस्थानिक क्षेत्र, जेएलएन मार्ग, जयपुर से मुद्रित एवं बी-66, कुसुम विहार, जगतपुरा, मालवीया नगर, जयपुर से प्रकाशित।
सम्पादक-राजेश मीणा, Email : sanjeevnitoday@gmail.com मो: 8094811115, (पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी)